CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 4 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 160 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम: 06°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 2,073 अंक उछला पेज 2



युकी भांबरी एटीपी युगल टॉप -20 में शामिल खेल टाइम्स



इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है 'ओरछा' सम्पादकीय



टैरिफ मामला: अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत पेज 12

## धामी सरकार ने किया उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार जुलाई 2026 से मदरसा बोर्ड खत्म करने जा रही है। नई व्यवस्था में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है।

विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले विधानसभा सत्र में मदरसा बोर्ड खत्म करने की घोषणा करते हुए इस वर्ष जुलाई से सभी अल्पसंख्यक संस्थाओं को उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अंब्रेला के नीचे लाने और उनकी मान्यता उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से किए जाने की बात कही -**शेष पृष्ठ दो पर**



हमारी सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के गठन का फैसला लिया है, हमारी सरकार ने मदरसा बोर्ड खत्म करने का निर्णय लिया था। अब ये प्राधिकरण तय करेगा कि अल्पसंख्यक बच्चों को कैसी शिक्षा दी जाएगी। ये प्राधिकरण सिलेबस तय करेगा। सभी अल्पसंख्यक संस्थाएं उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेंगी...

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

■ **मदरसा बोर्ड खत्म होने के बाद प्राधिकरण तय करेगा सिलेबस**

## लोकसभा में राहुल के बयान पर लगातार दूसरे दिन हंगामा

### आसन की ओर कागज फेंकने के मामले में कांग्रेस के आठ सदस्य बजट सत्र से निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सदस्य मणिक्कम टैगोर सहित आठ सदस्यों को पीठासीन की अवहेलना करने और आसन की ओर कागज फेंकने के आरोप में बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निर्लंबित कर दिया गया।

इन सदस्यों में श्री टैगोर के अलावा अमरिन्दर सिंह 'राजा वडिंग', गुरदीप सिंह औजला, हिवी ईडेन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत बरोले, एस वेंकटेश और सी. किरन कुमार रेड्डी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कथित रूप से बोलने का अवसर न देने के मुद्दे पर कांग्रेस के सदस्यों ने मंगलवार को भी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान इन सदस्यों ने आसन के समक्ष पहुंच कर नारेबाजी की और कुछ कागज उछाले। अपराह्न तीन बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई तो पीठासीन दिलीप सैकिया ने कांग्रेस के इन सदस्यों के नाम का उल्लेख किया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने इन सदस्यों को शेष अवधि के लिए निर्लंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।



### देश के हितों के साथ समझौता कर रहे हैं मोदी: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है इसलिए श्री मोदी ने डर कर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रियंका गांधी और अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ मकर द्वार पर पार्टी के आठ सांसदों के लोकसभा से निलंबन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद कहा कि विपक्ष के नेता को संसद में बोलने नहीं दिया जा रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है और यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री ने भारत के हितों के साथ समझौता कर देश को बेच दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युमनाम खेमचंद बनेंगे मणिपुर के मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मणिपुर में आगामी 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन खत्म होना वाला था। इससे पहले ही एनडीए में सरकार बनाने को लेकर कवायद तेज हो गई थी। इस बीच भाजपा विधायक दल की बैठक में मंगलवार को युमनाम खेमचंद को विधायक दल का नेता चुना गया। इसी के साथ युमनाम खेमचंद के मणिपुर के नए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुग को मणिपुर में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सेंट्रल आब्जर्वर नियुक्त किया था। भाजपा के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया है कि कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से एक को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। युमनाम खेमचंद मणिपुर भाजपा के अनुभवी नेताओं में शामिल हैं। 62 वर्षीय युमनाम मौजूदा समय में मणिपुर की राजधानी इंफाल की सिंगजामेई सीट से विधायक हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे से यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एनसीआर में कई जगहों पर घना कोहरा छाए रहने से बड़े स्तर पर यातायात प्रभावित हुआ और ट्रेनों एवं उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली हवाई अड्डे ने यात्रियों को उड़ान के समय और जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी। हवाई अड्डे ने बताया कि कोहरे की स्थिति के कारण सीएटी-3 स्थितियों में बदलाव के कारण देरी हो सकती है। खास बात यह है कि सीएटी-3 प्रणाली बहुत कम या लगभग शून्य दृश्यता में भी विमानों को उतरने की अनुमति देता है।

### मप्र-यूपी व राजस्थान में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एकबार फिर बदला है। इसका कारण 2 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस हैं। मध्य प्रदेश के 20 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 17 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बिहार के 5 जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट है। हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और अन्य जगहों पर बारिश हुई।

# मेटा-व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें: सुप्रीम कोर्ट

### लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने पर कोर्ट का कड़ा रुख, दी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने व्हाट्सएप और उसकी मूल कंपनी मेटा पर लक्षित विज्ञापन के लिए यूजर डेटा साझा करने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए भारतीय नागरिकों के निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि वह भारतीय उपयोगकर्ताओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देगी। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि भारत में काम कर रहे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के लिए संविधान का पालन अनिवार्य और गैर-परक्राम्य है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि हम डेटा साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। हम भारतीय नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देंगे। अगर आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दीजिए। पीठ ने व्हाट्सएप की निजता नीति की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह नीति जानबूझकर इस तरह बनाई गई प्रतीत होती है, जिससे विशेषकर समाज के कमजोर वर्गों को भ्रमित -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ **किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के कारोबारी हितों के लिए निजता के अधिकार से कोई समझौता नहीं किया जा सकता**

### सुप्रीम कोर्ट ने शादी डॉट कॉम से जुड़े आपराधिक मामले को हाईकोर्ट को वापस भेजा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शादी डॉट कॉम के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अनुपम मित्तल की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें वैवाहिक प्लेटफॉर्म के एक उपयोगकर्ता ने बिना सत्यापित प्रमाणपत्रों के प्रोफाइल बनाकर एक महिला को धोखा दिया।

मित्तल ने इस मामले में आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की खंडपीठ ने इस बात पर ध्यान दिया कि मित्तल के खिलाफ कार्यवाही पहले ही स्थगित की गई थी और पीठ के समक्ष मामला अंतिम विचार के लिए लाया गया था। मित्तल की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी ने दलील दी कि शादी डॉट कॉम केवल एक मैचमेकिंग मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है, संभावित व्यक्तियों के बीच प्रारंभिक संपर्क को सुगम बनाता है। इससे आगे इसकी कोई अन्य भूमिका नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि मित्तल को गलत तरीके से आरोपी बनाया गया है, जबकि कंपनी ने जांच एजेंसी के साथ लगातार सहयोग किया है।

## अमेरिकी ट्रेड डील पर सरकार का पहला बयान जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **कहा: इंजीनियरिंग, कपड़ा और ज्वेलरी उद्योग को फायदा**
■ **ट्रम्प को धन्यवाद, उन्होंने दोस्ती का मान रखा**

**नई दिल्ली।** अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, खासकर ऐसे सेक्टर जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है और जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। गोयल ने कहा कि सभी इस डील से उत्साहित हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। दोनों देश इस डील पर जल्द ही इस पर साझा बयान जारी करेंगे। पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। राहुल गांधी समेत विपक्ष के तमाम नेता इस डील का विरोध इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उनकी सोच नकारात्मक है। इसके लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। साथ ही हमारी स्पर्धा वाले देशों में सबसे अच्छा ट्रेड डील किया।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर राजग सांसदों ने मोदी का किया अभिनंदन

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधी घोषणा को लेकर राजग सांसदों ने मंगलवार को संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया। इस घोषणा की सराहना करते हुए भाजपा सासंदों ने प्रधानमंत्री का स्वागत 'जय मोदी', 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा।

## उत्तराखंड में रोडवेज बस खाई में गिरी, तीन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर/ चकराता।** मंगलवार को उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नेरवा से पौंटा साहिब जा रही हिमाचल रोडवेज की एक बस कालसी क्षेत्र के मीनस मार्ग पर क्वानू के पास अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी।

इस दर्दनाक हादसे में यासमीन बेगम पत्नी नेक मोहम्मद निवासी क्यारला नेरवा, रिचा पत्नी वीरेंद्र, निवासी बिजमल शिमला व धन बहादुर निवासी क्यारला, नेरवा हिमाचल प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 33 यात्री घायल हुए हैं। जिसे पुलिस ने ग्राफिक एरा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। वहीं अन्य घायल यात्रियों को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब एक छोटे वाहन को बचाने या ओवरटेक करने के प्रयास में बस चालक दिनेश कुमार पुत्र मोहन सिंह निवासी पोपाट शिमला ने नियंत्रण खो दिया। बस सड़क से नीचे लुढ़कते हुए सीधे गहरी खाई में जा समाई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कालसी दीपक धारीवाल और एसडीआरएफ की टीमें तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचीं। वहीं इस हादसे के बाद जिला प्रशासन में भी हलचल मच गई और आनन-फानन में एडीएम केके मिश्रा टीम के साथ घायलों का हाल-चाल पूछने के लिए अस्पताल में पहुंच गए। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। बताया गया है कि बस में कुल 36 यात्री सवार थे।



■ **उत्तराखंड-हिमाचल सीमा पर हुआ बस हादसा, 33 यात्री हुए घायल, एक गंभीर**

## ममता बनर्जी ने दिखाया कांग्रेस को ठेंगा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इन्कार कर दिया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बाकी सभी सियासी दल टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। ममता बनर्जी के इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक बनाया है। इनमें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी भी शामिल है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे तौर पर सियासी ठेंगा दिखा दिया है। बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।



■ **कहा: किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी टीएमसी**

## अगस्ता वेस्टलैंड सेना के लिए फिर हेलीकॉप्टर करेगी सप्लाई

■ **भारतीय अफसरों को 360 करोड़ रिश्वत देने का था आरोप**

**नई दिल्ली।** इटली की कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड क्लीन चिट मिलने के पांच साल बाद फिर भारत के रक्षा क्षेत्र में एंट्री करने जा रही है।

यह वही कंपनी है, जिसका नाम बहुचर्चित वीवीआईपी हेलीकॉप्टर कांड से जुड़ा था। इसने करीब एक दशक तक भारतीय राजनीति को झकझोर दिया था। अगस्ता की पैतृक कंपनी लियोनार्डो के साथ अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की डील को अंतिम रूप दिया जा चुका है। अडाणी ग्रुप के अनुसार इसकी औपचारिक घोषणा मंगलवार को होगी। लियोनार्डो कभी फिनमैकेनिका के नाम से जानी जाती थी। अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला 3,600 करोड़ का एक वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद घोटाला है।

## भारत ने टैरिफ में कटौती पूरी तरह से हासिल की: लिंडसे

नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी सीनेटर** लिंडसे ग्राहम ने सोमवार को कहा कि भारत ने भारत-अमेरिका के नए व्यापार समझौते के तहत घोषित आयात शुल्क में कटौती पूरी तरह से हासिल की है। उन्होंने इस कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा।

यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी, 2026 को अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा। श्री ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की ओर इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आपसी आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प, बहुत बढ़िया। मुझे लगता है कि इस युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश - पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। सीनेटर ग्राहम ने दावा किया कि भारत के आचरण ने आयात शुल्क में कटौती को पूरी तरह जायज ठहराया है।



■ **अमेरिकी सीनेटर ने कटौती को यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर रूस से तेल खरीद को लेकर भारत द्वारा किए गए पुनर्संतुलन से जोड़ा**

### भारत-अमेरिका समझौते से रुपये में जबरदस्त तेजी

**मुंबई।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा से मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये में 121 पैसे की जबरदस्त तेजी देखने को मिली। पिछले कारोबारी दिवस पर 91.4950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा मंगलवार को 119.50 पैसे की बढ़त के साथ 90.30 रुपये प्रति डॉलर पर खुली और 90.23 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। खबर लिखे जाते समय रुपया 121 पैसे की मजबूती के साथ 90.2850 रुपये प्रति डॉलर पर था।

# सलुड डूंग्रा, बरोसी सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

## आक्रोशित ग्रामीणों ने ढोल-दमाऊ की थाप के साथ किया अनोखा विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** विकास के दावों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की पोल खोलते हुए ज्योतिर्मठ विकासखंड के सलुड डूंग्रा, बरोसी, पगनो और मोल्टा गांव के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले साढ़े चार दशकों से अपनी बदहाल सड़क के सुधारीकरण और डामरीकरण की बाट जोह रहे ग्रामीणों का धैर्य मंगलवार को जवाब दे गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने ढोल-दमाऊ और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप के साथ जोशीमठ की सड़कों पर उतरकर एक उग्र और अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।



**करोड़ों का बजट ठिकाने लगा, पर सड़क नहीं बनी:** ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हो रहे कार्यों में भारी धांधली और भ्रष्टाचार हो रहा है। स्थानीय निवासी और आंदोलनकारी भारत सिंह कुंवर ने विभागीय आंकड़ों के हवाले से गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि जो सड़क 1980 में स्वीकृत हुई थी, वह आज 2026 में भी बदहाल है। इस मार्ग के लिए समय-समय पर कभी 1.05 करोड़, कभी 8 करोड़, तो अब 16 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट आवंटित किया गया, लेकिन धरातल पर सुधार के नाम पर शून्य काम हुआ है।

### पुरानी दीवारों पर 'सफेदी' कर खानापूर्ति

प्रदर्शनकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि विभाग और ठेकेदार मिलकर जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के बजाय पुरानी और जर्जर हो चुकी दीवारों पर ही नया प्लास्टर चढ़ाकर खानापूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य में सीमेंट का इस्तेमाल न के बराबर है, जिससे सड़क का ढांचा बेहद कमजोर है। घटिया निर्माण और संकरे मार्ग के कारण क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है।

**प्रशासन पर टालमटोल का आरोप:** आंदोलनकारियों ने जिला प्रशासन और मुख्य विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। भरत कुंवर का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन केवल जांच का आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है। अधिकारियों की इसी टालमटोल वाली नीति ने ग्रामीणों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया है।

**हजारों की संख्या में घेराव की चेतावनी:** तहसील परिसर में अपना कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन को दो टूक चेता. वनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सड़क मार्ग को गुणवत्तापूर्ण तरीके से दुरुस्त करने के लिए तुरंत ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में चारों गांवों के हजारों ग्रामीण प्रशासन का घेराव करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार महिला की मौत

**गोपेश्वर।** चमोली गोपेश्वर मोटरमार्ग ग्वीलों बैंड पर आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय एक स्कूटी पर सवार होकर महिला गोपेश्वर की ओर आ रही थी, तभी ग्वीलों बैंड के पास वह एक अनियंत्रित बस की चपेट में आ गई। हादसे में महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तुरंत जिला अस्पताल गोपेश्वर पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया मृतक महिला की पहचान मंजू देवी (35 वर्ष), पत्नी भरत सिंह नेगी ग्राम ईरानी के रूप में हुई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।

## कोतवाली के पास कूडादान नहीं हटाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

- डॉ. नैथानी ने जिलाधिकारी के सामने रखी समस्या, एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थान कोतवाली थाना के समीप आए दिन कूडेदान के बाहर गंदगी पड़े होने से स्थानीय लोगों ने रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एवं पर्यावरण प्रेमी डॉ. नैथानी ने इस सम्बंध में तहसील दिवस पर जिलाधिकारी के सम्मुख इस समस्या को रखा। कहा कि थाना जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र के बाहर फैली गंदगी न केवल शहर की छवि को धूमिल कर रही है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। उन्होने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोतवाली के बाहर से लगे कूडेदान से भरे ट्रोले को नहीं हटाया गया, जिससे बदबू और संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कहा कि कूड़े के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। लोगों ने नगर पालिका से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। डॉ. नैथानी ने चेता. वनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर उक्त स्थान से कूडादान नहीं हटाया गया और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे पुलिस कर्मियों के परिवार के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर प्रशासन की उदासीनता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लंबगांव महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

- विवाद थमने के बाद मेले में लौटी रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के लंबगांव नगर पंचायत क्षेत्र में पहली बार आयोजित किए जा रहे लंबगांव महोत्सव मेले की रंगत अब पूरे शबाब पर है। राजकीय महाविद्यालय के विशाल मैदान में चल रहे इस भव्य आयोजन को लेकर समूचे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है। मेले के शुरुआती दौर में नगर पंचायत प्रशासन और स्थानीय व्यापार मंडल के बीच कुछ विषयों को लेकर मतभेद और गतिरोध की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, जिसने आयोजन पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया था। लेकिन बीते सोमवार को स्थानीय प्रशासन की सक्रियता और हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहमति बन गई है। आपसी समझौते के तहत पूर्व में सात दिनों के लिए प्रस्तावित इस मेले की अवधि को घटाकर अब पांच दिन कर दिया गया है। इस निर्णय के बाद गतिरोध समाप्त हो गया है और अब बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी भी महोत्सव में प्रतिभाग कर रहे हैं, जिससे मेले की भव्यता और बढ़ गई है।

विवाद के बादल छंटते ही मेले में रौनक लौट आई है और अब यहां खरीदारों तथा दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले में सजाई गई विभिन्न प्रकार की दुकानें, स्टॉल और मनोरंजन के आधुनिक साधन बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। नौघर, बौंसाड़ी, पिपलोगी, बिचपुर, सुजड़गांव और क्यारी सहित आसपास के दर्जनों गांवों से ग्रामीण अपने पारंपरिक परिधानों में मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। सुदूर ग्रामीण अंचलों से आए लोगों की उपस्थिति ने मेले को एक सांस्कृतिक मिलन का रूप दे दिया है, जहां लोग एक-दूसरे से मिल रहे हैं और उत्सव का आनंद उठा रहे हैं।

मेले में पहुंचीं ग्रामीण महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नगर पंचायत लंबगांव के अस्तित्व में आने के बाद पहली बार इस स्तर के महोत्सव का आयोजन किया गया है, जो एक सराहनीय पहल है। उनका कहना है कि पहाड़ के दूरद. राज क्षेत्रों में इस प्रकार के मेलों का विशेष महत्व होता है।

## निशुल्क कोचिंग को लेकर कमेटी का गठन

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में छात्र-छात्राओं के लिए समाज कल्याण विभाग के ओर से दी जाने वाले निशुल्क कोचिंग को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश के दिशा-निर्देशन पर कुलसचिव अनीस-उज-जमाल के अनुमोदन उपरांत कमेटी का गठन किया गया है।

कमेटी में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल को कमेटी का नोडल अधिकारी बनाया गया है। जबकि व्यापार प्रबंधन के प्रो. महेंद्र बाबू को उप-नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# एक माह भी नहीं टिक पाया 3.56 करोड़ का डामर

- गोरपा-कुरछोला मोटरमार्ग बदहाली का शिकार
- ठेकेदार-विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जखोली विकासखंड के अंतर्गत आने वाला गोरपा-सिरवाड़ी-कुरछोला मोटरमार्ग एक बार फिर बदहाली को लेकर सुर्खियों में है। 22 किलोमीटर लंबे इस महत्वपूर्ण ग्रामीण मार्ग पर दिसंबर 2025 में 3.56 करोड़ रुपये की लागत से सड़क पेंटिंग का कार्य कराया गया था, लेकिन महज एक माह में यह काम पूरी तरह से उखड़ता नजर आ रहा है।

सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि जगह-जगह पेंटिंग उखड़ गई है, सड़क की सतह टूट चुकी है, बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और कई स्थानों पर मार्ग का अस्तित्व ही संकट में दिखाई दे रहा है। यह मार्ग पीएमजीएसवाई और लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है और सिलगढ़ पट्टी के दर्जनों गांवों को जोड़ता है।

**आमजन को भारी परेशानी:** इस मार्ग की बदहाली से स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमार मरीजों की एम्बुलेंस, बुजुर्गों और किसानों को अपने कृषि उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मानसून के दौरान पहले ही यह मार्ग भूस्खलन और बंद होने की समस्या झेलता रहा है, अब निर्माण गुणवत्ता ने परेशानी को और बढ़ा दिया है।

### घटिया गुणवत्ता और लापरवाही के आरोप

**रुद्रप्रयाग।** स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री के प्रयोग और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में ड्रेनेज की उचित व्यवस्था न होने से सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई है। इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की हालत पहले से भी खराब होना सरकारी सिस्टम पर सवाल खड़े करता है।

**जांच और कार्रवाई की मांग:** ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषी ठेकेदार पर पेनल्टी व ब्लैक लिस्टिंग, तथा सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है।

हालांकि, इस पूरे मामले पर लोक निर्माण विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

**क्या इस बार होगी सख्त कार्रवाई?:** सरकारी योजनाओं के तहत करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद सड़कों की गुणवत्ता पर बार-बार सवाल उठना चिंता का विषय है। अब देखना यह होगा कि क्या विभाग इस बार वास्तव में जिम्मेदारों पर कार्रवाई करेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## गोपेश्वर में आयोजित हुआ विराट हिंदू सम्मेलन

- देश में संघ मय होता दिख रहा समाज: खत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** सकल हिंदू समाज की नगर कार्यकारणी के तत्वाधान में मंगलवार को गोपेश्वर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य वक्ता आरएसएस के चमोली विभाग के सह संघ चालक भजन सिंह खत्री ने कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन संघ या किसी पार्टी की ओर से आयोजित न होकर हिंदू समाज की ओर से आयोजित किया गया सम्मेलन है।

बस स्टेशन गोपेश्वर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में समाज संघ मय होता दिख रहा है। कहा कि विराट हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश संगठित हिंदू समाज को और भी मजबूत करना है ताकि सभी लोग नई पीढ़ी को संदेश देकर उन्हें भी अपनी जड़ों से जुडे रहने के लिए प्रेरित करें।

खत्री ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के चलते पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इन आयोजनों में जिस प्रकार से हिंदू समाज जुड़ा है। उससे पूरा समाज ही संघ मय होता दिख रहा है।

# क्षेत्र पंचायत सभागार में तहसील दिवस का आयोजन

- 32 शिकायतें मौके पर ही निस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** कर्णप्रयाग के क्षेत्र पंचायत सभागार में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान क्षेत्र की जनता नें अपनी समस्याओं सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, भूधंसाव, जंगली जानवरों से खेती को बचाने, स्वरोजगार और मुआवजा संबंधी शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा।



इस दौरान कर्णप्रयाग की इंद्राद. वी ने व्यवसाय हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की माँग की और सूरज प्रकाश ने पीएम स्वनिधि योजना से रोजगार प्राप्ति की माँग की साथ ही आईआईटी वार्ड की प्रेमलता देवी ने स्वयं के आवासीय घर को एनएच सड़क की दीवारे क्षतिग्रस्त होने से उनके मकान को क्षतिग्रस्त होने की बात कही और दीवार के निर्माण की माँग रखी।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील दिवस पर 62 शिकायतें दर्ज कराई गईं जिनमें से 32 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

शिकायतों का निस्तारण करते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द जनता की समस्याओं का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करें और शासन स्तर की समस्याओं को शासन स्तर पर रखना सुनिश्चित कराए ताकि शिकायतों का निस्तारण किया जा सके। इस दौरान प्रमुख क्षेत्र पंचायत कर्णप्रयाग दीपिका मैखुरी, उपजिलाधिकारी अबरार अहमद एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक नजर .......

## महाशिवरात्रि पर तय होगी बाबा केदार के कपाट खुलने की तिथि

**रुद्रप्रयाग।** महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा केदार के शीतकालीन गददी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की जाएगी। तीर्थ पुरोहितों की ओर से पंचांग गणना के आधार पर तिथि का निर्धारण यात्रा का कार्यक्रम तय किया जाएगा। महाशिव. रात्रि के दिन बाबा की विशेष पूजा-अर्चना के बाद कपाट खोलने की तिथि आधिकारिक घोषणा की जाएगी। वही दूसरी ओर आगामी केदारनाथ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि यात्रा से जुड़े सभी प्रमुख मुद्दों पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा, "यात्रा व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने को लेकर घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी संचालकों, मंदिर समिति, होटल व्यवसायियों, जनप्रति. निधियों और व्यापारिक संगठनों के साथ संवाद स्थापित किया जा चुका है। सभी आवश्यक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक तरिके से यात्रा कर सके। बता दें कि बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलने की घोषणा हो चुकी है, जबकि केदारनाथ धाम की तिथि महाशिवरात्रि के पर्व पर घोषित होगी।



## मांगों को लेकर इंजीनियर्स का धरना जारी

**श्रीनगर।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की समस्याओं के समाधान न होने पर मंगलवार को इंजीनियर्स का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस मौके पर इंजीनियर्स ने बैठक कर 27 सूत्रीय मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 फरवरी एवं 18 फरवरी को गढ़वाल मण्डल के समस्त जनपदों के जनपद मुख्यालय पर डिप्लोमा इंजीनियर्स द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य निरंजन रावत, रुमा भारद्वाज, पूजा नेगी, मयंक शैली, शिवम कुमार, एसपीएस चौहान, विजय कैन्तुरा, नागेन्द्र, आशीष शाह, विशाखा चौहान, भरत कप्रवान, मीनाक्षी चौहान, धन्नजय वर्मा, चरण सैनी सहित आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने लोनिवि के अधिशासी अभियंता को सौपा ज्ञापन

**थराली।** विकास खंड नारायणबगड़ के अंतर्गत सिमली से देवार गांव तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने लोनिवि थराली के अधिशासी अभियंता से उनके कार्यालय में भेट कर ग्रामीणों ने स्वीकृत सड़क पर तत्काल सर्वे करवा कर निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की हैं।इस संबंध में ग्रामीणों ने ईई लोनिवि को एक ज्ञापन भी सौंपा। मंगलवार को सिमली एवं देवार के एक शिष्टमंडल ने लोनिवि थराली के अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र से भेट कर बताया कि 2021 में देवार गांव के लिए सरकार के द्वारा 3 किलोमीटर मोटर सड़क के निर्माण की स्वीकृति दी थी।

# टिहरी के नौनिहाल जानेंगे हैदराबाद का इतिहास

- पीएम श्री विद्यालयों का शैक्षिक भ्रमण दल रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के पीएम श्री विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत कुल सत्तर छात्र-छात्राओं और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों के एक संयुक्त दल को शैक्षिक भ्रमण के लिए ऐतिहासिक शहर हैदराबाद के लिए रवाना किया गया।

इस विशेष अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर बस को हरी झंडी दिखाई और दल को फ्लैग-ऑफ किया।




भ्रमण पर जाने वाले बच्चों के चेहरों पर उत्साह देखते ही बन रहा था। रवानगी से पूर्व सभी छात्रों को यात्रा के लिए बैग वितरित किए गए और मिठाई खिलाकर उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की गई। दल की रवानगी के उपरांत डीएम नितिका खण्डेलवाल ने छात्र-छात्राओं के साथ विशेष संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है और यह शैक्षिक भ्रमण उनके लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि हैदराबाद भारत का एक प्रमुख ऐतिहासिक नगर है, जहां उन्हें देश की समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को बेहद करीब से जानने और समझने का मौका मिलेगा। उन्होंने छात्रों को सुझाव दिया कि वे भ्रमण के दौरान गोलकुंडा किला, चारमीनार, सालार जंग संग्रहालय, चौमहल्ला पैलेस और कुतुब शाही मकबरों जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थलों का दौरा करें और उनके ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक महत्व को गहराई से समझें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुनील जुयाल, वार्ड मेंबर विजय कठैत, शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भ्रमण दल को विदा किया।

## पिटकुल की रोड कटिंग अनुमति निरस्त, ठेकेदार पर मुकदमा

**देहरादून।** शहर की सड़कों को खोदकर बेतरतीब छोड़ने और जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड की रोड कटिंग अनुमति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही मानकों के उल्लंघन और जनमानस को खतरे में डालने के आरोप में संबंधित अधिशासी अभियंता और ठेकेदार के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पिटकुल को आराघर से माजरा-लालतप्पड़ लाइन के लिए 1996 मीटर रोड कटिंग की सशर्त अनुमति मिली थी।

# खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई

- श्रीनगर तहसील दिवस पर मात्र 10 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** मंगलवार को श्रीनगर तहसील में जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाती एस. भदौरिया की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस पर मात्र 10 शिकायतें दर्ज की गई। सूचना के अभाव में फरियादी तहसील दिवस पर शिरकत नहीं कर पाये। मौके पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि सेमला गांव में पेयजल समस्या से संबंधित शिकायत पर




जल निगम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा तथा तकनीकी समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। वहीं नकोट गांव में जल भंडारण टैंक की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। श्रीनगर क्षेत्र में खुले में कूड़ा फेंके जाने की शिकायत पर नगर निगम द्वारा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाए जाने तथा दोषियों की पहचान कर चालानी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर उपजिलाधिकारी द्वारा मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही रेलवे से क्षतिग्रस्त भवनों में जल बिल आने की शिकायत पर जल संस्थान द्वारा परीक्षण कर आवश्यक रिपोर्ट तैयार करने को कहा। मौके पर अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, डीएफओ गढ़वाल महातिम यादव, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, उपजिलाधिकारी नूपुर वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा, अधिशासी अभियंता एनएच राजीव चौहान, जिला बाल विकास अधिकारी देवेंद्र थपलियाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित सिंह, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई मुकेश दत्त, जिला शिक्षा अधिकारी रणजीत सिंह नेगी, सहायक निबंधक सहक. ारिता सौरभ कुमार, एडीपीआरओ प्रदीप सुंदरियाल सहित आदि मौजूद रहें।

## कार्यशाला में 120 विद्यार्थियों को मिला प्रशिक्षण

**डोईवाला।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज माजरी में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, सर्कुलर इकॉनमी, सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पालमर टेक्नोलॉजी में करियर संभावनाओं को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता समीर पुरी ने प्लास्टिक कचरे के प्रभावी प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट से वैल्यू-एडेड उत्पादों के निर्माण तथा प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

# तहसील दिवस पर सफाई व्यवस्था का मुद्दा रहा हावी

- प्रधानों और जनप्रतिनिधियों ने उठाई सड़क शिक्षा और आपदा मुआवजे की मांगें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पर्यटननगरी धनोल्टी में आयोजित तहसील दिवस में आम जनता और जनप्रति. निधियों का जमावड़ा लगा रहा। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस शि. विर में क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सामने आए। शिविर के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विशेष रूप से क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की मांग प्रमुखता से उठाई। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। तहसील दिवस में ग्राम सभा गोठ के प्रधान लाखी राम चमोली ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए धनोल्टी से लगा गोठ तक सड़क निर्माण की मांग की, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो सके। इसके साथ ही उन्होंने इंटर कॉलेज धनोल्टी-चुलीसैण में कला वर्ग के लिए पद सृजन करने, क्षेत्र में आधार कैंप स्थापित करने और लगा गोठ में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा। प्रधान चमोली ने स्थानीय पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पशुओं के बीमा और टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी अपील की। वहीं प्रधान लामाकांडे दिनेश रावत ने आपदा प्रभावितों को तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराने की आवाज उठाई। जिला पंचायत सदस्य थान दीक्षा नेगी ने क्षेत्र में आधार केंद्र की स्थापना, खनेरी छंडूखिल धनोल्टी मोटर मार्ग को जोड़ने से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण की मांग रखी।

CMYK



# एमओयू ग्राउंडिंग में लाएं तेजी: सीएम

## मुख्यमंत्री ने की उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के एमओयू एवं ग्राउंडिंग की हाई लेवल मीटिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत हुए एमओयू तथा उनकी ग्राउंडिंग (क्रियान्वयन) की प्रगति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए एमओयू की वर्तमान स्थिति, जमीनी प्रगति, अवरोधों तथा आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत कुल 3,57,693 करोड़ रुपये के 1,779 एमओयू संपादित किए गए थे, जिनमें से अब तक 1,06,953 करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंडिंग सफलतापूर्वक हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तराखंड के औद्योगिक एवं आर्थिक भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह राज्य में निवेशकों के विश्वास, बेहतर कानून-व्यवस्था, सुशासन और उद्योग अनुकूल वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है।



- स्पिरिचुअल जोन, आयुर्वेद एम्स और भराड़ीसैंण में मंदिर अवसंरचनात्मक निर्माण को प्राथमिकता में लेने के मुख्यमंत्री के निर्देश
- एमओयू ग्राउंडिंग में ऐतिहासिक प्रगति, मुख्यमंत्री ने बताया राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि

उन्होंने कहा कि इस सकारात्मक परिणाम को और आगे बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं, जिनका लाभ राज्यहित में लिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि एमओयू एवं परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर आ रहे अवरोधों का त्वरित निस्तारण किया जाए। प्रत्येक संबंधित विभाग में एक-एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए, जो एमओयू ग्राउंडिंग की सतत मॉनिटरिंग करे।

यदि किसी नीति में संशोधन, सरलीकरण अथवा शिथिलीकरण की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र पैरवी की जाए।

उद्योगपतियों के साथ नियमित संवाद और संपर्क बढ़ाया जाए तथा उन्हें राज्य में कानून-व्यवस्था, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, डिजिटलीकरण, सरलीकृत प्रक्रियाएं और उद्योग फ्रेंडली इकोसिस्टम से संबंधित सुधारों की जानकारी दी जाए।

निर्देश दिए कि परियोजनाओं के इम्प्लीमेंटेशन में अनावश्यक देरी बिल्कुल न हो, कार्यों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए, स्पष्ट टाइमलाइन के अनुसार कार्य पूर्ण हों और किसी भी प्रकार की पेंडेंसी न रखी जाए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ विभागों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है, जिसकी उन्होंने प्रशंसा भी की।

बैठक में सचिव सचिन कुर्वे, विनय शंकर पांडेय, रणजीत सिन्हा, एस. अदाकी, सी. रवि शंकर, डी. एस. गर्ब्याल, वन विभाग से रंजन कुमार मिश्रा, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### पर्यटन, उद्योग व निवेश के नए अवसरों पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में जिन क्षेत्रों में होटल निर्माण की व्यापक संभावनाएं हैं, जैसे पिथौरागढ़, कैंची धाम सहित अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलोंख्रवहाँ निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए। पर्यटन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग स्पेशल टूरिस्ट जोन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में एरिया आधारित फोकस पॉलिसी तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उद्योगों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को निर्देश दिए कि राज्य के सभी जनपदों में प्रत्येक माह उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित की जाए, जिसमें उद्योगों से जुड़े मुद्दों का समाधान तथा उद्योग-अनुकूल निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### संस्कृति, अध्यात्म और संतुलित विकास को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और प्राचीन गौरवशाली विरासत का केंद्र बिंदु है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने इकोलॉजी और इकोनॉमी के संतुलन पर आधारित यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए आवश्यक होमवर्क करने, हिंदू स्टडीज सेंटर एवं प्राच्य शोध केंद्र से संबंधित पूर्व निर्देशों पर अग्रिम कार्रवाई करने, स्पिरिचुअल जोन डेवलपमेंट, भराड़ीसैंण में मंदिर एवं अन्य रचनात्मक निर्माण कार्य तथा आयुर्वेद एम्स की स्थापना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

# अमृत-2.0 योजना के तहत विभिन्न योजनाओं का अनुमोदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत नगर निगम हरिद्वार के वार्ड नं. 59 सीतापुर सरोवर में वाटर बॉडी रिजुविनेशन योजना के लिए 1.68 करोड, सिंचाई विभाग के अन्तर्गत विकासखण्ड रायपुर बांदल नदी में नहर के शीर्ष पर जल संरक्षण एवं संवर्द्धन कार्य को 2. 19 करोड, बीजापुर नहर के हैड का सुदृढीकरण एवं आधुनिकीकरण को 5.00 करोड तथा उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अन्तर्गत लोहाघाट टाउन पम्पिंग पेयजल योजना को 84.45 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान है।

मुख्यमंत्री धामी ने देवकी काण्डपाल पत्नी स्व0 जयदत्त काण्डपाल, कुसुमखेडा, हल्द्वानी, नैनीताल को 17.05.2023 से 20 हजार प्रतिमाह लोकतंत्र सम्मान पेंशन अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री ने डॉ0 भीमराव अम्बेडकर रा0 बालक छात्रावास कण्डोली, देहरादून में अनुरक्षण कार्य के लिए 46.56 लाख, राजा बाबू पब्लिक इण्टर कॉलेज आसफग्रान्ट हरिद्वार को हाईस्कूल (कक्षा 09 से 10) के लिए 2.00 लाख तथा इण्टरमीडिएट (कक्षा 11 से 12 तक) के लिए 3.00 लाख कुल 5.00 लाख का आवर्तक सहायता अनुदान/टोकन अनुदान तथा हर्ष पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, मूलदासपुर माजरा, हरिद्वार को प्रोत्साहन धनराशि के रूप में 1.00 लाख प्रतिवर्ष की आवर्तक सहायता अनुदान/टोकन अनुदान की स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा जिला कारागार, देहरादून में वर्तमान भूमिगत विद्युत केबल एवं पैनल को बदलकर समुचित क्षमता की आर्मरड केबल व पैनल स्थापित किये जाने के लिए 85.22 लाख स्वीकृत किये जाने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत अखुली ग्राम पंचायत में सम्पर्क मार्ग निर्माण के लिए 54.80 लाख का अनुमोदन दिया है।

- मुख्यमंत्री ने किया लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन अनुमन्य किए जाने का अनुमोदन

# शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी के 2364 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में लम्बे समय से रिक्त पड़े 2364 चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के पदों पर भर्ती शुरू कर दी गई है। इसके लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को कौशल विकास विभाग के रोजगार प्रयाग पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 5 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की भर्ती में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग के विभिन्न कार्यालयों व विद्यालयों में सृजित चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के 2364 रिक्त पदों (मृत संवर्ग) पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की आधिकारिक बेवसाइट रोजगार प्रयाग पोर्टल पर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गये हैं। जिसकी अंतिम तिथि 5 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की तैनाती आउटससोर्स के माध्यम से की जायेगी, जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि रोजगार प्रयाग पोर्टल पर चतुर्थ श्रेणी की जनदवार रिक्तयां प्रकाशित कर दी है। जिसमें उत्तरक. ाशी जनपद में 135 पदों पर आवेदन मांगे गये हैं। इसी प्रकार रूद्रप्रयाग में 106, टिहरी 268, ऊधमसिंह नगर 182, पिथौरागढ़ 197, पौड़ी 340, बागेश्वर 89, अल्मोड़ा 254, चमोली 179, चम्पावत 120, देहरादून 195, हरिद्वार 91 तथा नैनीताल में 208 पदों पर भर्ती की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को महानिदेशालय कार्यालय, निद. ेशालय माध्यमिक शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा एवं अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण सहित एससीईआरटी, बोर्ड कार्यालय रामनगर, मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय माध्यमिक/प्राथमिक (गढ़वाल व कुमाऊं), समस्त डायट, मुख्य शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी मध्यमिक व बेसिक कार्यालय सहित इंटर कॉलेज व हाईस्कूलों में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दी जायेगी।

- रोजगार प्रयाग पोर्टल पर अभ्यर्थियों को करना होगा पंजीकरण

# धामी सरकार ने किया समान कार्य, समान वेतन का आदेश जारी

- मुख्यमंत्री धामी के खाते में जुड़ी एक और बड़ी उपलब्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उपनल कर्मियों को दस वर्ष की सेवा पूरी करने पर समान कार्य के बदले समान वेतन दिए जाने का शासनादेश जारी होने के साथ ही, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है।

उपनल कर्मी अपनी विभिन्न मांगों के लिए लंबे समय से आंदोलनरत थे, इस बीच कई सरक. ारें बदली। आखिरकार अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर उपनल कर्मियों को दस साल की सेवा पूरी करने पर समान कार्य के बदले समान वेतन मिलने का शासनादेश जारी हो गया है। यह उपलल कर्मियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

इस तरह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के हजारों लोगों के भविष्य से जुड़े एक और जटिल विषय का समाधान कर दिया है। जिससे ना सिर्फ विभागों की कार्य दक्षता में सुधार होने की उम्मीद है, बल्कि उपनल कर्मचारियों का भविष्य भी सुरक्षित हो गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समान नागरिक संहिता, सख्त नकल विरोधी कानून, भू कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून जैसे वर्षों पुरानी लंबित मांगों पर ठोस कानूनी कार्रवाई कर चुके हैं।



उपनलकर्मियों को समान कार्य के बदले समान वेतन प्रदान कर दिया गया है। सरकार कार्मिक हितों के लिए पहले दिन से ही प्रतिबद्ध है। हम प्रदेश हित में हर जटिल मुद्दे का समाधान निकालने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के लिए तैयार हैं।

**पुष्कर सिंह धामी,**
**मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

## उपनल कर्मचारी महासंघ ने जिओ जारी होने पर जताया जोशी का आभार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से आज उपनल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने उनके कैंप कार्यालय में भेंट कर 10 वर्ष की निरंतर सेवा पूर्ण करने वाले उपनल कर्मियों को समान कार्यख्रसमान वेतन का लाभ दिए जाने का जिओ जारी होने पर मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार कर्मचारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनके कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है।



इस अवसर पर एमडी उपनल ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट, उपनल कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद गोदियाल, महामंत्री विनय प्रसाद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# औली में 13 से 16 फरवरी तक स्कीइंग विंटर कार्निवल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड को वैश्विक शीतकालीन पर्यटन एवं विंटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के आलोक में चमोली जिले के विश्वविख्यात स्की स्थल औली में 'औली स्कीइंग विंटर कार्निवल एवं राष्ट्रीय शीतकालीन खेल प्रतियोगिता/चौंपियनशिप 2026' का आयोजन 13 से 16 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इस चार दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय स्तर की स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्की माउंटेनियरिंग प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में आयोजन की विस्तृत रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धीराज सिंह गर्बयाल ने की। बैठक में खेल व्यवस्थाओं, सुरक्षा मानकों, प्रतिभागियों की सुविधाओं तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर विस्तार से चर्चा हुई। आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) को सौंपी गई है, जबकि इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) तकनीकी सहयोग, प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर पर्यटन सचिव धीराज गर्बयाल ने कहा कि औली स्कीइंग विंटर कार्निवल एवं राष्ट्रीय शीतकालीन खेल प्रतियोगिताएं उत्तराखंड की शीतकालीन पर्यटन क्षमता और साहसिक खेलों की समृद्ध परंपरा को नई पहचान दिलाएंगी।

बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.एल. राणा, जीएमवीएन के महाप्रबंधक लक्ष्मीराज चौहान, निदेशक वित्त रो. मिल चौधरी, उपनिदेशक अमित लोहनी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़, साहसिक खेल अधिकारी सीमा नौटियाल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

- राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों का होगा आयोजन

### प्रतियोगिताओं में दिखेगा संस्कृति व पर्यटन का संगम

विंटर कार्निवल के दौरान शीतकालीन खेलों के साथ-साथ गढ़वाली और कुमाऊंनी लोक संस्कृति, पारंपरिक कला एवं स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर, होमस्टे पर्यटन को बढ़ावा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। बैठक में औली को स्थायी विंटर स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने के लिए नियमित राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी सहमति बनी।

### औली: देश का प्रमुख स्की डेस्टिनेशन

समुद्र तल से 2500 से 3050 मीटर की ऊंचाई पर स्थित औली देश का प्रमुख स्की स्थल माना जाता है। यहां 3 से 5 किलोमीटर लंबे प्राकृतिक ढलान, ओक और देवदार के घने जंगल तथा नंदा देवी, कामेत और माना जैसे हिमालयी शिखरों के दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। जोशीमठ से औली तक एशिया की दूसरी सबसे लंबी रोपवे (गोंडोला) भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण है।

## पौड़ी में भालू के हमले में युवक जख्मी

**पौड़ी।** उत्तराखंड में जंगली जानवरों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा हमला पौड़ी के ढांडरी से सामने आया है। जहां बाइक सवार युवक पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले में हाथ, गले और सिर पर चोटें आई हैं। युवक ने साहस और सूझबूझ का परिचय देकर भालू को भगाया और किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहा।

घायल अवस्था में जब युवक ने शोर मचाया तो मौके से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पौड़ी पहुंचाया। डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे भर्ती कर लिया है। फिलहाल, भालू के हमले में घायल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# अंकिता प्रकरण में सीबीआई जांच शुरू होने से कांग्रेस बेनकाब: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि सीबीआई जांच के निर्णय पर सवाल उठाने और भ्रम फैलाने वाली कांग्रेस जांच शुरू होने के बाद बेनकाब हो गयी है और जनता उसके चरित्र को बखूबी पहचान गयी है।

भट्ट ने कहा कि अब कांग्रेस को जवाब देना चाहिए, क्योंकि वह सीएम की संस्तुति के बाद अक्सर यह कहती रही कि जांच का व्यौरा पब्लिक डोमेन मे नही और सरकार ने मामले को शांत करने के लिए ही ऐसा किया। अब जांच शुरू हो गयी है तो कांग्रेस ने चुप्पी साध ली है, लेकिन उसकी हकीकत जनता के बीच सार्वजनिक हो गयी है। भट्ट ने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य अंकिता को न्याय दिलाना नही है, बल्कि इसे राजनैतिक मुद्दा बनाकर अवसर तलाशना है।



- मुद्दों की तलाश में दुष्प्रचार को हथियार बनाने वाली कांग्रेस को संयम की जरूरत

भाजपा ने देव भूमि की इस बेटी को न्याय दिलाने मे कोई कसर नही छोड़ी। एसआईटी की जांच के बाद आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा हुई और आरोपी जमानत नही ले पाए। विवेचना के दौरान भी कांग्रेस जांच को लेकर सवाल उठाती रही और निर्णय सबने देखा। जांच एजेंसियों ने कड़ी मेहनत से आरोपियों को सजा तक पहुंचाया।

भट्ट ने कहा कि अब तक हर मामले मे कांग्रेस बेनकाब हुई है। भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच शुरू होने से पहले कांग्रेस इसी तरह दुष्प्रचार करती रही। रूद्रपुर मे विधायक पुत्र का प्रकरण हाल ही मे सामने आया और कांग्रेस कानून व्यवस्था पर हो हल्ला मचा रही थी। तब भी कांग्रेस बेनकाब हुई। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस की असलियत को समझ चुकी है और उसके द्वारा किसी भी प्रोपेगेंडा मे अब उसे भरोसा नही है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी: रेखा आर्या

- महिला सशक्तिकरण विभाग की भावी योजनाओं पर की तैयारी की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने विभाग के अधिकारियों को भावी योजनाओं के तेजी से क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। कैबिनेट मंत्री ने मंगलवार को सचिवालय स्थित एफआरडीसी सभागार में योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की देखरेख के लिए जो योजना शुरू की जा रही है, उसमें यह भी सुनिश्चित किया जाए कि 18 वर्ष पूर्ण करने के बाद बच्चों का समायोजन कहां किया जाएगा। साथ ही इन बच्चों को जरूरत पड़ने पर मेडिकल सहायता कैसे मिलेगी इसकी भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र की स्पॉन्सर योजना में राज्य ने 4900 लाभार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य तय किया था। अभी तक कुल 1631 लाभार्थियों का बजट केंद्र से प्राप्त हुआ है, बाकी बजट के लिए केंद्र सरकार के अधिकारियों से बात करें और बजट की व्यवस्था की जाए।

बैठक में कैबिनेट मंत्री ने ष्आलंबन गांवष योजना के लिए विकास नगर में उपलब्ध जमीन से संबंधित औपचारिकताएं इसी महीने पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का ड्राफ्ट तैयार करके जल्द से जल्द कैबिनेट में रखा जाए। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या बताया कि केंद्र की स्पॉन्सरशिप योजना में जितने लाभार्थियों को शामिल किया जा रहा है, उत्तराखंड में जरूरतमंदों की संख्या उससे कहीं ज्यादा है ।इसलिए अभी तक छूट जा रहे इन पात्र बच्चों को लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री बाल सानिध्य योजना लाई जाएगी। बैठक में सभी जनपदों के जिला प्रोबेशन अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े थे और मंत्री ने उन सभी से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में विभागीय सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंसीलाल राणा, मोहित चौधरी, नीतू फुलेरा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कैमल बैक रोड के दिन बहुरने की उम्मीद जगी

**मसूरी।** देहरादून जिले के मसूरी की ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से अहम कैमल बैक रोड के पुनर्निर्माण की दिशा में प्रशासन ने कदम तेज कर दिए हैं। लंबे समय से जर्जर हालत और कार्य में देरी को लेकर उठ रहे सवालों के बीच बीते दिन एडीएम फाइनेंस केके मिश्रा के नेतृत्व में सभी संबंधित विभागों ने संयुक्त निरीक्षण किया। धनराशि स्वीकृत होते ही करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया जाएगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन ने बताया कि पालिका द्वारा पहले ही कैमल बैक रोड के पुनर्निर्माण, सौंदर्यीकरण और पर्यटकों के बैठने के लिए बेंच लगाने को लेकर डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जा चुकी थी, जिसे स्वीकृति भी मिली थी। हालांकि वित्त विभाग की आपत्तियों के चलते परियोजना अटक गई थी. पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी के लगातार प्रयासों के बाद अब उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त निरीक्षण किया गया।

### धामी सरकार के नाम बना एक और कीर्तिमान

# उत्तराखण्ड में पर्यटकों की संख्या ने बनाया नया रिकॉर्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल रंग लाई है। प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या ने नया कीर्तिमान बनाया है। वर्ष 2025 में छह करोड़ तीन लाख से अधिक पर्यटक उत्तराखण्ड आए हैं, जो राज्य गठन के बाद से अब तक की सर्वाधिक संख्या है। हरिद्वार में सबसे अधिक तीन करोड़ 42 लाख 49 हजार 380 पर्यटक/तीर्थयात्री पहुंचे हैं। जबकि देहरादून में 67 लाख 35 हजार 71 और टिहरी जनपद में 53 लाख 29 हजार 759 सैलानी आए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में पर्यटन को नई गति मिली है।

पर्यटन विकास के लिए जहां कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं, वहीं पर्यटन/तीर्थ स्थलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर खास जोर दिया गया है। पर्यटकों/तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध भी किए गए हैं। धामी सरकार के इन प्रयासों का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

पर्यटन विभाग के अनुसार वर्ष 2025 में कुल 06 करोड़ 03 लाख 21 हजार 194 पर्यटक/तीर्थयात्री उत्तराखण्ड आए हैं। इनमें एक लाख 92 हजार 533 विदेशी सैलानी शामिल हैं। उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद पहली बार पर्यटकों/तीर्थयात्रियों की संख्या छह करोड़ के पार पहुंची है। पूर्व के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2021 में 2,00,18,115, 2022 में 5,39,81,338, 2023 में 5,96,36,601 और वर्ष 2024 में 5,95,50,277 पर्यटक/तीर्थयात्रियों ने उत्तराखण्ड का रुख किया है।

- राज्य गठन के बाद पहली बार साल भर का आंकड़ा 6 करोड़ के पार
- हरिद्वार पहुंचे सर्वाधिक 3 करोड़ 42 लाख 49 हजार पर्यटक/तीर्थयात्री

पर्यटन उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था का बड़ा आधार है। हमारी सरकार राज्य में पूरे वर्ष पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है, ताकि पर्यटन कारोबार से जुड़े स्थानीय निवासियों और युवाओं को सालभर रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। शीतकालीन यात्रा इसी की एक कड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां गंगा के दर्शन को उनके शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा की यात्रा पर आने के बाद राज्य में शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा मिला है और बड़ी संख्या में यात्री उत्तराखण्ड पहुंचे हैं। हमने पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने के साथ उनकी सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और इन्हीं सब प्रयासों का परिणाम है कि उत्तराखण्ड में पर्यटकों की बढ़ती संख्या हर वर्ष नया रिकॉर्ड बना रही है।



**पुष्कर सिंह धामी**
**मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

CMYK

# 'मोहम्मद' दीपक को भीम आर्मी का समर्थन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी जिला अध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में राज्यपाल को नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि कोटद्वार में बाबा गारमेंट्स के नाम से दुकान चलाने वाले मुस्लिम व्यापारी की मदद करने पर दीपक कुमार और विजय रावत के खिलाफ कथित संगठन के दबाव में पुलिस द्वारा मनगढ़ंत और फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि दीपक कुमार और विजय रावत ने संवैधानिक तरीके से विरोध किया और इंसानियत, भाईचारे तथा संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की। वहीं पुलिस प्रशासन के सहयोग के बावजूद संगठित भीड़ का नेतृत्व कर उसके खिलाफ कार्रवाई न करना चिंता का विषय बताया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि दीपक और विजय के खिलाफ मुकदमा रद्द किया जाए और संगठित भीड़ पर नामजद कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जीआर टम्टा, नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, जीआर आर्य, पीआर टम्टा, सुंदरलाल बौद्ध, नवीन मूलनिवासी, महेश चंद्र आर्य, हरीश लोधी, रितिक कांत, संजय कुमार टम्टा, अनवर अंसारी, जीतराम, सखावत हुसैन, आकाश भारती, कमर बाबा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 22 फरवरी को होगा हिन्दू सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** मां नंदा देवी हिन्दू सम्मेलन समिति की ओर से मंगलवार को अल्मोड़ा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तैयारियों सहित आगामी 22 फरवरी को भव्य रूप से हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं, सम्मेलन को लेकर सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई। नगर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने बताया कि सम्मेलन सांस्कृतिक जागरण, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। बताया कि सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। घर-घर संपर्क अभियान, आमंत्रण, प्रचार-प्रसार और व्यवस्थापन की टोली सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। यहां बैठक में लक्ष्मण सिंह भोज, मनोज सनवाल, शैलेंद्र साह, चंद्र प्रकाश फुलोरिया, हेमा कांडपाल, बिना नयाल, प्रमोद बिष्ट, अमित साह मोनू, विनय वर्मा, हरि कृष्ण खत्री, दिनेश सिंह, योगेश रौतेला, गौरव कर्नाटक, जसोद सिंह, कमल कुमार बिष्ट, गिरजा किशोर पाठक, कैलाश गुरुरानी, अभिषेक जोशी, धीरज साह, पवन साह, राजेंद्र सिंह चौहान, भूपेंद्र आर्या, हिमांशु कनवाल, पुष्कर सिंह कनवाल, रवि आर्या, सुनीता जोशी, पारू उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# 12 फरवरी को राष्ट्रीय हड़ताल

## 4 लेबर कोड के विरोध में ट्रेड यूनियनों का कड़ा रुख



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** 4 लेबर कोड से मोदी सरकार द्वारा मजदूर कर्मचारियों को अधिकार विहीन करने के खिलाफ और केंद्र सरकार से पुराने 29 लेबर कानूनों बहाली की मांग के साथ पूरे देश के मजदूर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के सामुहिक आहवान पर 12 फरवरी को विशाल हड़ताल करेंगे। इसके अनुपालन में हल्द्वानी में भी यूनियनें संयुक्त रूप से चारों श्रमिक विरोधी लेबर कोड रद्द करने की मांग पर 12 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल के दिन बुधपार्क हल्द्वानी में संयुक्त प्रदर्शन करेंगी। ऐक्टू कार्यालय में यूनियन प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया। ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड केके बोरा कहा कि आज कामगारों की मेहनत से देश में रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है मगर इसका लाभ आम मजदूर को नहीं दिया जा रहा है। उत्पादन से लेकर सेवा क्षेत्र तक के समूचे क्षेत्र के कामगार अत्यन्त कम भुगतान के चलते भयंकर बदहाली में जीवन जीने को मजबूर हैं। बीमा कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष हिमांशु चौधरी ने कहा कि लेबर कोड का सिर्फ एक काम है ज्यादा काम के घंटे और कम से कम वेतन और कोई सामाजिक सुरक्षा की गारंटी नहीं। ये चरम शोषण को कानूनी आवरण देता है। इसके खिलाफ जोरदार और लंबा आंदोलन चलाया जा रहा है जिसकी निरंतरता में 12 फरवरी को देश व्यापी हड़ताल का आवाहन किया गया है जिसको सभी सेक्टरों के मजदूरों ने सफल बनाने का संकल्प लिया है। भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, ये सारे कानून विकसित भारत के नाम पर लाए जा रहे हैं। जो भारत असल में अडानी और अंबानी का भारत होगा, ना कि देश की जनता का, ना कि 'हम भारत के लोग' का। जहां अमीरी और गरीबी के बीच की खाई अपने चरम पर पहुंच गई है, वहीं गरीबों को अधिकारों से लेकर बुनियादी सुविधाओं तक से वंचित किया जा रहा है, और इस तरह उन्हें मोदी के विकसित भारत के लिए गुलामों की फौज में तब्दील किया जा रहा है। संयुक्त मीटिंग में केके बोरा, हिमांशु चौधरी, जोगेंद्र लाल, रिंकी जोशी, रजनी जोशी, डा. कैलाश पाण्डेय, चन्दन, महेश, आशा रीना बाला, सरोज रावत, आकाश भारती आदि मौजूद थे।

# भारतीय टेंट पेगिंग टीम ने रचा इतिहास

## कर्नल तरसेम सिंह वारैच के नेतृत्व में भारत का शानदार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारतीय टेंट पेगिंग टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए टेंट पेगिंग वर्ल्ड कप चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। कोच-कम-मैनेजर कर्नल तरसेम सिंह वारैच के नेतृत्व में टीम ने सऊदी अरब, कुवैत, नॉर्वे और इंडोनेशिया जैसी मजबूत टीमों को पीछे छोड़ते हुए चार टीम और दो व्यक्तिगत पदक अपने नाम किए। कर्नल वारैच ने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और जुझारूपन को दिया। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मैदान पर असाधारण प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में भारत ने लांस इवेंट में टीम सिल्वर और व्यक्तिगत कांस्य, स्वॉर्ड इवेंट में टीम गोल्ड और व्यक्तिगत सिल्वर पदक जीता। इसके अलावा लेमन एंड पेग्स, रिंग्स एंड पेग्स और रिले स्पर्धाओं में टीम ब्रॉन्ज तथा ओवरऑल टीम ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ टीम इंडिया ने नवंबर 2026 में जॉर्डन में होने वाली टेंट पेगिंग वर्ल्ड कप चैंपियनशिप के लिए आधिका. रिक रूप से क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया है।

## गुलदार के साथ शावकों के दिखाई देने से दशहत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** विकासखंड सल्ट के टोटाम में इन दिनों गुलदार का आतंक बना हुआ है। क्षेत्र में शावकों के साथ गुलदार घूमते देखी गई है। जिसके चलते राप्रावि और जीआईसी टोटाम को बंद करने पड़े। इधर, अब स्कूली बच्चों को सुबह वन कर्मियों की सुरक्षा में स्कूल तक छोड़ने और छुट्टी के बाद उन्हें घर तक लाने ले जाने की व्यवस्था की गई है। दरअसल, सल्ट के ग्राम सभा टोटाम के आसपास ग्रामीणों ने मादा गुलदार को शावकों के साथ घूमते देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद विभाग ने क्षेत्र में गश्त करने के साथ ही जगह-जगह ट्रेप कैमरे लगा दिए है। गुलदार की दहशत और बच्चों की सुरक्षा के बीच जीआईसी टोटाम के प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र फुलोरिया ने दो दिन स्कूल बंद करने का निर्णय लिया था। स्कूल के आसपास भी वन कर्मचारियों की ओर से लगातार गश्त की जा रही है। इधर, अब शिक्षा विभाग ने वन विभाग के कर्मचारियों की निगरानी में बच्चों को स्कूल लाने और घर पहुंचाने का निर्णय लिया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में दो सौ से अधिक बच्चे अध्ययनरत है। वन क्षेत्राधिकारी गंगा शरण ने बताया कि क्षेत्र में पिंजरा लगाने के साथ ही लगातार गश्त की जा रही है। वहीं, ग्रामीणों और अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की हैं। प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र फुलोरिया ने बताया कि स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां चल रही है। ऐसे में स्कूल को ज्यादा दिनों तक बंद रखना संभव नहीं है। विद्यालय में बच्चों को वन विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा के बीच लाया और छोड़ा जाएगा।

## एक नजर

### क्षतिपूरक वृक्षारोपण भूमि की समीक्षा बैठक

**अल्मोड़ा।** विकास भवन में सीडीओ रामजीशरण शर्मा की अध्यक्षता में क्षतिपूरक वृक्षारोपण भूमि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तर पर 62 मोटर मार्गों के लिए 441 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार वन पंचायतों का डाटा संकलन किया जा रहा है और तहसील स्तर पर अधिकारियों को नामित किया गया है। सभी उपजिलाधिकारियों को 'नोटकैम' एप डाउनलोड कर जियो-टैगफोटो लेने तथा 'गूगल अर्थ' के जरिए पॉलिगन तैयार करने के निर्देश दिए गए। कार्य में तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए जीआईएस विशेषज्ञ से संपर्क करने की बात भी कही गई। अंत में सीडीओ ने सभी अधिकारियों से समयबद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

### बैडमिंटन कप प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**अल्मोड़ा।** नगर में बैडमिंटन कप प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। मंगलवार को प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले खेले गए। जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिला बैडमिंटन संघ की ओर से हेमवंती नंदन बहुगुणा इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसजे विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट और नैनीताल बैंक प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद ओपन सीनियर वर्ग के पहले मुकाबले में डीके जोशी व नवनीत की जोड़ी ने अरूण बनग्याल व प्रतीक मेहरा को 21-14, 21-7 से हराया। दूसरे मुकाबले में सुरेश कर्नाटक व हरीश अधिक. ारी ने रमेश बिष्ट व रमेश बोरा को सीधे सेटों में हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। अंडर-17 आयु वर्ग के मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने दमखम दिया। इस मौके पर यहां उत्तरांचल बैडमिंटन संघ के महासचिव बीएस मनकोटी, कुलसचिव डा. डीएस बिष्ट, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्य, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, राहुल प्रधान, दिगंबर, चंद्र शेखर तिवारी, नवीन चुफाल, प्रकाश पुजारी, वंदना सुयाल, गोकुल मेहता, राकेश जायसवाल, डा. संतोष बिष्ट, संजय नज्जोन, लियाकत अली आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप कल से

**बागेश्वर।** केदारेश्वर मैदान में 5 से 9 फरवरी तक राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से 96 पायलटों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें से 50 से 60 पायलट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता जालेख की पहाड़ी से उड़ान भरकर केदारेश्वर मैदान में सटीक लैंडिंग पर आधारित होगी, जहां प्रतिभागियों की उड़ान क्षमता और नियंत्रण कौशल की परीक्षा ली जाएगी। विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि रखी गई है। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लिया और उड़ान भी भरी। उन्होंने कहा कि साहसिक खेलों से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### रेशम और लघु उद्योग गतिविधियों का निरीक्षण

**बागेश्वर।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) आरसी तिवाड़ी ने बागेश्वर जनपद में संचालित कृषि, रेशम और लघु उद्योग गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देवकी लघु वाटिका में स्थापित मूगा रेशम फ्रूट प्लांट और राजकीय रेशम फार्म का निरीक्षण किया। सीडीओ ने रेशम विभाग को मूगा रेशम के पौधों का रोपण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके बाद, उन्होंने विकासखंड बागेश्वर के नदीगांव स्थित गोदावरी धूप लघु उद्योग का निरीक्षण किया, जहां 10 स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए विपणन को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने ग्राम सातरतवे का भी दौरा किया, जहां कृषि विभाग द्वारा मॉडल ग्राम विकसित किया जा रहा है। उन्होंने उच्च गुणवत्ता मानकों पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान हरीश सिंह के पोल्ट्री फार्म और सेब बागान का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निरीक्षक रेशम बृजेश रतूड़ी, प्रभारी महाप्रबंधक चंद्र मोहन सिंह रावत और प्रभारी मुख्य कृषि अधिकारी राजेंद्र उप्रेती समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक सुरेश गढ़िया ने किया जनसम्पर्क

**बागेश्वर।** विधान सभा कपकोट के विभिन्न गांवों में पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने जन संपर्क कर लोगो से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जन सेवा के लिए वचनबद्ध है, लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाएगा। विधायक गढ़िया ने शिखर मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाथी, चुचेर एवं माँजखेत में पहुँचकर जनता से संवाद किया। उन्होंने जगह जगह चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि में राजनीति को सेवा का माध्यम मानता हू। क्षेत्र की जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूँजी है और उसी विश्वास को निभाना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके से ही समाधान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिखर हरीश को. रंगा, आनंद मेहता, राजेंद्र सिंह दानू, ग्राम प्रधान विनोद कुमार, देवी दत्त पाठक, गजेंद्र कोरंगा, कैलाश पाठक, मंगल राम, लीला धर पाठक रहे।

### द्रोणासागर टीले पर पिंजरे में फंसा तेंदुआ

**काशीपुर।** द्रोणासागर टीले पर लगातार प्रयासों के बाद गत सायं एक और तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया गया। तेंदुए के पकड़े जाने से टीला परिसर और आसपास के क्षेत्रों में फैली दहशत कम हो गई है। वन विभाग की सतर्क रणनीति के बाद टीले पर तेंदुए को सुरक्षित रूप से पिंजरे में कैद किया गया। बताया जा रहा है कि द्रोणासागर टीला क्षेत्र में लंबे समय से तेंदुए की आवा. जाही बनी हुई थी। समय-समय पर तेंदुए के दिखाई देने से न केवल किले में कार्यरत कर्मचारियों, बल्कि आसपास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों में भी भय का माहौल था। पूर्व में भी तेंदुए की मौजूदगी को लेकर कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है। टीला क्षेत्र में रहने वाले गगन विनायक ने बताया कि अभी टीला क्षेत्र में लोगों के द्वारा दो और तेंदुए को देखा गया है। उनके लिए भी पिंजरा लगाया जाना चाहिए। वन रेंजर देवेंद्र रजवार ने बताया कि टीला क्षेत्र से एक और तेंदुए को पकड़ा गया है। अभियान अभी भी जारी है।

### पुराना मानदेय के लिए डीएम से लगाई गुहार

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट लिमिटेड के श्रमिकों ने एक बार फिर फैक्ट्री को खोले जाने व उनका पुराना मानदेय का भुगतान किए जाने को लेकर डीएम से गुहार लगाई। श्रमिकों ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन के बाद कंपनी द्वारा उन्हें भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया गया है। जिसके चलते कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। श्रमिकों ने गुहार लगाते हुए खदान का शीघ्र संचालन किए जाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से शासन और प्रशासन को ज्ञापन भेजा गया था। ज्ञापन में बताया गया कि दिसंबर 2025 में जिलाधिक. ारी कार्यालय में हुई बैठक में कंपनी प्रबंधन ने एक महीने के भीतर खदान खोलने और प्रत्येक माह की 15 तारीख को वेतन भुगतान का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक न खदान खोली गई है और न कर्मचारियों को वेतन मिला है। जिससे कर्मचारियों में असंतोष है।

## रानीबाग में बहुउद्देशीय आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीबाग में आज बुधवार को 'जन-जन की सरकार जन-जन के द्वारा' अभियान के तहत एक वृहद बहुउद्देश्यीय शि. विर का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे ने बताया कि इस शिविर में उत्तराखंड शासन के सचिव, महिला सशक्तिकरण और बाल विकास चन्द्रेश कुमार प्रतिभाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में विभिन्न सरक. ारी विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से नागरिकों को इन योजनाओं के बारे में जानक. ारी दी जाएगी। उन्होंने बताया यह शिविर नागरिकों को राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें इन योजनाओं से जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा। शिविर में एक ही स्थान पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लोगों को आसानी से लाभ मिल सकेगा। यह शिविर सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा जनविश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्य विकास अधिक. ारी ने बताया कि शिविर के बाद चन्द्रेश कुमार क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके साथ ही 5 फरवरी को साढ़े दस बजे सचिव द्वारा कलक्ट्रेट सभागार, नैनीताल में जिला स्तरीय अधिकारियों, विभिन्न स्टेकहोल्डर्स और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले में चल रही विकास योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

# चौपाल लगा सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



## अपर सचिव ने निस्तारण के निर्देश दिए

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** अपर सचिव प्रकाश चंद्र द्वारा विकासखंड भैंसियाछाना के ग्राम पंचायत काचुला में स्थलीय निरीक्षण एवं चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में ग्राम प्रधान काचुला, पूर्व ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी, नायब तहस. ीलदार, सहायक खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिक. ारी, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, विभागीय कार्मिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अपर सचिव द्वारा ग्रामीणों से जनसंवाद कर ग्रामीण स्तर पर संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली गई। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल सुविधा, सड़क, आवास, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में चर्चा करते हुए स्थलीय सत्यापन भी किया गया। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि वे विभिन्न विकासपरक योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में कुछ आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की कमी की जानकारी भी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से खेल मैदान, सीएससी सेंटर, सड़क निर्माण, डिजिटल लाइब्रेरी, बारात घर, साम. ुदायिक भवन, चाय नर्सरी एवं खेती से संबंधित सुविधाएं शामिल हैं। इस पर अपर सचिव ने संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु इन्हें शासन स्तर पर प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया। अपर सचिव द्वारा ग्रामीणों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानक. ारी दी गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा, कृषि के अंतर्गत परंपरागत खेती को बढ़ावा, भूमि संबंधित वादों का निपटारा, चारागाह विकास, सिंचाई संसाधनों का विकास तथा होमस्टे को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा।

# भोजनमाता संगठन ने रैली निकालकर दिया ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाद्दाता


**काशीपुर।** विभिन्न मांगों और विभागीय अनदेखी से आक्रोशित भोजन माताओं ने प्रगतिशील भोजनमाता यूनियन के बैनर तले रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन करने के बाद 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए शासन-प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगी।

एसडीएम कार्यालय पहुंची भोजन माताओं ने कहा कि वे लंबे समय से जिला और खंड स्तर पर अधिकारियों को पत्र दे रही हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन द्वारा घोषित मानदेय भी अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिसके चलते वे भारी आर्थिक तंगी और मान. सिक तनाव के दौर से गुजर रही हैं। ज्ञापन में भोजन माताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भोजन बनाने के अलावा उनसे स्कूलों में सफाई, माली और चौकीदारी जैसे चतुर्थ श्रेणी के कार्य जबरन कराए जा रहे हैं। उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा बनाए जाने वाले खाने पर रोक लगाने की मांग की। भोजन माताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान बबीता, सविता, शारदा, गीता, रेखा, हेमलता, संगीता, पूजा, मंजू देवी, शबाना, सरोज, शकुंतला, कौशल्या, बीना देवी आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस से मिला पूर्ण समर्थन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** भोजन माताओं की मांगों के समर्थन में महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अलका पाल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भोजन माताओं को नियमित न करना सरकार का नारी विरोधी चेहरा दिखाता है।



भोजन माताओं को मिलने वाला मानदेय उनकी मेहनत और जिम्मेदारी के अनुरूप नहीं है। वर्षों से भोजन माताएं सीमित आय में कार्य कर रही हैं, इससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने जैसे संवेदनशील कार्य के बावजूद भोजन माताओं को ऐसा मानदेय दिया जा रहा है, जिससे परिवार का न्यूनतम खर्च भी पूरा नहीं हो पा रहा। अलका पाल ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जब शासन से पांच हजार मासिक मानदेय घोषित है तो तीन हजार रूपए उनको क्यों दिए जा रहे हैं, यह दो हजार रूपए आखिर कहां जा रहे हैं? यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भोजन माताओं को न्याय दिलाने तक उनके हकों की लड़ाई जारी रखेगी।

# 31.63 करोड़ की लागत से होगा गिरीताल का कायाकल्प

## नगर निगम सभागार में विभागीय अधिकारियों व गणमान्यों के सम्मुख दिया प्रजेंटेशन





शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** अब गिरीताल के दिन भी बदलने वाले हैं। अब यह इतना शानदार नजर आएगा कि काशीपुर के लोगों ने सोचा भी नहीं होगा। 31 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से इसका सौंदर्यीकरण करने हेतु तैयार की गई ड्राइंग का आज यहां नगर निगम में महापौर दीपक बाली व बड़ी संख्या में मौजूद नगरवासियों के सम्मुख प्रजेंटेशन दिया गया, जिसे देखकर सभी दंग रह गए।

इस दौरान जानकारी दी गई कि 8 जोन में बांटकर बनाए जाने वाले गिरीताल पर पार्किंग एरिया, वॉटर फाउंटेन, जॉकिंग ट्रैक, साइकि. लिंग ट्रेक, थिएटर, झील और जंगल ट्रैक भी होगा। यहां सुंदर लाइब्रेरी शानदार इको टूरिज्म की सुविधा, जिम एवं योग, किड्स प्ले, रेस्टोरेंट, प्राइवेट विलाज, सखी हाट जैसा सभी कुछ होगा। यहां आने वाले लोगों को ऐसा एहसास होगा कि जैसे वे कहीं विदेश में बैठे हों। यहां कि पौराणिकता एवं मंदिरों की आभा को भी ज्यों का त्यों सजा कर रखा गया है। इस दौरान महापौर दीपक बाली मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका काशीपुर के विकास के प्रति लगातार आशीर्वाद मिल रहा है। बस अब जरूरत है, इस विकास कार्य में शहर के लोगों के सहयोग की। उन्होंने हिंदी प्रेम सभा से अनुरोध किया कि गिरीताल को सजाने में वह अपना सहयोग दें और जो क्षेत्र उसके अधिकार क्षेत्र में है उसे गिरीताल के सौंदर्यीकरण में शामिल करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करें। इस प्रेजेंटेशन में पांच वेंडिंग जोन जो सीतापुर अस्पताल के पास, गिरीताल रोड, हीरो होंडा शोरूम के बराबर में, दुर्गा कॉलोनी क्षेत्र आदि में बनने जा रहे हैं उनमें लगभग 250 दुकान होंगी जिन पर करीब 7.14 करोड़ रुपये का खर्च आ रहा है। महापौर ने कहा कि ठेले वालों को उत्पीड़न से बचाने और उनके कारोबार और सम्मान की रक्षा हेतु यह वेंडिंग जोन बनाए गए हैं और अभी पांच वेंडिंग जोन और बनाने हैं। उन्होंने कहा कि काशीपुर में शहर से एक किलोमीटर बाहर करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से डॉग शेल्टर हाउस बनाया जा रहा है, जो भारत का पहला शानदार शेल्टर हाउस होगा। उन्होंने कहा कि पांडिचेरी के बाद काशीपुर नगर निगम ऐसा देश में दूसरा शहर बन गया है, जहां रात में तीन बजे तक भी सफाई होती है। इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों, पार्षदों, विभागीय अधिका. रियों और आम जनमानस ने भाग लिया और किए गए प्रेजेंटेशन की प्रशंसा की। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, मुक्ता सिंह, उप जिला. धिकारी अभय प्रताप सिंह, तहस. ीलदार पंकज चंदोला, डॉ. यशपाल रावत, कैलाश प्रजापति एडवोकेट, हिंदी प्रेम सभा के अध्यक्ष राजवीर सिंह खोखर एडवोकेट, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अमित कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता केशव सिंह, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, इस प्रेजेंटेशन को बनाने वाले आर्किटेक्ट संस्कृति गुप्ता सक्सेना, इंजीनियर सारांश सक्सेना सहित सभी पार्षद व अन्य लोग मौजूद थे।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर चर्चा



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** महर्षि मार्कण्डेय सनातन समिति बागेश्वर ने भारतीय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से की गई, इसके बाद गौ पूजन कर गौ सेवा के महत्व पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। मुख्य वक्ता संघ के प्रचारक कमल जी भाई ने संघ की वसुधैव कुटुंबकम् विचारधारा पर चर्चा की, जबकि महिला संयोजक रेखा खेतवाल ने संघ के महिला सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। अन्य वक्ताओं ने समाज में परिवर्तन के लिए संस्कृति, सद्भाव, सरल विचार, धर्म और वसुधैव कुटुंबकम् की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में विवेकानंद विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा लव कुश कथा का मंचन और आनंदी एकेडमी के बच्चों द्वारा प्रकृति पर आधारित प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक पार्वती दास, नगर पालिका चेयरमैन सुरेश खेतवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभा गढ़िया, शेर सिंह मलडा, और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य एएस तोपाल ने किया।

## शिक्षण सामग्री प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बागेश्वर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रारंभिक शिक्षक शिक्षा को नवाचार और गतिविधि आधारित अधिगम से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राज्य स्तरीय नवसृजन शिक्षा नवाचार शिक्षण सामग्री प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या और डायट प्राचार्य चक्षुपति अवस्थी ने किया। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न जिलों नैनीताल, उधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर आदि से पहुंचे प्रशिक्षुओं द्वारा बनाए गए मॉडलों का निरीक्षण किया। अतिथियों द्वारा मॉडलों की सराहना की गई। एलटीएम के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने शिक्षा के सरलीकरण को प्रदर्शित किया। विधायक पार्वती दास ने कहा कि यह कार्यक्रम डीएलएड प्रशिक्षण को अधिक व्यावहारिक, गतिविधि आधारित और नवाचारोन्मुख बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है।

# नेपाल की एसओजी भंग अब क्या करेगी पुलिस!

## जनकराज की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की बढ़ी मुश्किलें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की सबसे बड़ी चोरी, राधिका ज्वैलर्स में सवा करोड़ की चोरी के मास्टर माइंड जनकराज जोशी की गिरफ्तारी को लेकर हल्द्वानी पुलिस को तगड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, नेपाल की एसओजी की मदद से पुलिस उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी, लेकिन नेपाल ने हाल ही में अपनी एसओजी को भंग कर दिया है, जिससे पुलिस की योजना पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

बता दें कि राधिका ज्वैलर्स में चोरी की वारदात 19 दिसंबर 2022 की रात हुई थी, जब चोरों ने दुकान में सेंध लगाकर करीब सवा करोड़ के जेवर और नगदी चोरी कर ली थी। इस वारदात को नेपाल, झारखंड और महाराष्ट्र के गैंग ने मिलकर अंजाम दिया था, जिसमें नेपाली मूल का सरगना मकसूद भी शामिल था। हालांकि, डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी

- हल्द्वानी के राधिका ज्वैलर्स में हुई सवा करोड़ की चोरी का मास्टरमाइंड है जनकराज
- नेपाल एसओजी की मदद से जनकराज तक पहुंचने की जुगत में थी पुलिस

जनकराज जोशी मुख्य आरोपी था। जनकराज पिछले कई महीनों से हल्द्वानी के मुखानी थाना क्षेत्र के रामड़ी जसुवा इलाके में सब्जी बेचकर रेकी कर रहा था।

इस मामले में पुलिस ने झारखंड और नेपाल के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें झारखंड के गैंग का जनकराज जोशी अब तक पुलिस के हाथ नहीं आया है।

मुख्य आरोपी जनकराज की गिरफ्तारी के लिए एक सप्ताह पहले हल्द्वानी पुलिस की एक टीम नेपाल रवाना हुई थी, जहां पुलिस नेपाली एसओजी की मदद से उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी। जनकराज कंचनपुर, नेपाल का निवासी है, और अब तक भारतीय पुलिस को नेपाल की एसओजी का साथ मिल रहा था। लेकिन दो दिन पहले ही नेपाल की उस एसओजी को भंग कर दी। जिससे हल्द्वानी पुलिस के ऑपरेशन को बड़ा झटका लगा है। समस्या यह है कि बिना भारत सरकार के गृह मंत्रालय की अनुमति के हल्द्वानी पुलिस नेपाल की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकती। और अब जिस एसओजी की मदद से पुलिस जनकराज को पकड़ने की योजना बना रही थी, उसे नेपाल सरकार ने भंग कर दिया। अब पुलिस को नई रणनीति पर विचार करना होगा, लेकिन जनकराज की गिरफ्तारी में पुलिस के लिए समय और मुश्किलें दोनों बढ़ गई हैं।

## दादा ने डांटा पोता, दादा के ढाबे में फंदे से लटका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गलत काम करे पोते को जब दादा ने पकड़ लिया और उसकी जमकर डांट लगा दी। लेकिन पोते को दादा की बात इतनी नागवार गुजरी और उसने घर पहुंचकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। दादा ने घर पहुंचकर पोते को फंदे से लटका देखा तो चिखपुकार मच गई। आनन फानन में उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि उजालानगर निवासी 15 साल का किशोर सातवीं की छात्र था और यहां अपने दादा के साथ रहता था। उसके दादा का होंडा शोरूम तिराहा बरेली रोड पर ढाबा चलाते है। आज मंगलवार की सुबह वह दादा के साथ उनके ढाबे पर मौजूद था। किशोर अपने दादा से छिप कर बीड़ी पी रहा था, लेकिन तभी उसे दादा ने उसे देख लिया। इससे वह बेहद नाराज हुए और पोते को जमकर डांट लगा दी। इसके बाद दादा ढाबे से बाहर निकल गए और जब कुछ देर बाद अंदर पहुंचे तो उनके होश फाख्ता हो गए। पोते का शव फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन में लोगों की मदद से उन्होंने पोते को फंदे से नीचे उतारा और सुशील तिवारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि मृत किशोर के पिता पंजाब में रहकर काम करते हैं। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परि. जनों को सौंप दिया।

## तारकासुर वध की गाथा का वर्णन

### जो ईश्वर-दर्शन तत्क्षण घट में करवाए, वही है सच्चा गुरु: डा. सर्वेश्वर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कॉलेज के प्रांगण में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय भगवान शिव कथा के छठवें दिन तारकासुर वध की गाथा का सुंदर रूप से व्याख्यान किया। मंगलवार को एमबी इंटर कालेज मैदान में आयोजित कथा स्थल पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य कथाव्यास डा. सर्वेश्वर ने शिव भक्तों को तारकासुर वध की गाथा का सुंदर व्याख्यान करते हुए कहा कि तारक. ासुर ने कठोर तपस्या कर यह वरदान प्राप्त किया था कि उसकी मृत्यु केवल शिवपुत्र के हाथों ही होगी। तारकासुर ने यह सोचकर कि शिव वैरागी हैं, कभी विवाह नहीं करेंगे और उनका कोई पुत्र नहीं होगा, स्वयं को अमर मान लिया और प्राणियों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। लेकिन जब शिव और पार्वती का विवाह हुआ और उनके यहाँ कुमार कार्तिकेय का जन्म हुआ, तो देवताओं ने कुमार को देवसेना का सेनापति बना कर तारकासुर पर चढ़ाई की। कुमार कार्तिकेय ने वीरता से तारक. ासुर का वध कर उसके आतंक और भय के साम्राज्य को समाप्त कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि तारक. ासुर का प्रतीक आज समाज में उन तथाकथित धर्मगुरुओं के रूप में देखा जा सकता है, जो दूसरों को ईश्वर का दर्शन देने का दावा करते हैं, लेकिन स्वयं उन्होंने कभी ईश्वर का दर्शन नहीं किया और न ही उनके पास किसी को सच्चा अनुभव करवा पाने की क्षमता होती है। ऐसे झूठे धर्मगुरु लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमें ऐसे पूर्ण गुरु की पहचान करनी चाहिए, जो दीक्षा के समय मस्तक पर हाथ रख कर तुरंत ईश्वर का दर्शन करवा दें। उन्होंने कहा कि अगर हम इस तरह के सद्गुरु को कहीं न पाएं, तो दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में ईश्वर का तत्क्षण प्रत्यक्ष दर्शन करवाया जाता है। ऐसे सच्चे जिज्ञासु संस्थान का स्वागत करते हैं। कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल, दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, भगवान सहाय, राज. कुमारी अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, दिवान सिंह डोगरा, शुभांगी अग्रवाल, राजेंद्र कुमार गुप्ता, संध्या गुप्ता, सुचिता गुप्ता, प्रदीप बिष्ट, राजेश अग्रवाल, ललित जोशी, हरिमोहन मोना, रितेश डाबर रहे।

## शिव ही सृष्टि के निर्माता और पालनहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यहां शहर के शिव मंदिर चांदनी चौक बल्यूटिया में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है मंगलवार को कथा वाचक आचार्य नवीन चन्द्र उपाध्याय ने शिव पार्वती विवाह का बहुत ही सुंदर प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि श्रद्धा माता पार्वती है जबकि विश्वास भगवान भोलेनाथ हैं अर्थात जब श्रद्धा और विश्वास पूरी तरह से जीवन में उतर जाए तो शिव और शक्ति का ज्ञान हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह संपूर्ण सृष्टि शिवमय है और इसका केंद्र शक्ति है अर्थात शिव और शक्ति में कोई भेद नहीं है, शिव और शक्ति के बिना संसार की कल्पना भी संभव नहीं है क्योंकि वे ही सृष्टि के निर्माता पालनहार और संघार करता है। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा का श्रवण करने से मनुष्य की सात पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है शिव महापुराण की कथा हमें



बताती है कि यह मनुष्य शरीर पृथ्वी जल अग्नि वायु और आक. ाश तत्व से मिलकर बना है और एक दिन उसी में विलय हो जाना है इसलिए प्राणी को अपने जीवन में उस हरि नाम को कभी नहीं भूलना चाहिए जिनका स्मरण स्वयं भोलेनाथ भी करते है। शिव कथा में मुख्य यजमान कुन्दन सिंह बोहरा, कुसुम बोहरा, शंकर सिंह बोहरा, पूजा बोहरा सहित स्वामी चन्दन सिंह जीना, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, हिमांशु सगरौला, हेमा सगरौला, लक्ष्मण सिंह मेहरा, शान्ति मेहरा मौजूद रहे।

## नीरज तिवारी बने कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी, पूर्व



जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने और पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया है। श्री तिवारी अपने नए दायित्व का निर्वहन तत्काल प्रभाव से करेंगे।

## आधी रात चला पुलिस का ऑपरेशन रोमियों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते सोमवार रात को पुलिस ने ऑपरेशन रोमियो के तहत सड़क किनारे शराब पीकर महिलाओं और लड़कियों पर फब्तियां कसने वाले 99 लोगों को पकड़ा। यह कार्रवाई अचानक शुरू हुई और इसमें शामिल सभी व्यक्तियों से 23,200 रुपए का जुर्माना वसूला गया। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस ने देर रात ऑपरेशन शुरू किया। एसपी क्राइम डा. जगद. ीश चंद्रा के नेतृत्व में नैनीताल सर्किल के सभी थानों और एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल के नेतृत्व में हल्द्वानी सर्किल के सभी थाना क्षेत्रों में थानाध्यक्षों व पुलिस टीम ने अभियान



चलाकर सभी चौक चौराहों, भीड़-भाड़ वाले, संवेदनशील स्थानों और दुकान में शराब पीने पिलाने वालों पर कार्रवाई की। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने, अशांति फैलाने वाले 99 अराजक तत्वों पर पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 23200 रुपए का जुर्माना जमा कराया गया। जबकि 32 वाहन चाल. कों का चालान कर 20 हजार रुपए जुर्माना वसूला। एसएसपी ने कहा महिलाओं की सुरक्षा, समाज में शांति और व्यवस्था बनाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता और सबकी जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करें। नशे से दूर रहें, खुद सुरक्षित रहें और दूसरों की जान भी बचाएं। अशांति फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### रेस्टोरेंट के बाहर शराब बेचता एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** ट्रांसपोर्ट नगर में शराब की अवैध बिक्री का खेल एक बार फिर सामने आया है। पुलिस ने एक युवक को देसी और अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया, जो एक रेस्टोरेंट के बाहर शराब बेच रहा था। जानकारी देते हुए कोतवाल विजय मेहता के बताया कि बीते सोमवार की शाम एसएसआई भूपेन्द्र सिंह मेहता पुलिस टीम के साथ ऑपरेशन रोमियो के तहत गश्त पर थे। तभी मुखबिर की सटीक सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गुप्ता रेस्टोरेंट के बाहर एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि रेस्टोरेंट के बाहर एक युवक कटे लेकर खड़ा था और आने-जाने वालों को कट्टे से निकाल कर शराब बेच रहा था। सटीक सूचना पर पुलिस ने आरोपी को धर दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम सुरेश चन्द्र पुत्र उर्वादत्त जोशी निवासी ग्राम कोटाकुना नरौली, थाना दन्या, जिला अल्मोड़ा बताया। साथ ही बताया कि वह फिलहाल ट्रांसपोर्ट नगर में रहता है। पुलिस ने उसके पास से अंग्रेजी शराब के 28 पव्वे और देसी शराब के 81 टेट्रा पैक बरामद किए। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

### आनंद बल्लभ उप्रेती की याद में समारोह 22 को

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ कथाकार पत्रकार स्व. आनन्द बल्लभ उप्रेती के 13वें स्मृति समारोह में आईजी करन सिंह नगन्याल, चिकित्सक महिमन सिंह दुग्ताल, समाज सेवी घनश्याम ग्वाल सहित 13 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। हिमालय संगीत शोध समिति की ओर से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी हिमालय के लोक व्यवहार में कला और विज्ञान के आयोजन के लिए बैठक में यह घोषणा की गई। फली सिंह दताल व डा. पंकज उप्रेती ने बताया कि 22 फरवरी को होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री डा. जीवन सिंह तितियाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, दर्जा मंत्री नवीन चंद्र वर्मा एवं सेनि. सहायक कमिश्नर अशोक सिंह गर्ब्याल उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आनन्दश्री सम्मान से सम्मानित होने वाले लोगों में डा. गोविंद सिंह तितियाल, करन सिंह नगन्याल, डा. महिमन सिंह दुग्ताल, घनश्याम ग्वाल, जीवन सिंह सीपाल, देव सिंह पंचपाल, नरेंद्र सिंह पितियाल, पंकज जोशी, ललित मोहन बेलवाल, हर्ष रावत और पवन कुंवर शामिल है। बैठक में आचार्य धीरज उप्रेती ने समारोह की रूपरेखा बताई।

### राधा आर्या को मिली नई जिम्मेदारी

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने राधा आर्या को उनके संगठन के प्रति समर्पण, मेहनत और लगन को देखते हुए राजीव गांधी



पंचायत राज संगठन, हल्द्वानी का महानगर समन्वयक नियुक्त किया है। बता दें कि राधा आर्या इससे पूर्व युवा कांग्रेस में उपाध्यक्ष एवं महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए संगठनात्मक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं। इसके अलावा वे हल्द्वानी नगर निगम की पार्षद भी रह चुकी हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राधा आर्या को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए आशा जताई है कि उनके अनुभव से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी।

### भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर संगोष्ठी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में 'भारतीय शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की भूमिका' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने किया। संगोष्ठी में भारतीय शिक्षा प्रणाली के ऐतिहासिक गौरव, वर्तमान चुनौतियों और शिक्षकों की भूमिका पर गहन मंथन हुआ। मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्र संयोजक जगराम ने प्राचीन भारतीय शिक्षा परंपरा, गुरुकुल व्यवस्था और नालंदा-तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों की वैश्विक ख्याति पर प्रकाश डालते हुए मूल्यपरक शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। कुलपति प्रो. लोहनी ने कहा कि भारत में शैक्षणिक विमर्श की समृद्ध परंपरा रही है, जिसकी आज भी प्रासंगिकता है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय शिक्षा, पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धतियों में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे विमर्श भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम डा. बीना फुलारा, प्रो. अरविंद भट्ट सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षाविद मौजूद रहे।

### तहसील दिवस में उठी इंदिरा नगर की समस्याएं

**हल्द्वानी।** तहसील दिवस के अवसर पर पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में इंदिरा नगर बनभूलपुरा के बड़ी संख्या में महिला और पुरुष फरियादी तहसील पहुंचे। तहसीलदार हल्द्वानी ने लोगों की जनसमस्याएं सुनीं और कुछ मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। तहस. ीलदार ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका समयबद्ध समाधान करें। इस दौरान शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर की अनेक समस्याएं लिखित रूप में दर्ज कराते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। इस अवसर पर मशहूर अहमद, फहीम अहमद, कर खान, जुनैद गफ्फारी, माया देवी, जय देवी, रेखा, राखी, सन्नो, रेशम, मेहरुन्निसा, रेशम शाहिद मौजूद रहे।

## उत्तराखंड में वोविनाम को मिलेगा बढ़ावा

### देहरादून में खेल मंत्री से मिले एसोसिएशन के पदाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पदाधिकारियों ने देहरादून में उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल से मुलाकात कर राज्य में वोविनाम खेल के विकास और खिलाड़ियों के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि पाल भारती ने बताया कि बैठक में प्रदेशभर में वोविनाम खिलाड़ियों को बेहतर अवसर, सरकारी योजनाओं में खेल को शामिल करने और आगामी खेल महाकुंभ सहित प्रमुख राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में वोविनाम को शामिल करने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि वोविनाम



को ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) की मान्यता प्राप्त है, जिससे उत्तराखंड के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर बढ़ते हैं। खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि राज्य सरकार वोविनाम जैसे उभरते खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल ने युवा कल्याण विभाग की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वा. सन दिया। महासचिव विनोद लखेरा ने बताया कि वोविनाम एक वियतनामी मार्शल आर्ट है, जो शारीरिक फिटनेस, आत्मरक्षा और मानसिक अनुशासन का समन्वय है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव विनोद लखेरा, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, अमित चौधरी मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान प्रेमा बिष्ट भाजपा में शामिल हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दोहनिया में ग्राम प्रधान प्रेमा बिष्ट की अध्यक्षता में उनके आवास पर आयोजित भाजपा के सदस्यता कार्यक्रम में 10 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रेमा बिष्ट एवं प्रधान प्रतिनिधि महिपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि केंद्र सरकार एवं उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में हो रहे निरंतर विकास कार्यों से वे और क्षेत्र की जनता गहराई से प्रभावित है। विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि भाजपा सेवा, सुशासन और विकास की राजनीति में विश्वास रखने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के माध्यम से गांव, गरीब, किसान, महिला एवं युवा कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत दोह. निया में लोगों का भाजपा से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता का भरोसा पार्टी की नीतियों, कार्यशैली और नेतृत्व पर निरंतर बढ़ रहा है। इस अवसर पर वहां मंडल महामंत्री विनोद बधानी, घनानंद सकटा, क्षेत्र पंचायत सदस्य हरपाल जखवाल, ग्राम प्रधान प्रकाश चंद्र तिवारी, विनोद बुडलाकोटी, भगत सिंह नेगी, हरीश ढोंडियाल, सारिका बधानी, कुबेर मेहरा, नानू मेहरा, देवेंद्र मेहरा, दमयंती देवी, पुष्कर सिंह, अमित जोशी, पवन सिंह, जीवन सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## गौलापार स्टेडियम में क्रिकेट लीग स्थगित, दर्शकों का हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में आयोजित की जा रही एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग (ईवीसीएल) का उद्घाटन मुकाबला स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को पहला मैच उत्तराखंड सोल्जर्स और दिल्ली नाइट्स के बीच खेला जाना था, लेकिन आयोजक के एक पार्टनर के निधन के कारण मुकाबला रद्द करना पड़ा। मैच के स्थगित होने की सूचना मिलते ही स्टेडियम में मौजूद दर्शक नाराज हो गए और भड़क उठे। हालांकि आयोजकों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि उनके पार्टनर का आकस्मिक निधन होने के चलते शोक में यह निर्णय लिया गया है। आयोजक विकास ढाका ने बताया कि दिल्ली निवासी उनके वरिष्ठ पार्टनर प्रमोद सिंह का दिल्ली से हल्द्वानी आते समय हृदय गति रुकने से निधन हो गया। शोक की इस घड़ी में आयोजन को स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन मुक. ाबला बुधवार को खेला जाएगा। उन्होंने कि जिन दर्शकों ने टिकट खरीदे हैं उन्हें आगामी मैचों में समायोजित किया जाएगा। जबकि स्टेडियम पहुंचे एक दर्शक ने बताया कि उन्होंने पांच टिकट 7500 में खरीदे थे, लेकिन मैच न होने के बावजूद टिकट का पैसा वापस नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि शाम करीब 5.40 बजे तक टिकटों की बिक्री जारी रही, जबकि मैच स्थगित होने की सूचना बाद में दी गई। बता दे कि लीग के उद्घाटन अवसर पर लोक गायक राकेश खनवाल, कैलाश कुमार, रागनी ग्रुप, हर्षिता कोहली और अंकित कुमार की प्रस्तुतियां प्रस्तावित थी। प्रतियोगिता में मसूरी किंग्स, यूपी वारियर्स, हल्द्वानी टाइगर्स, दिल्ली नाइट्स, उत्तराखंड सोल्जर्स और वाराणसी वाइपर्स की टीमें हिस्सा ले रही है।

## टैक्सी वालों का धरना टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टैक्सी-मैक्सी वाहन चाल. कों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को प्रशासन और टैक्सी मैक्सी महासंघ के पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई। यह बैठक आयुक्त कुमाऊं एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसपी सिटी मनोज कत्याल, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन डा. गुरदेव सिंह तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिक. ारी वीके सिंह ने टैक्सी मैक्सी महासंघ के पदाधिकारियों से संवाद किया। बैठक के दौरान टैक्सी मैक्सी महासंघ से एटीएस के माध्यम से वाहनों की फिटनेस किए जाने के विरोध में कल यानि आज से प्रस्तावित चक्का जाम आंदोलन को वापस लेने का आग्रह किया। अधिक. ारियों ने महासंघ को अवगत कराया कि पर्वतीय जनपदों में परिवहन कार्यालयों में पूर्व की भांति वाहनों की फिटनेस किए जाने को लेकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से पत्राचार किया गया है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही इस संबंध में अनुमति प्राप्त होने की संभावना है, जिसके बाद वाहनों की फिटनेस पुनः परिवहन कार्यालयों में ही की जाएगी, जिसके बाद यूनियन ने अपना आंदोलन वापस ले लिया। बैठक में टैक्सी मैक्सी महासंघ के उपाध्यक्ष भारत भूषण, टैक्सी यूनियन काठगोदाम के अध्यक्ष प्रशांत कुमार नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज भट्ट, हल्द्वानी टैक्सी यूनियन के उपाध्यक्ष करतार सिंह, उप सचिव बालकृष्ण भट्ट, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर अधिकारी, रंजीत नेगी आदि मौजूद रहे।

## एसी रिपेयरिंग का प्रशिक्षण दिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी हल्द्वानी द्वारा 30 दिवसीय रिफ्रिजरेटर और एसी रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मंगलवार को कुंवरपुर गौलापार स्थित बड़ौदा आरसेटी परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक दौलतपुर शाखा प्रबंधक शालिनी सिंह, बड़ौदा आरसेटी निदेशक अतुल कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षक नरेन्द्र सिंह पिलख्वाल, एफएलसी काउंसलर सुरेश कुमार बिष्ट और मास्टर ट्रेनर जयवीर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस प्रशिक्षण में जिले के 28 पुरुष प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। शाखा प्रबंधक शालिनी सिंह ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते



हुए उन्हें इस प्रशिक्षण को पूरी तल्लीनता और अनुशासन के साथ पूरा करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्राप्त कौशल का उपयोग कर अपना स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया। निद. ेशक आरसेटी अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण संस्थान 2011 से ग्रामीण विकास मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार के सहयोग से जिले के 18 से 50 वर्ष आयु के स्वरोजगार इच्छुक व्यक्तियों को निशुल्क और आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। बैंक ऑफ बड़ौदा इस संस्थान का प्रमुख बैंक है और यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## सेमीफाइनल में एचसीसी और कोल्ट्स

### दिव्यजोत कोहली और पीयूष जोशी ने जीता मैन ऑफ द मैच का खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैच का पहला मुकाबला मंगलवार को जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 403 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम के लिए दिव्यजोत कोहली ने 102, वैभव मेहरा ने 96, अमित पटवाल ने 47, प्रांजल रैकवाल ने 46 और वंश रावत ने 45 रनों का योगदान दिया। बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अनिरुद्ध तिवारी ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिंदुखत्ता क्रिकेट अकादमी की पूरी



टीम 20वें ओवर में मात्र 79 रन बनाकर आलआउट हो गई और 324 रनों से मैच हार गई। कोल्ट्स के गेंदबाज देवानंद जोशी और कनिष्क बिष्ट ने 3-3 विकेट लिए। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार कोल्ट्स के बल्लेबाज दिव्यजोत कोहली को दिया गया। जबकि दूसरा मैच कॉर्बेट क्रिकेट ग्राउंड चकलुआ में एचसीसी और जीएनजी के मध्य खेला गया। जीएनजी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 32वें ओवर में 170 रन बनाकर आलआउट हो गई। एचसीसी के गेंदबाज विशाल खाती ने 4, पीयूष जोशी ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की टीम ने 30वें ओवर में ही 5 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार आल राउंड प्रदर्शन के लिए पीयूष जोशी को दिया गया। अंपायर की भूमिका में विनोद पंतोला, शिवम् पांडे, भूपेश शाही और विकल्प बिष्ट रहे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह और निकित जोशी ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, दिग्विजय कनवाल, विजय कुकसाल, विजय आर्या, विक्रम बोरा, मनोज पंत मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवक ने फांसी लगाकर जान दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अज्ञात कारणों के चलते आज मध्य रात्रि निकटवर्ती ग्राम महतोष मोड़ में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम महतोष मोड़ निवासी 30 वर्षीय सुशील दास पुत्र सुरेश दास जो आटों चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था ने अज्ञात कारणों के चलते मध्य रात्रि घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो उन्होंने चीख पुकार की। शोर की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग आ पहुंचे। इसी दौरान मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी से उतार कर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। अपने पीछे वह पत्नी व दो छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# डिवाइडर के 60-60 फिट तक दोनों ओर होगा सड़क निर्माण कार्य

- विधायक अरोरा ने काशीपुर बाईपास का अधिकारियों संग किया भ्रमण
- यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य जल्द होगा प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर क्षेत्र की सबसे व्यस्तम मार्ग कहा जाने वाला काशीपुर बाईपास रोड जहां घंटों लगने वाले जाम से निजाद मिलने जा रही है। विधायक शिव अरोरा ने पीडब्लूडी, जलसंस्थान विद्युत विभाग के अधिकारियो संग काशीपुर रोड का पैदल भ्रमण मौका मुआईना किया।

विधायक अरोरा ने कहा विगत एक माह पूर्व इसकी कार्य प्रगति को अंतिम रूप देने हेतु विभाग



के अधिकारियों संग अपने कार्यालय पर बैठक की थी, जिसमे डिवाइडर के 60-60 फिट दोनों और सड़क निर्माण पर प्रशासन के अधिकारियों संग सहमति बनी थी। वहीं मौका मुआईना करने पहुंचे विधायक को मीडिया के सामने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनके द्वारा जल संस्थान विद्युत विभाग को यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए धनराशि जारी कर दी गई है। वहीं यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण होने के बाद उनके द्वारा सड़क निर्माण का कार्य आरंभ किया जाएगा। वहीं जल संस्थान के ईई ने कहा उनके द्वारा शिफ्टिंग कार्य हेतु ई टेंडर चार फरवरी को लगा दिया जाएगा, जिसके बाद विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होते ही वह इसका कार्य को आरम्भ करेंगे। वहीं विद्युत विभाग के अधिसासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी ने बताया विद्युत विभाग इसके पोल शिफ्टिंग के कार्य को आगे एक दो दिन में ही या प्रारम्भ कर देगा।

जहां जहा जगह पर्याप्त है वहा। खम्बे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, रमेश ढींगरा, अभिमन्यु ढींगरा, पप्पल अरोरा, डंम्पी चोपडा, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, वैभव ग्रोवर, मोहित कक्कड़ व पीडब्लूडी से ईई केशव लाल, जेई बसेड़ा, विद्युत विभाग से अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी व जल संस्थान के ईई, जेई मौजूद रहे।

## एक नजर

# पूर्व विधायक ठुकराल के घर पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मंगलवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के वैशाली कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर उनकी माता दर्शना ठुकराल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए परिवार का ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की माता दर्शना ठुकराल का स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया था, जिसके चलते उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। कई दिनों तक अस्पताल में उपचाराधीन रहने के बाद अब वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। मंगलवार को यशपाल आर्य ने ठुकराल के आवास पर जाकर उनकी माता का कुशलक्षेम पूछा और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह लाडी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा और संजय ठुकराल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# सिक्स सिग्मा का शीतकालीन परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में सत्र 2025-26 (शीतकालीन) परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है।

परिणाम में एप्लाइड साइंस शाखा से तनिष्का कोहली, आशीष कुमार एवं मीरा गोल्दार ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष में मैकेनिकल इंजीनियरिंग (प्रोडक्शन) से आनंद, रिश्ता प्रकाश, सुदर्शन धुरी तथा तृतीय वर्ष से यतेंद्र कुमार, कार्तिक राणा एवं आकाश मजूमदार ने बेहतर प्रदर्शन किया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग (ऑटोमोबाइल) के द्वितीय वर्ष में मनोज पांडेय, भुवन चंद्रा, प्रीतम सिंह तथा तृतीय वर्ष से खीमा नंद, राकेश कुमार शिल्पी, पंकज कुमार मेरिट सूची में शामिल रहे। सिविल इंजीनियरिंग शाखा द्वितीय वर्ष से मनोज गंगवार, शीतल मेहता, अमित, तृतीय वर्ष से अपुर्व राय, निखिल नोलिया एवं विपुल चौहान ने सफलता प्राप्त की। वहीं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में द्वितीय वर्ष से राकेश जोशी, अमित सिंह, मोनिका राणा तथा तृतीय वर्ष से गौरव सागर, नीरज भट्ट एवं रोहित कुमार मंडल ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, मैनेजिंग डायरेक्टर सीए शिव अरोरा, डायरेक्टर सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर, शौर्य अरोड़ा, संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, फार्मेसी प्रधानाचार्य डा. प्रकाश पंत, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन तथा सभी शिक्षक-शिक्षकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

# एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू

- शिविर अनुशासन, सेवा भावना और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम: प्रधानाचार्य




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, नौगांव ठग्गू में सोमवार को शुभारंभ हुआ।

इस मौके पर ग्राम प्रधान राखी राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कहा कि वे चाहती हैं कि शिविर में आए सभी स्वयंसेवक इन सात दिनों में अपने जीवन को सफल बनाने हेतु चिंतन-मनन करें तथा समाज को एक नई दिशा देने का संकल्प लें। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि शिविर केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा भावना और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने कहा कि स्वयंसेवक इस शिविर के माध्यम से अपने जीवन के लिए यादगार अनुभव सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन विवेक जोशी द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे इन सात दिनों में नई ऊर्जा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ स्वयं को समाज के समक्ष एक आदर्श रूप में प्रस्तुत करें। प्रथम दिवस पर साफ-सफाई तथा पुष्पारोपण किया गया। इस दौरान आलोक सिंह, डॉ. रामजी वर्मा, अजय कुमार अवस्थी, योग शिक्षक मेवाराम, मोहित सिंह राणा, शेखर चंद्र कोठारी सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# दबंगों ने जमकर मचाया उत्पात, ताबड़तोड़ फायरिंग

- ग्रीन पार्क से काम कर लौट रहे युवक को बनाया निशाना, युवक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोमवार रात्रि दबंगों ने काशीपुर मार्ग पर जमकर उत्पात मचाया। ग्रीन पार्क में काम कर बाइक से घर वापस लौट रहे तीन दोस्तों पर पहले से घात लगाकर बैठे हथियारबंद दबंगों ने पीछे से टक्कर मारी और फिर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग झोंक दी। इस जानलेवा हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्राम डिबडिबा निवासी विक्की सोमवार की रात अपने दो दोस्तों के साथ ग्रीन पार्क में अपना काम निपटाकर बाइक से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक राइस मिल के पास पहुंची, वहां पहले से घात लगाकर बैठे कुछ दबंग युवकों ने अपनी बाइक से विक्की की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित होकर गिरने के बाद हमलावरों ने लाठी-डंडों से तीनों पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शी दोस्तों का आरोप है कि हमलावरों का मुख्य निशाना विक्की ही था। लगभग आधा दर्जन हथियारबंद युवकों ने दहशत फैलाने के लिए कई राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग भी की। गोलियों की आवाज और शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही विक्की के परिजन मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में उसे चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति चिंताजनक बताई है।

परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमलावरों ने पूर्व में भी विक्की पर हमला किया था। उस समय भी मुख्यमंत्री पोर्टल, बिलासपुर थाना और रुद्रबिलास चौकी मेंलिखत शिकायत दी गई थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए।

परिजनों का कहना है कि पुलिस की इसी लापरवाही के कारण हमलावरों ने दोबारा विक्की को घेरकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ग्रामीण मंडल के नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार को ताली फार्म आवास पर भारतीय जनता पार्टी बाजपुर ग्रामीण मंडल से नवनियुक्त विभिन्न मोर्चों के मंडल अध्यक्षों ने अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह नामधारी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य और संगठन को मजबूत करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम के दौरान बाजपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष कन्नू जोशी, मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट, समाजसेवी अमरजीत सिंह रंधावा, पप्पू रावत (युवा मोर्चा), जीत कौर (महिला मोर्चा), राजेंद्र सिंह (किसान मोर्चा), दलीप सिंह (अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा), जयपाल सिंह (अनुसूचित जाति मोर्चा), रमेश सिंह (अनुसूचित जनजाति मोर्चा) एवं जाफर अली (अल्पसंख्यक मोर्चा) उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सभी मोर्चों की सक्रिय भूमिका से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मजबूती आएगी। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# वसूली वारंट में फरार अभियुक्त को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर द्वारा जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली बाजपुर पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वसूली वारंट में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाली बाजपुर पुलिस ने वाद संख्या 128/24 धारा 125 सीआरपीसी के अंतर्गत जारी वसूली वारंट के क्रम में अभियुक्त धर्मवीर सिंह पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम इटव्वा, बन्नाखेड़ा को गिरफ्तार किया।

अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में शामिल रहे अपर उपनिरीक्षक भरत भंडारी, चौकी बन्नाखेड़ा, कांस्टेबल गिरीश पाटनी, मनोज करायत मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों, चोरी व लूटपाट करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस को सफलता मिली है।

अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। 25 जनवरी 2026 को बाजपुर स्थित दीनदयाल अस्पताल के सामने से सोलत अली पुत्र हसमत अली निवासी खानपुर, थाना स्वार, जिला रामपुर (उत्तर प्रदेश) की होंडा साइन मोटरसाइकिल संख्या UP22M1363 चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली बाजपुर में दो फरवरी 2026 को मुकदमा बीएनएस 2023 के तहत अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। चोरी की मोटरसाइकिल की बरामदगी के लिए प्रभारी निरीक्षक बाजपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तीन फरवरी 2026 को सुबह को मुखबिर की सूचना पर शुगर फैक्ट्री की पश्चिमी ऊंची दीवार के पास से अभियुक्त अजय पाल उर्फ सूटर पुत्र भगवतपाल, निवासी भौना इस्लामनगर को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल होंडा साइन बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस 2023 की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्त को मय माल मुकदमाती न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल, कांस्टेबल जगदीश कोटियाल, मोहम्मद इरफान आदि शामिल रहे।

**सम्मन**

**सम्मन वास्ते करादार उमर तन्कीह तलब**
**नाम-अदालतः सिविल जज (व.ख)**
**रामपुर, उ.प्र.**

नम्बर मुकदमा-170/22
नाम फरीकैन-प्रकाश चन्द्र राय बनाम विकास चन्द्र राय आदि।

**सम्मन बनाम......**

1.विकास चन्द्र राय पुत्र स्व. कृपाचार्य राय।
2.श्रीमति कविता राय पति विकास चन्द्र राय, निवासीगण, जगतपुरा रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

हरगाह वादी प्रकाश चन्द्र राय पुत्र स्व. कृपाचार्य राय निवासी अशोक नगर, कोलीनी मानपुर ओझा, तहसील-बिलासपुर, जिला रामपुर ने आपके नाम एक नालिश बावत 'स्थायी निषेधाज्ञा के दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि ये बतारीख हस्वजेल का असालतन या मार्फत के जो हालात मुक. दमा से करार बाकई याकिफ किया गया है और जो कुल अहन मुताल्बिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिनके पास कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे हवालात दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा भीकरे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें। जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अमर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुक. दमा गैर-हाजिरी आपका मसमुआ फैसला होगा।

दस्तखत मेरे और मौहर के आज बतारीख 2.2.26... जारी किया।

तारीख वास्ते जवाब व तन्कीह- 23.02. 2026

**मुन्सरिम**
**सिविल जज (व.ख.), रामपुर उ.प्र.**

# कायाकल्प टीम ने किया जिला चिकित्सालय का मूल्यांकन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पिथौरागढ़ जिला चिकित्सालय से आई एक टीम ने आज जिला चिकित्सालय में अनेक विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया। टीम के आने की पूर्व सूचना मिलने पर जिला चिकित्सालय में सभी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त कर ली गई थीं।

टीम ने चिकित्सा विभागों में साफ-सफाई, उपचार एवं जांच अभिलेखों, मरीजों को दिया जा रहा उपचार, उनके साथ व्यवहार, दवा वितरण, चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं आदि का मूल्यांकन किया। टीम ने बताया कि मूल्यांकन के द्वारा ही चिकित्सालय की रेटिंग की जायेगी और रिपोर्ट विभागीय उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जायेगी। जिसके बाद प्रदेश में जिस चिकित्सालय में बेहतर मूल्यांकन पाया गया उसे पुरस्कृत किया जाएगा।

गौरतलब है कि स्थानीय जिला चिकित्सालय को पूर्व में भी कायाकल्प मूल्यांकन में लाखों रुपये की धनराशि से पुरस्कृत किया जा चुका है। इस अवसर पर पिथौरागढ़ जिला चिकित्सालय के प्रबंधक डा. चंदन सिंह व डा. अमन आलम ने स्थानीय जिला चिकित्सालय की मेटर्न जामती राय के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यह मूल्यांकन प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके सिन्हा की देख रेख में सम्पन हुआ।

# विप्रो आर्थियन राष्ट्रीय अवॉर्ड को लेकर की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** शाइनिंग स्टार विद्यालय भगतपुर तड़ियाल में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय को मिले प्रतिष्ठित विप्रो आर्थियन राष्ट्रीय अवॉर्ड 2025 के बारे में विस्तार से बातचीत की गई।

स्कूल के प्रबंधक देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि विद्यालय को सस्टेनेबिलिटी शिक्षा के लिए प्रतिबद्धता व शिक्षा में नवाचार के लिए राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार दिया गया है। अवॉर्ड जीतने वाली टीम का नेतृत्व कर रही शिक्षिका सरिता नेगी कि इस सफलता का श्रेय विद्यालय की टीम के सदस्य छात्रों राशि तिवारी, जागृत तिवारी, अंशिका नेगी, अंकिता राजवार और उनकी कड़ी मेहनत को दिया। परियोजना के दौरान छात्रों ने कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने, एकल-उपयोग प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े और कागज के बैग के उपयोग को प्रोत्साहित करने और स्कूल व समुदाय के लिए कम्पोस्टिंग समाधान विकसित करके कचरा प्रबंधन के व्यावहारिक, क्रियान्वयन केंद्रित समाधान तैयार किए। इस परियोजना का उद्देश्य है कि प्लास्टिक का उपयोग कम करना, कचरे का पुनः उपयोग करना और आमजन के बीच जागरूकता फैलाना जैसे छोटे-छोटे कार्य भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। पुरस्कृत छत्रों ने अपनी सफलता का क्षेय विप्रो अर्थियन और शाइनिंग स्टार स्कूल से मिले मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा की इस प्रोजेक्ट ने हमें सीखने, विचार करने और बेहतर भविष्य के लिए जिम्मेदारी से कार्य करने अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय में संजय रिखाड़ी निर्देशित नाटक द लॉस्ट वर्ल्ड: हमारे समय का प्रतिबिंब का मंचन हुआ। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर डीएस नेगी, प्रधानाध्यापिका तुलसी सिंह, घनश्याम जोशी, राजेंद्र सिंह, अमित तिवारी, सरिता नेगी, देवेंद्र रावत, आनंद रावत आदि मौजूद रहे। विद्यालय के डायरेक्टर डी. एस नेगी ने छात्रों और शिक्षिका सरिता नेगी की इस कड़ी मेहनत और उपलब्धि पर खुशी जताई एवं सभी का आभार व्यक्त किया है।

# विधानसभा 2027 की आहट के साथ शिल्पी अरोरा की अचानक एंट्री

- चुनाव पास आते ही सक्रिय हुई शिल्पी अरोरा, गदरपुर में की प्रेस कॉन्फ्रेंस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव 2027 की आहट तेज होती जा रही है, वैसे-वैसे राजनीति में लंबे समय से खामोश चेहरे एक बार फिर सक्रिय होते दिखाई देने लगे हैं। इसी कड़ी में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की महासचिव शिल्पी अरोरा की गदरपुर में हुई प्रेस वार्ता ने स्थानीय राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

काफी समय से राजनीतिक परिदृश्य से लगभग गायब रहीं शिल्पी अरोरा अचानक प्रेस के सामने नजर आईं। उनके इस कदम को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। आम चर्चा यह है कि चुनावी मौसम करीब आते ही उनकी सक्रियता बढ़ गई है, जबकि चुनावों के बीच के वर्षों में उनका क्षेत्र से कोई खास जुड़ाव दिखाई नहीं देता। प्रेस वार्ता के दौरान शिल्पी अरोरा ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा और महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं जैसे मुद्दों को उठाया। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि ये मुद्दे नए नहीं हैं, लेकिन इन पर आवाज चुनाव के वक्त ही क्यों उठती है यह सवाल अब जोर पकड़ रहा है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह प्रेस वार्ता कांग्रेस की 2027 की रणनीति का हिस्सा हो सकती है। शिल्पी अरोरा को एक बार फिर सक्रिय दिखाकर पार्टी जमीन तैयार करने की कोशिश कर रही है। मगर सवाल यह है कि क्या जनता ऐसे नेताओं पर भरोसा करेगी जो केवल चुनाव से पहले ही दिखाई देते हैं? गदरपुर में मौजूद कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि "नेतृत्व वही प्रभावी होता है जो हर समय जनता के बीच रहे, न कि सिर्फ कैमरे और माइक के सामने।" प्रेस वार्ता भले ही सुर्खियों में रही हो, लेकिन इससे जुड़े सवाल भी उतने ही तेज हैं। क्या यह सक्रियता स्थायी होगी या फिर चुनाव नजदीक आते ही दिखने वाली एक और राजनीतिक रस्म? फिलहाल इतना तय है कि शिल्पी अरोरा की इस 'अचानक एंट्री' ने गदरपुर की सियासत को गरमा दिया है और आने वाले दिनों में इसका असर और भी देखने को मिल सकता है। शिल्पी अरोरा में प्रेस वार्ता में बताया कि उन्हें उत्तराखंड छोड़ कर अलावा अन्य पांच प्रदेशों की जिम्मेदारी मिली हुई है, जिसमें वह महिलाओं को संगठनात्मक मजबूत कर रही हैं। वही शिल्पी अरोरा से पूछा की क्या आगे उनकी चुनाव लड़ने की तैयारी है तो उसे पर गोल-गोल जवाब देते हुए फिलहाल बात को घुमा दिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)**

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-04 कमांक 239 पर श्रीमती कैलाश रानी पत्नी शेर चन्द एवं श्री नन्द लाल पुत्र श्री राम लाल का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 1454 रू. वार्षिक है। पारिवारिक बंटवारे के आधार पर उक्त 04 दुकानों में से 01 दुकान श्री विनोद कुमार व 01 दुकान श्री संजीव कुमार पुत्रगण स्व. शेर चन्द व 01 दुकान श्री नरेश कुमार व 01 दुकान श्री राजेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व. नन्द लाल निवासी ग्राम पत्थरकुई, तहसील गदरपुर को प्राप्त हुई है। पारिवारिक बंटवारे के आधार पर उक्त 04 दुकानों में से 01 दुकान श्री विनोद कुमार, 01 दुकान श्री संजीव कुमार पुत्रगण स्व. शेर चन्द व 01 दुकान श्री नरेश कुमार, 01 दुकान श्री राजेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व. नन्द लाल निवासी ग्राम पत्थरकुई, तहसील गदरपुर जिला ऊधम सिंह नगर द्वारा नामान्तरण अपने नाम पर किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वतः निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**



# समूह के बीच संवाद स्थापित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट रिसोर्ट जीएम एसोसिएशन के पदाधिकारियों और महिलाओं के समूह के बीच संवाद स्थापित किया, ताकि स्थानीय उत्पादों का उपयोग रामनगर के होटल रिजॉर्ट्स में होने से महिलाओं का आजीविका संवर्धन हो सके। भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने कार्यक्रम में शिरकत की।

उन्होंने बताया कि रामनगर के कानिया क्षेत्र में महिला संसाधन और विकास केंद्र में कार्यरत महिला समूह की सदस्यों ने अपने द्वारा तैयार प्राकृतिक रंगों, खाद्य सामग्री और जूस आदि की जानकारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दी। उन्होंने बताया कि कार्बेट के रिजॉर्ट्स में महिला समूहों के के उत्पाद खरीदे जाएंगे। इस दौरान रिजॉर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव साह, महासचिव किरण सागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, एनडी पालीवाल, मनोज कोठारी, कैलाश पडलिया, अनिता गौड, विमला देवी आदि मौजूद रहे।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने पर किरन कोटवाल को दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रामनगर ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी द्वारा किरन कोटवाल को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की बधाइयां दी गई और शाल ओढ़ाकर व पांच हजार रुपये की नकद धनराशि देकर किरन को सम्मानित कर अपना आर्शीवाद दिया गया। ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने कला के क्षेत्र मे आगे बढ़ती बाल प्रतिभाओ को हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

# बिना ट्रीट किए नदी में न छोड़ा जाए पानीः सीडीओ

■ सीडीओ ने कल्याणी नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने को लेकर औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर** । मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में कल्याणी नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने हेतु सिडकुल में स्थापित कम्पनियों के पदाधिकारियों के साथ जिला सभागार में बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने औद्योगिक संस्थानों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना ट्रीट किए पानी को कल्याणी नदी में कतई न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सभी कम्पनियां प्रदूषित पानी को ट्रीट करने हेतु ट्रीटमेंट प्लांटों में सुधार कर लें। एक माह के बाद कम्पनियों से निकलने वाले पानी की सैम्पलिंग/जांच कराई जाएगी। जिस भी कम्पनी से दूषित पानी कल्याणी नदी में गिरता हुआ पाया गया तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आरएम सिडकुल व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कम्पनियों में स्थापित ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर देखे कि ट्रीटमेंट प्लांट कार्य कर रहा है या नहीं। सीडीओ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कम्पनियों द्वारा खतरनाक कैमिकल प्रयोग किया जाता है उन कम्पनियों की सूची बनाकर नियमित जांच करें।

उन्होंने आरएम सिडकुल व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल्याणी नदी को सिडकुल में प्रवेश होने से पूर्व व सिडकुल क्षेत्र समाप्ति के बाद अटरियां मंदिर के पास व शहर समाप्ति के बाद उत्तर प्रदेश सीमा पर कल्याणी नदी के पानी का सैम्पलिंग कराते हुए जांच कराएं कि किस क्षेत्र में कितना कल्याणी नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी/ आरएम सिडकुल मनीष बिष्ट, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एसपी सिंह, सहायक अभियंता सुनील कुमार, दिलदार अली सहित औद्योगिक संस्थानों के एचआर हैड आदि मौजूद थे।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जनता की समस्याएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा ने मंगलवार को क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। तहसील दिवस में कुल छह लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा ने कुछ शिकायतों का मौके पर ही समाधान करते हुए राहत प्रदान की, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, जिससे आम लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। एसडीएम ने कहा कि तहसील दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान करना है और प्रशासन इस दिशा में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है।

## एक नजर

## तीन न्याय पंचायतों में शिविरों का हुआ सफल आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद की तीन न्याय पंचायतों में शिविरों का सफल आयोजन किया गया।

प्रथम शिविर न्याय पंचायत चमू, रा.ई.का. मुवानी, विकासखण्ड कनालीछीना में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिविर में 24 जनप्रतिनिधियों एवं 89 अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति रही। लगभग 398 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा 406 लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में प्राप्त 105 शिकायतों में से 82 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष को सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया।

द्वितीय शिविर न्याय पंचायत गौड़ीहाट, रा.ई.का. गौड़ीहाट, विकासखण्ड मूनाकोट में उप जिलाधिकारी जीतेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिविर में दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी सहित 29 जनप्रति. निधि एवं 72 अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 470 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा 534 लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष को सम्बन्धित विभागों को अग्रसारित किया गया। तृतीय शिविर न्याय पंचायत सेवीला, पंचायत घर खसियाबगड़, विकासखण्ड मुनस्यारी में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण आशीष पुनेठा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। शिविर में 31 जनप्रतिनिधियों एवं 70 अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति रही। लगभग 290 लोगों ने शिविर में भाग लिया तथा 460 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में प्राप्त 58 शिकायतों में से 49 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## नशीला पदार्थ देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर में एक महिला को नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, रुद्रपुर निवासी एक महिला ने सोमवार को ट्रांजिट कैंप थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका अपने पति से विवाद चल रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अस्पताल में विपिन कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम हरदुआ, थाना मिलक, जिला रामपुर यूपी से हुई। दोस्ती होने के बाद युवक का उसके घर आना-जाना शुरू हो गया। बीते दिनों महिला का पति बच्चों को लेकर गांव चला गया था। इसी दौरान विपिन उसके घर आया और बातचीत के दौरान चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। आरोप है कि बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने हिम्मत जुटाकर सोमवार को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। एसपी क्राइम निहारिका तोमर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से मंगलवार को मोदी मैदान के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## पुलिस और रेपिड एक्शन फोर्स ने निकाला फ्लैग मार्च



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** कानून-व्यवस्था और लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) और कोतवाली पुलिस संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस और आरएएफ के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। इस मौके पर सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए यह फ्लैग मार्च संवेदनशील क्षेत्रों से निकाला गया है। जहां हंगामे और विवाद की ज्यादा संभावना होती है। उन्होंने कहा कि रैपिड एक्शन फोर्स पांच दिनों के लिए रुद्रपुर आई हुई है और मंगलवार को कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च के बाद अन्य थाना क्षेत्रों में भी इसी तरह के मार्च आयोजित किए जाएंगे। हालांकि, फ्लैग मार्च को लेकर शहर में अलग-अलग नजरिए भी सामने आ रहे हैं। बीते दिनों हुए पथराव की घटना के बाद इसे प्रशासन की सख्त चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** द ऑक्सफोर्ड एकेडमी में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित हुआ। परिवहन विभाग ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए इसकी भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के समापन पर सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी। इस मौके पर प्रधानाचार्य केएस नेगी, परिवहन कर अधिकारी आशुतोष डिमरी, परिवहन आरक्षी देवेन्द्र गिरी, राजीव तिवारी, भुवनेश कुमार और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कुछ सभासद जानबूझ कर डाल रहे हैं विकास कार्यों में बाधाः चेयरमैन

शाह टाइम्स संवाददाता

**दिनेशपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर और अध्यक्ष प्रतिनिधि कावल सिंह ने नगर के विकास कार्यों में कुछ सभासदों द्वारा जानबूझकर विरोध करने का आरोप लगाया है।

मंगलवार शाम नगर पंचायत परिसर में प्रेसवार्ता करते हुए चेयरमैन मनजीत कौर ने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी योजनाओं को प्राथमिकता पर कराया जा रहा है, जिससे आमजन को लाभ मिल रहा है। लेकिन कुछ सभासद निजी स्वार्थ के चलते इन योजनाओं का विरोध कर रहे हैं और जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मुहम्मद, पूर्व सैनिक लीग जिला संयोजक खड़क सिंह कार्की, सभासद सविता बैरागी, संजय सरकार, पूर्व सभासद सुकुमार सरकार, ब्यूटी शील, सुनीता मिस्त्री, शीखा ढाली, हरिचरण सिंह, असीत मंडल सहित अन्य मौजूद रहे। सभासदों ने अध्यक्ष पर लगाया अनियमितता का आरोप दिनेशपुर। इससे पहले मंगलवार सुबह गूलरभोज मार्ग पर एक दुकान में दो सभासदों और तीन सभासद प्रतिनिधियों ने प्रेसवार्ता कर नगर पंचायत अध्यक्ष पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। सभासद नारायण मंडल, नित्यानंद मंडल और प्रतिनिधि विष्णु शील, प्रीतम गाइन, सौरभ मंडल ने कहा कि विकास कार्यों में नियमों को ताक पर रखकर मनमानी की गई। आरोप लगाया कि कई योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता किया गया, ठेके पारदर्शी तरीके से नहीं दिए गए और अपने चहेतों को लाभ पहुंचाया गया। शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे सभासदों में नाराजगी है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच कराने और कार्रवाई करने की मांग की। चेतावनी दी कि जांच नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# तहसील दिवस में सुनी गई जनसमस्याएं




■ 40 समस्याओं में से 25 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** मंगलवार को तहसील में लगने वाले तहसील दिवस पर अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण किया। सीडीओ दिवेश सासनी ने लगभग 40 समस्याएं सुनी और 25 का मौके पर निस्तारण किया। बाकी फरियादियों की समस्याओं को संबंधित विभाग को आदेशित किया गया है।

तहसील दिवस में मुख्य रूप से डॉक्टर जगदेव सिंह और भाजपा नेता अनिरुद्ध राय ने किसानों संबंधित और नगर के तिरंगा चौक पर लगने वाले जाम को लेकर समस्या उजागर की।

तहसील दिवस के बाद सीडीओ दिवेश सासनी ने अधिकारियों संग तिरंगा चौक और जेल रोड पर बंद पड़े पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। नगर वासियों ने अधिकारियों से तिरंगा चौक के बीच में बने रोड डिवाइडर की गोलाई छोटा करने की मांग की है, जिस पर अधिकारियों ने एनएचआई के अधिकारियों को अवगत कराते हुए तिरंगा चौक का निरीक्षण कर चौक की गोलाई कम करने की बात कही है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रविन्द्र जुवाठा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल,राकेश त्यागी मुख्य शिक्षा अधिकारी, विकासखंड अधिकारी, कोतवाल सुंदरम शर्मा सहित अन्य विभाग तहसील दिवस में उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने समस्याओं का निस्तारण करने के साथ ही नगर के विकास के लिए भी चर्चा की।

# स्थापना दिवस पर निकली भव्य कलश यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** शिव मंदिर बाजपुर गांव में शिव परिवार, श्री दुर्गा माता एवं श्री हनुमान जी के पावन स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेश कुमार एवं बीडीसी सदस्य देव सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार सुबह शिव मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई पुणे शिव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान डीजे पर बज रहे भगवान शिव, मां दुर्गा और श्री हनुमान जी के भजनों से पूरा नगर भक्तिरस में डूबा नजर आया। कलश यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की बड़ी सहभागिता रही। श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। महिलाओं द्वारा भजनों का सामूहिक गायन कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहा। जिससे वातावरण अत्यंत मनोहारी बन गया। आयोजन समिति के अनुसार बुधवार को दोपहर बारह बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जबकि शाम छह बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। कार्यक्रम में शिव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित प्रियांशु शर्मा सहित द्वारिका प्रसाद, बब्बू राम कोरी, वेदराम, गंगाराम, सुरेंद्र सैनी, रोहित सैनी, कुलदीप शर्मा, रामगोपाल, शंकर, विपिन कुमार, विशाल शर्मा, आशा देवी, मुनेश देवी, चंद्रावती देवी, गीता देवी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों ने चलाया पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक उन्मूलन अभियान




शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा नौगांव ठग्गू क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक उन्मूलन के प्रति जागरूकता हेतु रैली निकाली गई तथा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छ पर्यावरण, प्लास्टिक त्याग और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात कोतवाली खटीमा के सहयोग से यातायात नियमों के पालन एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों को यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, तथा नशा मुक्ति विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रत्येक स्वयंसेवक से समाज में एक आदर्श नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कोतवाली खटीमा से उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, उप निरीक्षक प्रकाश नेगी, सुनीता रावत, कार्यक्रम अधिकारी विवेक जोशी, आलोक सिंह, अजय कुमार अवस्थी, एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला, हरीश सिंह सहित स्थानीय ग्रामीण एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# 16वीं तालीमी कॉफ्रेंस व जलसा-ए-दस्तारबंदी का भव्य आयोजन

■ मोहम्मद साजिद रजा को मिला उमराह पर जाने का टिकट




शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** क्षेत्र के ग्राम कनौरा स्थित मदरसा गुलशन-ए-इस्लाम में सोमवार की रात सालाना सोल. हवीं तालीमी कॉन्फ्रेंस एवं जलसा-ए-दस्तारबंदी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए उलेमा-ए-किराम एवं बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

जलसे की शुरुआत कारी अहमद रजा साहब द्वारा कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई। इसके पश्चात मौलाना अहमद रजा ने मंच संचालन (एनाउंसर) की जिम्मेदारी निभाई। मौलाना मोहम्मद लुकमान रजा ने नात-ए-शरीफ पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। जलसे को संबोधित करते हुए मुफ्ती मोहम्मद इसहाक रजवी एवं मुफ्ती मोहम्मद इमरान हनफी ने शिक्षा की अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुफ्ती मोहम्मद इसहाक मिस्बाही ने कहा कि इस्लाम में शिक्षा को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, जबकि मुफ्ती मोहम्मद इमरान हनफी ने कुरआन-ए-पाक की अहमियत बताते हुए मुसलमानों से हर क्षेत्र में शिक्षा हासिल करने का आह्वान किया। अंत में मुफ्ती मोहम्मद अनवर-उल-हक साहब ने दुआ कराई, जिसके साथ जलसे का समापन हुआ। जलसे के दौरान पांच विद्यार्थियों को अलीमियत की दस्तार दी गई जिनमें मोहम्मद रेहान रजा, मोहम्मद फैजान रजा खान, मोहम्मद साजिद रजा, मोहम्मद हस्सान रजा, मोहम्मद नोमान अख्तर। आठ को मौलवियत की दस्तार मोहम्मद ताहिर रजा, मोहम्मद फैजान रजा, मोहम्मद रियाज रजा, मोहम्मद काशिफ रजा, मोहम्मद तमीम कादरी, मोहम्मद नवाब रजा, मोहम्मद फजल-ए-हक, मोहम्मद अरशद रजा, तीन को हिफ्ज की दस्तार मोहम्मद अनस रजा, मोहम्मद शारिक रजा, मोहम्मद लुकमान रजा। सभी विद्यार्थियों को जुब्बा व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं लकी ड्रॉ में मोहम्मद साजिद रजा को उमराह पर जाने का टिकट प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मदरसे के स्टाफ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिनमें मौलाना मोहम्मद शाकिर रजा, मौलाना मोहम्मद फारूक रजा, मुफ्ती मोहम्मद सुलेमान रजा अजहरी, मौलाना मोहम्मद रफी, कारी अहमद रजा, मुफ्ती मोहम्मद अफरोज इस्हाकी, ग्राम प्रधान अफसर अली, डॉ. हनीफ, डॉ. शमशाद, प्रधान मोहम्मद जुनेद रजा, डॉ. तौफीक हुसैन, मोहम्मद रियासत हुसैन सलमानी, ग्राम प्रधान कनौरा गुलाम नबी, साजिद हुसैन, नजीर हुसैन सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# शहीद के परिजनों की रौंदी गई फसल का लिया जाएगा

■ मामला सीएम के समक्ष व विधानसभा में उठाकर सीबीआई जांच की होगी मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** शाहिद हरकिशन तलवार के परिवार की 125 एकड़ में खड़ी गेहूं, मटर , लाही व गन्ने की रौंदी गई फसल का उप नेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा के विधायक भुवन कापडी ने जायजा लिया। उन्होंने जबरन किए गए कब्जे की इस घटना से डरे सहमे व असुरक्षित हालत रह रहे लोगों से मुलाकात की और भरोसा दिलाया। कहा कि कानून के हाथ लंबे होते हैं । लहलहाती हरी भरी फसल को रौंदने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। इस मामले को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा विधान सभा में उठाकर सीबीआई जांच की मांग कराएंगे।

विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष कापडी ने तलवार परिवार से मुलाकात का प्रयास किया लेकिन पीड़ित परिवार घर पर नहीं मिला। इस दौरान विधायक कापड़ी ने आसपास के ग्रामीण, प्रत्यक्ष दर्शियों व लोकल ग्रामीणों ने पूछताछ की। लोगों ने बताया कि तलवार परिवार पिछले 60, 70 सालों से इस जमीन को जोत बो रहा है। शनिवार को अचानक भारी पुलिस बल की मौजूदगी में स्थानीय प्रशासन द्वारा बिना नंबर वाले 25, 30 ट्रैक्टरों से खेत में खड़ी फसल जोतकर लगभग 125 एकड़ भूमि पर कब्जा कर लिया। विधायक कापड़ी ने लोगों को आस्वस्थ किया कि कानून से बड़ा कोई नहीं है। इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की जाएगी। ताकि भूमि विवाद का हल होने के साथ ही 125 एकड़ में खड़ी लहराती फसल का नुकसान करने और जमीन पर कब्जा करने वालों से इसकी भरपाई की जा सके।

# अल्पसंख्यकों का हित भाजपा में सुरक्षितः कुरैशी




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक नगर अध्यक्ष फईम कुरैशी का मोहल्ला खताड़ी स्थित गैस गोदाम के पास स्वागत कार्यक्रम रखा गया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और कुरैशी बिरादरी के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष फईम कुरैशी ने भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और कुरैशी बिरादरी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे।आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को मजबूती के साथ जिताने का काम करेंगे। कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की जनहित नीतियों और जनकल्याण कारी योजनाओं को पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों का हित भाजपा में सुरक्षित है। इस दौरान भगीरथ लाल चौधरी, जगमोहन सिंह बिष्ट, गणेश रावत, सैयद अली नकवी,सत्य प्रकाश शर्मा, भावना भट्ट, धनेश्वरी घिल्डियाल, राकेश अग्रवाल, दीपक शर्मा, मोहम्मद आदिल, इंतजार हुसैन, सदर हाजी तैयब कुरैशी, सरफराज तंजीम कुरैशी, शकील चौधरी, फहीम लाला, हाजी जुल्फिकार, शुएब कुरैशी, नवीन करगेती, जिक्रान कुरैशी, फैसल, खालिद मंजूर, नईम सैफी, याकूब, मुकीम, फहीम, हसीन आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली चोरी के आरोप में कांग्रेसी पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप में बीते दिनों ऊर्जा निगम और विजिलेंस ने चेकिंग के दौरान 41 परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी थी। इस मामले में पहले भाजपा नेता का नाम सामने आया था, अब एक कांग्रेसी का भी नाम उजागर हुआ है।

जानकारी के अनुसार, 30 जनवरी को ऊर्जा निगम की स्थानीय और विजिलेंस टीम ने ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान 41 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया, जिनमें से 16 लोगों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

विद्युत वितरण उपखंड रुद्रपुर के अवर अभियंता कुलदीप सिंह की तहरीर पर सोमवार देर रात कांग्रेसी और पार्षद चुनाव हार चुके सुमित राय के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि राय बिजली चोरी कर स्कूल का निर्माण कार्य करा रहे थे। थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि सुमित राय समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लापता नाबालिग बरामद, आरोपी युवक पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से दो माह पूर्व लापता हुई नाबालिग बालिका को पुलिस ने बरामद कर लिया है। मामले में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, ट्रांजिट कैंप निवासी एक व्यक्ति ने 20 नवंबर 2025 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी बिना बताए घर से चली गई है। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से दो फरवरी को नाबालिग को मोदी मैदान के पास से बरामद किया।

इस दौरान आरोपी विशाल सक्सेना पुत्र रमेश सक्सेना निवासी महुआ गुंडे, थाना सेहरामऊ, जिला पीलीभीत यूपी को मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर टोहाना (हरियाणा) ले गया था और सोमवार को ही रुद्रपुर वापस लाया।

ट्रांजिट कैंप थाना प्रभारी मोहन पांडे ने बताया कि बरामदगी के बाद मुकदमे में पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। मंगलवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

# डीएसए मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता से पहले 'महासंग्राम'

## खेल विभाग और नगर पालिका में तीन घंटे तक चली तकरार, उसके बाद सहमति से शुरू हुआ टूर्नामेंट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में चर्चित क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर मंगलवार को एक बार फिर दोनों पक्षों (नगर पालिका व खेल विभाग) में विवाद हो गया कि नगर पालिका में विरोध में खेल मैदान के एक छोर में चल रही अपनी चुंगी तक बंद करा दी और पार्किंग में वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए पालिका ने मस्जिद के सामने अपने वाहन भी खड़े कर दिए, लेकिन गनीमत यह रही कि लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार दोनों पक्षों में कुंवर पृथ्वी राज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता कराने को लेकर सहमति बन गयी, जिसके बाद पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल और जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का





शुभारंभ किया। दूसरी ओर अब बुधवार (आज) से प्रतियोगिता के नियमित रूप से मुकाबले खेले जाएंगे। बता दें मंगलवार सुबह खेल विभाग की ओर से ओपन पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जानी थी लेकिन सुबह से ही दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया और पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल तथा सभासद क्रिकेट पिच पर धरने पर बैठ गए और प्रतियोगिता शुरू नहीं हो सकी। इसी दौरान गुस्साए पालिका प्रशासन की ओर से करीब 11 बजे बजे 10 मिनट के लिए से चुंगी भी बंद करा दी गई और पार्किंग में वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए पालिका ने मस्जिद के सामने अपने वाहन भी खड़े कर दिए। इस दौरान डीएसए मैदान में भारी संखया में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस को ओर से मैदान में प्रवेश के स्थानों पर बैरिकेटिंग भी की गई थी। करीब तीन घंटे तक विवाद चलता रहा और इसी दौरान मौके पर मौजूद एसपी (क्राइम) डा. जगदीश चंद्रा ने पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल से वार्ता कर समझाने का प्रयास किया साथ ही पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल ने उनके वाहन को प्रवेश करने से रोकने का आरोप भी पुलिस पर लगाया, जिस पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने पालिकाध्यक्ष डा. खेतवाल से वार्ता कर माफी भी मांगी और पालिकाध्यक्ष ने कहा कि खेल भावना को देखते हुए वह उन्हें क्षमा करती हैं और उन्हें कोई नाराजगी नहीं है। आखिर में बातचीत के जरिए दोनों पक्षों में समझौता हुआ और आपसी सामंजस्य से प्रतियोगिता कराने को लेकर सहमति बनी। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विवाद खत्म होने के बाद बंकर इलेवन तथा स्पाइकर की टीम के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया।

### आपसी गतिरोध के चलते बनी यह स्थिति: एसडीएम

**नैनीताल।** उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक ने कहा कि प्रतियोगिता कराने को लेकर आपसी समन्वय की कमी के चलते दोनों पक्षों में एक तरह का गतिरोध देखने को मिल रहा था जिसके चलते प्रतियोगिता शुरू नहीं हो पा रही थी। इस संबंध में पहले भी आपसी समन्वय से प्रतियोगिता करने को लेकर सुझाव दिया गया था। अंततः मंगलवार को सभी पक्षों में समझौता हो गया है और डीएसएए पालिका और खेल विभाग ने साथ मिलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ हो चुका है।

### पुलिस बल हटा दिया है: एसपी

**नैनीताल।** एसपी (क्राइम) डा. जगदीश चंद्रा ने कहा कि खेल प्रतियोगिता को लेकर विवाद चल रहा था। अब आम सहमति से यह टूर्नामेंट शुरू कराया जा रहा है। इस दौरान शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। अब आम सहमति बन चुकी है और पुलिस बल भी हटाया जा रहा है।

### तीनों संस्थाएं मिलकर कराएंगी प्रतियोगिता: पालिकाध्यक्ष

पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि तीनों संस्थाएं मिलकर मैच कराएंगी। मंगलवार को पालिका के अनुरूप सहमतिपत्र पर सभी की सहमति बन गई है जिसके बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ कर दिया है। कल से नियमित रूप से मुकाबले खेले जाएंगे।

## यूओयू में जापानी भाषा पाठ्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विद्यार्थियों में कौशल-आधारित शिक्षा और क्षमता संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) के कुलपति प्रो. एनसी लोहनी विदेशी भाषा शिक्षा को मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से सशक्त बनाने पर विशेष जोर दे रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य दूर-दराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी विदेशी भाषा सीखने का अवसर प्रदान कर उनकी रोजगार योग्यता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को बढ़ाना है।



यह पाठ्यक्रम जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा विकसित किया गया है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में इसमें 75 विद्यार्थियों ने नामांकन किया है। पाठ्यक्रम में नियमित विशेषज्ञ मार्गदर्शन सत्रों के साथ विशेष ऑडियो सामग्री शामिल है। विश्वविद्यालय भविष्य में स्पेनिश और चीनी भाषा के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है, जिन्हें शैक्षणिक परिषद और कार्यकारिणी परिषद से स्वीकृति मिल चुकी है। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से इन पाठ्यक्रमों में अधिकाधिक नामांकन कर इस अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# कालाढूंगी एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** राउमावि देवीपुरा चकलुवा के मैदान में मंगलवार को आयोजित बहुद्देशीय शिविर में नैनीताल डीएम के निर्देशन में कालाढूंगी के एसडीएम विपिन चंद्र पंत ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। शिविर में एसडीएम पंत ने कई मामलों का तत्काल निस्तारण किया। जबकि कई समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में प्रभावी कदम बताया। एसडीएम पंत ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता को राहत पहुंचाना और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है।



विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने भी शिविर में मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों के गांव-गांव पहुंचने से लोगों को अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है। राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, राज्यमंत्री पूरन चंद्र नैलवाल ने भी सरकार की उपलब्धियों से जनता को अवगत कराया। इस दौरान 117 से अधिक समस्याएं पटल पर पहुंचीं। शिविर में ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, पेयजल एवं जल जीवन मिशन, लोक निर्माण, समाज कल्याण, कृषि, विद्युत, वन, राजस्व, स्वास्थ्य, लघु सिंचाई, उरेड़ा, खाद्य आपूर्ति, उद्यान, दुग्ध विकास, पशुपालन, आईटीआई, शिक्षा, महिला समूह, बाल विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। आधार स्टॉल का भी लोगों ने लाभउठाया। इस अवसर पर तहसीलदार ईश्वर सिंह भीमा, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा, सहायक विकास अधिकारी जगदीश चंद्र पंत, मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, जिला पंचायत सदस्य अनीता आर्या उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मिगलानी व त्रिवेदी के निधन पर जताया शोक

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसएसबी परिसर नैनीताल की फॉरेंसिक विभाग के डा. राशि मिगलानी के पिता सुनील मिगलानी के निधन पर कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) ने शोक व्यक्त किया है। कूटा ने एडिटर इन चीफ न्यूज 18 अनुपम त्रिवेदी की माताजी गीता त्रिवेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है तथा श्रद्धांजलि दी है। कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार के साथ ही एलुमनी सेल से डा. बीएस कालाकोटी, डा. एसएस सामंत, डा. रितेश साह, डा. ज्योति कांडपाल व डा. मीना पांडे ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### नैनीताल में दोपहर में छाए बादल

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को दोपहर में घने बादल आसमान में छा गए। सुबह के समय तेज ठंडी हवा चल रही थी फिर शाम को मौसम साफ हो गया। नगर में सुबह के समय धूप खिली हुई थी और दोपहर में बादल छा गए। जिसके चलते वर्षा और हिमपात के कयास लगाए जाने लगे। मगर देर शाम बादल पूरी तरह हट गए और पाला गिरना शुरू हो गया और ठंड में अधिक बढ़ोतरी हो गई। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17.5 व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार से मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है।

### स्कूली छात्र-छात्रा जुड़ेंगे पौधरोपण से

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान मंगलवार को 568वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 568वें दिन पर्यटक आवास गृह डीडीहाट परिसर में पौधा रोपण किया गया। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि अब बुधवार (आज) से पौधा रोपण अभियान को विद्यालयों से जोड़ा जाएगा उन्होंने कहा कि मेरा पौधा मेरा परिवार के तहत विद्यालयों में प्रत्येक छात्र-छात्रा को पौधे रोपित करने हेतु दिए जाएंगे। जिसका संरक्षण छात्र-छात्राओं द्वारा किया जाएगा। गुरु रानी ने कहा कि पूर्व में भी उनके द्वारा कई विद्यालयों को पौधारोपण अभियान से जोड़ा गया है जिसकी सराहना विद्यालयों द्वारा की गई है।

### ग्राम पंचायत लोहाली की बैठक: ग्रामीणों ने लगाया समस्याओं का अंबार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ग्राम पंचायत लोहाली की आम बैठक मंगलवार को ग्राम प्रधान निर्मला बिष्ट की अध्यक्षता में हुई। बता दें पंचायत भवन के प्रांगण में आयोजित बैठक में जनता की विभिन्न समस्याओं ग्राम प्रधान निर्मला बिष्ट ने सुना व समाधान हेतु प्रस्ताव के रूप में लिखित किया गया। बैठक में पंचायत विभाग से पहुंचे ग्राम पंचायत अधिकारी संजय कुमार द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में जनता ने पेंशन, राशन कार्ड, गौशाला, सोलर लाइट तथा सीसी मार्ग निर्माण, भूमि सुधार आदि से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम प्रधान से आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन सिंह बिष्ट ने किया। इस अवसर पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

# किशोरियों को 'शक्ति' से परिचित कराया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी नैनीताल के मार्ग निर्देशन में मंगलवार को बाल विकास परियोजना भीमताल द्वारा किशोरियों के साथ शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन नैनीताल के राज्य अतिथि गृह सभागार में किया गया। बता दें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य जबकि विशिष्ट अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सिविल जज सीनियर डिवीजन पारुल थपलियाल तथा जिला पंचायत की उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट रही। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं द्वारा किशोरियों से अपने क्षेत्र के अनुभव और कैरियर से संबंधित संवाद स्थापित किया। सचिव जिला विधिक




सेवा प्राधिकरण पारुल थपलियाल द्वारा विधिक कैरियर तथा महिलाओं किशोरियों से संबंधित कानूनों जैसे घरेलू हिंसा, बाल विवाह तथा कार्यस्थल में यौन हिंसा व पोस्को की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से वक्ताओं द्वारा किशोरियों से अपने क्षेत्र के अनुभव और कैरियर से संबंधित संवाद स्थापित किया। विभिन्न क्षेत्रों में वक्ताओं में उच्च शिक्षा से प्रो. लता पाण्डेय पूर्व विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर, मीनाक्षी कांडपाल सहायक श्रम आयुक्त, सब इंस्पेक्टर अंजला जोन, डा. पल्लवी जैन, सोनाली मिश्रा पत्रकार टाइम्स ऑफ इंडिया, बबीता टम्टा राष्ट्रीय स्तर बॉक्सर द्वारा अपने अनुभव व चुनौतियां साझा की। इस मौके पर प्रियंका गड़िया जिला सेवायोजन अधिकारी नैनीताल द्वारा कैरियर से संबंधित सभी क्षेत्रों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत डा. रेनू मर्तोलिया बाल विकास परियोजना अधिकारी भीमताल, जिला प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी दूरदर्शन गीतेश त्रिपाठी समेत सुमन हिंदुस्तान मीडिया, कुसुमलता सुपरवाइजर समेत नैना, हेमा तथा गीता अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्तियां व किशोरी तथा बालिकाएं उपस्थित रही।

# एसपी ने सड़क सुरक्षा के बारे में बताया

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपायों पर प्रकाश डालना था।

मुख्य वक्ता के रूप में एसपी क्राइम नैनीताल डा. जगदीश चन्द्रा तथा टीआई भीमताल एवं भवाली शिवराज सिंह उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग आदतों तथा हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आंकड़ों के आधार पर सड़क दुर्घटनाओं के कारणों तथा



उनकी गंभीरता और उनसे बचाव के उपायों पर सार्थक चर्चा की गई। वक्ताओं ने तेज गति, लापरवाही से वाहन चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी को दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बताया गया तथा विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनकर नियमों का पालन करने का आह्वान किया। निदेशक द्वारा सड़क सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की गई, एवं सभी टीम का धन्यवाद अदा किया गया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी यमकेश्वर गढ़वाल

पत्रांक : 1112/ 2 - लेखा/ राज्य वित्त/15 वां वित्त/ 2025 2026 / दिनांक : 03.02.2026

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से इस विकास के अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत विकास खण्ड में पंजीकृत ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दिनांक 04.02.2026 से दिनांक 18 .0 2.2026 को दोपहर 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 18.02.2026 को उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दोपहर दो बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित चयन समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 04.0 2. 2026 से दि० 17.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

| क्र.स. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित | मद का नाम | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम जामल में सामुहिक भवन निर्माण कार्य। | 1180.00 | राज्यवित्त | 20000.00 | छ माह | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 2 | ग्राम मजेडा में सडक मार्ग। | 590.00 | राज्यवित्त | 8000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 3 | ग्राम जामल में सडक सम्पर्क मार्ग निर्माण। | 590.00 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 4 | मंगलियागांव सडक सम्पर्क मार्ग विस्तारीकरण। | 590.0 | राज्यवित्त | 10000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 5 | डांगी भूमिया देवता मन्दिर के समीप यात्री शैड । | 590.00 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 6 | ग्राम भादसी में पेयजल टैंक का निर्माण। | 590.00 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 7 | प्रार्थमिक विद्यालय तिमलयाणी में कक्ष निर्माण। | 590.0 | राज्यवित्त | 6000.00 | छ माह | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 8 | तिलधारखाल हनुमान मन्दिर के समीप पुस्ता निर्माण। | 590.0 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 9 | सिलसारी सडक सम्पर्क मार्ग विस्तारीकरण/मल्वा निस्तारण। | 590.00 | राज्यवित्त | 10000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 10 | फल्दाकोट मल्ला में भुवनेश्वरी मन्दिर बांजखाल से मन्दिर तक सी०सी० मार्ग | 590.00 | राज्यवित्त | 8000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |

नोट: - निविदा की शेष शर्तो के सम्बन्ध में विकास खण्ड कार्यालय यमकेश्वर से कार्य दिवसों पर सम्पर्क करें।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**यमकेश्वर - गढ़वाल**


# वन्यजीवों की दहशत, महिला को बनाया निवाला

## भीमताल से सटे जून स्टेट के जंगल से लापता महिला का शव बरामद, परिजनों को 10 लाख की आर्थिक मदद दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विभिन्न विकास खंडों में बीते कई महिनों से आदमखोर वन्य जीवों का जबरदस्त आतंक मचा हुआ है जिसकी वजह से कई लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी है। ताजे मामले में जिले के भीमताल विकास खंड के भीमताल ब्लाक मुख्यालय से सटे जून स्टेट स्थित जंगल में बीते सोमवार की सुबह जंगल में चारा लेने गई महिला गंगा देवी (60) पत्नी राजेंद्र प्रसाद को वन्य जीव ने अपना शिकार बना लिया था, 24 घंटे बाद मंगलवार की सुबह जून स्टेट के जंगल में महिला का शव क्षत विक्षत हालत में पड़ा मिला।

घटना के बाद से वन महकमे के अधिकारियों ने शव को कबजे में लेकर शव भीमताल सीएचसी भेजा। उसके बाद भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा के आदेश पर शव का पोस्टमार्टम भीमताल सीएचसी में कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। मामले में नैनीताल वन प्रभाग की एसडीओ ममता चंद और वन क्षेत्राधिकारी विजय मेलकानी ने मृत महिला के बेटों को 10 लाख का चेक सौंपा। महिला की मौत के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है साथ ही लोगों में दहशत बनी हुई है।



विधायक राम सिंह कैड़ा ने वन विभाग के अधिकारियों से वन्य जीव को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए हैं साथ ही क्षेत्र में गश्त कर लोगों में दहशत खत्म करने को कहा है। भीमताल की नगर पालिका के चेयरमैन सीमा टम्टा और पूर्व चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनौतिया ने कहा कि क्षेत्र में तेंदुए और बाघ के दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों घरों से बाहर अकेले नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से तेंदुओं और बाघ को पकड़ने की मांग की है। दूसरी ओर समाजसेवी नितेश बिष्ट समेत पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, सभासद रामपाल सिंह गंगोला, जंगलियागांव की ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने कहा कि तेंदुए हमले कर लोगों को मार रहे हैं लेकिन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार ने बताया कि वन्य जीव को ट्रेंकुलाइज करने के लिए दो डाक्टर लगाए गए हैं, साथ ही पिंजरे और ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में गश्त कर लोगों से अकेले घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील कर रहे हैं।

### चौथी महिला का शिकार बनना चिंतनीय: डा.बिष्ट

**नैनीताल।** भीमताल विकास खंड के बलाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने कहा



विगत एक माह के भीतर ही भीमताल विधानसभा में चौथी महिला को अपना निवाला बना दिया है जो भविष्य के लिए चिंताजनक हैं। प्रमुख ने कहा भीमताल में एकाएक घटना हो रही है साथ ही कई जगहों पर तेंदुए की गतिविधि देखी जा रही हैं वहीं वन विभाग मौन है, विभाग की यह लापरवाही व उदासीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वन विभाग के उच्चाधिकारियों को चाहिए कि नरभक्षी वन्य जीवों को आदमखोर घोषित कर शीघ्र मारने के आदेश जारी करें एवं पीड़ित परिवारों को सीधा उनके खाते में मुआवजा राशि देनी चाहिए साथ ही भविष्य के लिए ऐसे मामलों के समाधान हेतु दीर्घकालिक योजना बननी चाहिए ताकि वन्य जीवो से हो रही मानव हानि को रोका जा सके।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दी 4 हफ्ते की मोहलत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार जिले के कई ग्रामों से होकर बहने वाली गंगा नदी की धारा परिवर्तित होने के कारण उपजे सीमा विवाद के निर्धारण करने को दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाश कालीन न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने जिलाधिकारी हरिद्वार को निर्देश दिया है कि वे ग्रामीणों की ओर से कृषि करने को लेकर दिए गए प्रत्यावेदनों पर 6 सप्ताह के भीतर निर्णय लें ताकि वे अपने कृषि कार्य कर सके, साथ ही मामले में राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 6 सप्ताह बाद की तिथि नियत की गयी है। मामले के अनुसार उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे हरिद्वार के ग्राम रायपुर, रायघाटी, काबुलपुरी, भिककपुर तथा जीतपुर व अन्य ग्रामों के ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्रामों से होकर गंगा नदी बहती थी लेकिन अब गंगा नदी की धारा परिवर्तित होने के कारण उनकी कृषि योग्य भूमि की सीमा बदल गयी है जिसके कारण उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड का सीमा विवाद खड़ा हो गया है। सीमा विवाद पैदा होने कारण उतर प्रदेश वन प्रभाग उन्हें कृषि कार्य नहीं करने दे रहा है जिसकी वजह से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गयी है। याचिका में कहा गया है कि उनके द्वारा सीमा विवाद सुलझाने के लिए कई बार राजस्व विभाग को प्रत्यावेदन दिए गए मगर कोई हल नहीं निकाला। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों राज्यों के राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर सीमा का निर्धारण किया जाए और सीमा निर्धारित करने के लिए पीलर लगाए जायँ ताकि वे बेरोकटोक अपनी कृषि कार्य कर सकें।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ( वि./यॉ. ) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून

पत्रांक: 1331/ग्रा.नि.वि./ई-निविदा सूचना/2025-2026 दिनांक 03.02.2026

**ई-निविदा शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्र संख्या 1259/ग्रा.नि.वि/ई-निविदा सूचना-43/2025-26 दिनांक 16.01.2026 द्वारा दिनांक 04.02.2026 को आमंत्रित ई-निविदा में त्रुटिवश जी.एस.टी. नम्बर 05AAAGE094L1ZE अंकित हो गई थी जिसे 05AAAGE094L1ZE के स्थान पर 05AAAGE0974L1ZE पढा जाये साथ ही उक्त निविदा कि तिथि को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

**मुख्य तिथियॉ**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन प्रकाशन की तिथि | 03.02.2026 06:00 बजे अपरान्ह |
| 2. | दस्तावेज डाउनलोड की आरम्भ तिथि | 03.02.2026 06:30 बजे अपरान्ह |
| 3. | दस्तावेज डाउनलोड की समाप्ति तिथि | 16.02.2026 12:00 बजे अपरान्ह |
| 4. | निविदा प्रस्तुत करने की आरम्भ तिथि | 03.02.2026 06:30 बजे अपरान्ह |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि | 16.02.2026 12:00 बजे अपरान्ह |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि | 16.02.2026 12:30 बजे अपरान्ह |

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता ( वि./यॉ. )**
**ग्रामीण निर्माण विभाग**
**उत्तराखण्ड देहरादून**

# अवैध बहुमंजिला निर्माणों पर एमडीडीए ने की सख्त कार्रवाई

## मानचित्र स्वीकृति के बिना किए जा रहे निर्माणों पर जीरो टॉलरेंस, सीलिंग अभियान रहेगा लगातार जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सहस्त्रधारा रोड एवं अन्य क्षेत्रों में नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे अवैध निर्माणों पर सखध्त कार्रवाई करते हुए सीलिंग की कार्यवाही की गई है।



प्राधिकरण द्वारा सहस्त्रधारा रोड स्थित डिफेन्स एन्क्लेव, डांडा नूरीवाला क्षेत्र में आयुष तलनिया एवं सुशील तलनिया द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के किए जा रहे अवैध बहुमंजिला निर्माण को चिन्हित किया गया था।

जांच में निर्माण को नियमों के प्रतिकूल पाए जाने पर संबंधित पक्ष को पूर्व में नोटिस निर्गत किए गए थे। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर एवं वैध मानचित्र प्रस्तुत न किए जाने के कारण उक्त अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में लेन संख्या-01, एकता विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून में अरुण चड्ढा द्वारा किए गए अवैध निर्माण को भी प्राधिकरण की टीम द्वारा सील किया गया।

मौके पर पाया गया कि निर्माण कार्य बिना स्वीकृत मानचित्र एवं नियमों की अवहेलना करते हुए किया जा रहा था, जिससे क्षेत्रीय नियोजन एवं सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हो रहा था।

उक्त दोनों कार्यवाहियां संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के निर्देशों पर की गईं। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभियंता उमेश वर्मा, संबंधित सुप. रवाइजर तथा पर्याप्त पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराई जा सके।

इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत निर्मल बाग, ब्लॉक-सी, श्री राम रेजीडेन्सी ऋषिकेश, देहरादून में राजेश द्वारा किए जा रहे अवैध बहुमंजिला निर्माण पर भी सखध्त कार्रवाई की गई। जांच में निर्माण को नियमों के प्रतिकूल पाए जाने पर संबंधित पक्ष को पूर्व में नोटिस निर्गत किए गए थे। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर एवं वैध मानचित्र प्रस्तुत न किए जाने के कारण उक्त अवैध निर्माण पर नियमानुसार सीलिंग की कार्यवाही अमल में लाई गई।

कार्रवाई में सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज अवर अभियंता पूनम सकलानी, अमित भारद्वाज, संबंधित सुपरवाइजर एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

### अवैध निर्माण के विरुद्ध किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी : तिवारी

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण के विरुद्ध किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बिना मानचित्र स्वीकृति एवं नियमों के विपरीत किए गए निर्माण शहरी नियोजन, पर्यावरण एवं जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। प्राधिकरण द्वारा ऐसे सभी मामलों में सखध्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील है कि किसी भी निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई: बर्निया

सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण के विरुद्ध सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# लापरवाह पुलिसकर्मियों को बक्शा नहीं जाएगा: डीजीपी

**■ दो चौकी इंचार्ज समेत तीन अधिकारियों के साथ की गई मीटिंग में डीजीपी ने दी सख्त चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। जघन्य अपराधों और कानून व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर देहरादून और हरिद्वार के तीन उपनि. रीक्षकों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है।

डीजीपी ने स्पष्ट किया कि सिविल मामलों में दखल देने वाले और भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।ऋषिकेश में महिला की हत्या के मामले में लापरवाही बरतने पर एम्स चौकी प्रभारी साहिल वशिष्ट और देहरादून के खुड़बुड़ा में युवती के हत्याकांड में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर चौकी प्रभारी प्रद्युम्न नेगी को निलंबित कर दिया गया है। इन दोनों मामलों की जांच एसपी क्राइम विशाखा अशोक भदाणे को सौंपी गई है। वहीं, हरिद्वार के भगवानपुर में दो पक्षों के संघर्ष और गोलीबारी मामले में चुड़ियाला हल्का प्रभारी सूरत शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है, जिसकी जांच एसपी क्राइम हरिद्वार जितेन्द्र मेहरा करेंगे।

### लैंड फ्रॉड और भ्रष्टाचार पर नकेल

ऊधमसिंहनगर के सुखवन्त सिंह आत्महत्या प्रकरण का संज्ञान लेते हुए डीजीपी ने जमीन संबंधी विवादों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। अब लैंड फ्रॉड के मामलों में क्षेत्राधिकारी की प्रारंभिक जांच अनिवार्य होगी। जांच में यह स्पष्ट करना होगा कि मामला सिविल है या क्रिमिनल। डीजीपी ने सतर्कता विभाग को निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें।बैठक में महानिदेशक अभिसूचना एवं सुरक्षा अभिनव कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक विजिलेंस, अपराध एवं कानून व्यवस्था वी. मुरुगेशन, अपर पुलिस महानिद. ेशक, प्रशासन ए.पी. अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक, पी/एम-विम्मी सचदेवा, पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊँ परिक्षेत्र-रिधिम अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक, दूरसंचा कृष्ण कुमार वी.के., पुलिस महानिरीक्षक, साइबर नीलेश आनन्द भरणे, पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना एवं सुरक्षा- करन सिंह नगन्याल, पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र सदानन्द दाते, पुलिस महा. निरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था सुनील कुमार मीणा, पुलिस महानिरीक्षक, कार्मिक-योगेन्द्र रावत धीरेन्द्र गुंज्याल, पुलिस उप महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बजट की जानकारी हर महिला तक पहुंचाने में सहभागी बनेगी भाजपा महिला मोर्चा

**■ 12 फरवरी तक महिला संवाद सम्मेलन और दो महिला चौपाल आयोजित करेगा महिला मोर्चा : रुचि भट्ट**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नवीं बार बजट पेश करने पर बधाई दी है।

उन्होंने एक महिला वित्त मंत्री का सबसे अधिक मर्तबा देश का बजट पेश करना प्रत्येक मातृशक्ति के लिए गौरवान्वित करने वाला है। साथ ही केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट महिलाओं, युवाओं और पहाड़ी राज्यों की आकांक्षाओं को समझने वाला दूरदर्शी बजट है, जो विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। पार्टी मुख्यालय में मीडिया को दी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि यह बजट महिलाओं को केवल कल्याण योजनाओं तक सीमित न रखकर उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता और नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने की स्पष्ट मंशा दर्शाता है। बजट में महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता, उच्च शिक्षा में छात्राओं की भागीदारी, सुरक्षित कार्यस्थल और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे उत्तराखंड की महिलाएँ स्थानीय संसाधनों के माध्यम से आजीविका के नए अवसर सृजित कर सकेंगी। स्टेम शिक्षा, छात्रावासों और शोध सुविधाओं से बेटियों को आगे बढ़ने का मजबूत आधार मिलेगा।

उन्होंने जानकारी दी कि भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में प्रत्येक बहन और बेटी तक बजट के मुख्य बिंदु और सभी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए अभियान चलाएगी।

# महिलाओं की नृशंस हत्याएँ राज्य की कानून व्यवस्था उजागर कर रही: कांग्रेस

**■ महिला कांग्रेस ने एसएसपी देहरादून को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में मंगलवार को महिला कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह से मुलाकात कर जनपद देहरादून के ऋषिकेश, विकासनगर एवं देहरादून शहर में महिलाओं की लगातार हो रही निर्मम हत्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि राजधानी क्षेत्र के बीचों.बीच इस प्रकार की जघन्य घटनाओं का लगातार सामने आना अत्यंत चिंताजनक और शर्मनाक है। इस अवसर पर उत्तराखण्ड महिला कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे जिनमें महानगर अध्यक्ष उर्मिला थापा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नजमा खान, प्रदेश महासचिव निधि नेगी, अनुराधा तिवारी, शोभा बडोनी, रेखा डींगरा, एवं राष्ट्रीय कांग्रेस महिला कॉर्डिनेटर शिवानी थपलियाल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भारतीय टेंट पेगिंग टीम ने रचा इतिहास

## कर्नल तरसेम सिंह वारैच के नेतृत्व में भारत का शानदार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय टेंट पेगिंग टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए टेंट पेगिंग वर्ल्ड कप चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। कोच-कम-मैनेजर कर्नल तरसेम सिंह वारैच के नेतृत्व में टीम ने सऊदी अरब, कुवैत, नॉर्वे और इंडोनेशिया जैसी मजबूत टीमों को पीछे छोड़ते हुए चार टीम और दो व्यक्तिगत पदक अपने नाम किए। कर्नल वारैच ने इस उपलब्धि का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और जुझारूपन को दिया।

उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मैदान पर असाधारण प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में भारत ने लांस इवेंट में टीम सिल्वर और व्यक्तिगत कांस्य, स्वॉर्ड इवेंट में टीम गोल्ड और व्यक्तिगत सिल्वर पदक जीता। इसके अलावा लेमन एंड पेग्स, रिंग्स एंड पेग्स और रिले स्पर्धाओं में टीम ब्रॉन्ज तथा ओवरऑल टीम ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ टीम इंडिया ने नवंबर 2026 में जॉर्डन में होने वाली टेंट पेगिंग वर्ल्ड कप चैंपियनशिप के लिए आधिकारिक रूप से क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया है।

### कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया राज्य हिंसा कराने का आरोप

**देहरादून( शाह टाइम्स संवाददाता )।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के कोटद्वार महानगर में गणतंत्र दिवस के दिन अराजक तत्वों के द्वारा एक मुस्लिम कपड़े की दुकान वाले को अपने प्रतिष्ठान का नाम बाबा ड्रेस बदलने के लिए धमका कर दबाव डालने व धार्मिक आधार पर उसे डराने धमकाने के मामले में मुस्लिम दुकानदार की मदद के लिए डट कर खड़े हुए दीपक कुमार व विजय रावत पर उल्टा मुकदमा कायम करना व अराजक तत्वों के खिलाफ अज्ञात के नाम मुकद्दमा कायम करना यह साफ दर्शाता है कि राज्य की भाजपा सरकार व भाजपा पार्टी के संरक्षण में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस तरह की घटनाएं घटित हो रही है। धस्माना ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के ताजा बयान में जिसमें वे कोटद्वार बाबा नाम प्रकरण पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर उत्तराखंड का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगा रहे हैं हास्यास्पद है व उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चित्रार्थ करता है। धस्माना ने कहा कि इस प्रकरण में दीपक ने जो भूमिका निभाई उसके राज्य ही नहीं देश और दुनिया में प्रशंसा हो रही है और इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने जो एक्स पर पोस्ट किया वो निश्चित तौर पर दीपक की इस बात के लिए प्रशंसा के लिए किया कि दीपक ने इस देश के संविधान व देश की सबसे बड़ी ताकत अनेकता में एकता का परिचय दिया है।

# पुश्ता निर्माण सहित सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में जल निगम, जल संस्थान एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मसूरी विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित एवं संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।



बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने जल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चामा. सारी, सरोना सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल समस्याओं को तीन दिन के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया।


कैबिनेट मंत्री जोशी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पुश्ता निर्माण सहित अन्य कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से संबंधित शासन स्तर पर लंबित प्रस्तावों को जल्द स्वीकृति दिलाकर कार्यों को धरातल पर उतारा जाए, ताकि आम जनता को समय पर लाभ मिल सके।

इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर एसएमआई अस्पताल ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर श्री महंत इंदिरेश अस्पताल, देहरादून ने कैंसर उपचार के क्षेत्र में ऐसा इतिहास रच दिया है, जिसने असंभव माने जाने वाले मामलों में भी नई उम्मीद जगा दी है। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अजीत तिवारी के नेतृत्व में 40 वर्षीय पित्ताशय (गॉलब्लैडर) कैंसर मरीज की अत्यंत जटिल और बहु-अंगों को शामिल करने वाली सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जिसे अब तक ऑपरेशन योग्य नहीं माना जाता था। यह मामला इस लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मरीज में कैंसर पित्ताशय से फैलकर लिवर, पित्त नली, डुओडेनम, पैनक्रियास, बड़ी आंत और पेट की दीवार तक पहुंच चुका था। उत्तराखण्ड सहित



**■ 'यूनाइटेड बाय यूनीक' थीम को साकार करती पित्ताशय कैंसर की अति-दुर्लभ सर्जरी**

देश के कई बड़े अस्पतालों में मरीज को इलाज से इनकार किया जा चुका था।

ऐसे गंभीर हालात में मरीज को पहले 6 चक्र कीमोथेरेपी दी गई, जिससे कैंसर की बढ़त पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया। कीमोथेरेपी के बाद किए गए पुनर्मूल्यांकन में स्थिति बेहतर पाई गई, जिसके बाद करीब 11 घंटे तक चली इस ऐतिहासिक सर्जरी को अंजाम दिया गया।

सर्जरी के दौरान प्रभावित सभी अंगों को एक साथ निकालकर कैंसर को शरीर से पूरी तरह साफ किया गया, जिसे चिकित्सकीय भाषा में मल्टीविसरल सर्जरी कहा जाता है। इस दौरान 6 अंगों को एक साथ निकाला गया और फिर से इन सभी 6 अंगों को आपस में जोड़ दिया गया। अंतिम हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट में पाया गया कि बीमारी पूरी तरह से निकाल दी गई है और उसके साथ 23 लिम्फ नोड्स भी निकाले गए हैं, जिनमें बीमारी फैलने की सम्भावना होती है जो कि अंतिम जांच में पूरी तरह कैंसर-मुक्त पाए गए।

# गुंजन हत्याकांड में की खुड़बुड़ा चौकी प्रभारी सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिन एक सिरफिरे आशिक द्वारा युवती की गला रेतकर की गई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस विभाग ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

मामले में प्रथम दृष्टया लाप. रवाही बरतने के दोषी पाए जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने खुड़बुड़ा चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।घटना के बाद से ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे थे। एसएसपी देहरादून ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले चौकी प्रभारी खुड़बुड़ा को लाइन हाजिर किया था और पूरे प्रकरण की प्राथमिक जांच क्षेत्राधिकारी नगर को सौंपी थी। सीओ सिटी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि चौकी स्तर पर लापरवाही बरती गई, जिसके चलते यह जघन्य अपराध घटित हुआ।जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी अजय सिंह ने उप-निरीक्षक प्रद्युमन नेगी (चौकी प्रभारी खुड़बुड़ा) को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार, ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोमवार को दिनदहाड़े देहरादून के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक युवक ने प्रेम-प्रसंग के चलते एक युवती की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी।

# पीएमईजीपी पोषित 23 हजार लघु उद्योगों से 1.8 लाख रोजगार सृजित

**■ पीएम जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा योजना से राज्य के लाखों लोगों का भविष्य सुरक्षित : भट्ट**

**■ मोदी सरकार की रोजगार सृजन और सुरक्षित जीवन प्रयासों का प्रदेश में दिखने लगा असर**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्र की रोजगार सृजन कार्यक्रमों और सुरक्षित जीवन बनाने की कोशिशों का प्रदेश में असर स्पष्ट दिखने लगा है। जिसके तहत पीएमईजीपी से पोषित 23 हजार से अधिक लघु उद्योगों में 1.8 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। वहीं पीएम जीवन ज्योति योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना से लाखों लोगों का पंजीयन किया गया है।

राज्यसभा में सदन के पटल पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा मांगी जानकारी के जवाब में केंद्र सरकार द्वारा योजनाओं की प्रगति साझा की है। जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे द्वारा दिए उत्तर में सामने आया कि वित्त वर्ष 2008-09 से संचालित इस योजना में 27 जनवरी 2026 तक, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अर्थात पीएमईजीपी के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य में 23,611 सूक्ष्म उद्यमों को 459.78 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी, सब्सिडी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

योजना के अंतर्गत, राज्य सहित पूरे देश में विविध उद्योगों यथा कृषि खाद्य प्रसंस्करण, कयर, वन्य-आधारित उद्योग, हस्तनिर्मित कागज और फाइबर, खनिज आधारित, पॉलिमर तथा रसायन, ग्रामीण इंजीनियरिंग और जैव तकनीक, सेवाएं एवं वस्त्र में सूक्ष्म उद्यमों को सहायता प्रदान की जाती है। अब इस पीएमईजीपी के तहत उत्तराखंड में अनुमानित 1.81 लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

इसी तरह भट्ट के एक अन्य सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू आम लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाने वाली प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अर्थात् पीएमजेजेबीवाई और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अर्थात् पीएमएसबीवाई के अंतर्गत लाखों लोगों को बीमा कवर मिलने की बात सामने आई है। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने बताया कि योजना के आरंभ के बाद से 7 जनवरी 2026 तक उत्तराखंड में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना यानि पीएमजेजेबीवाई 1,917,245 लोग पंजीयन करा चुके हैं जिसमें कुल 134.56 करोड़ का भुगतान किया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना यानि पीएमएसबीवाई के अंतर्गत कुल 5,624,440 पंजीयन किए गए हैं और 22.70 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी यमकेश्वर गढ़वाल

पत्रांक : 1112/ 2 – लेखा/ राज्य वित्त/15 वां वित्त/ 2025 2026 / दिनांक : 03.02.2026

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से इस विकास के अन्तर्गत राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत विकास खण्ड में पंजीकृत ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दिनांक 04.02.2026 से दिनांक 18 .0 2.2026 को दोपहर 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 18.02.2026 को उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष दोपहर दो बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित चयन समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 04.0 2. 2026 से दि० 17.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में आकर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

| क्र. स. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित | मद का नाम | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम जामल में सामुहिक भवन निर्माण कार्य। | 1180.00 | राज्यवित्त | 20000.00 | छ माह | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 2 | ग्राम मजेडा में सडक मार्ग। | 590.00 | राज्यवित्त | 8000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 3 | ग्राम जामल में सडक सम्पर्क मार्ग निर्माण। | 590.00 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 4 | मंगलियागांव सडक सम्पर्क मार्ग विस्तारीकरण। | 590.0 | राज्यवित्त | 10000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 5 | डांगी भूमिया देवता मन्दिर के समीप यात्री शैड । | 590.00 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 6 | ग्राम भादसी में पेयजल टैंक का निर्माण। | 590.00 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 7 | प्रार्थमिक विद्यालय तिमलयाणी में कक्ष निर्माण। | 590.0 | राज्यवित्त | 6000.00 | छ माह | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 8 | तिलधारखाल हनुमान मन्दिर के समीप पुस्ता निर्माण। | 590.0 | राज्यवित्त | 6000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 9 | सिलसारी सडक सम्पर्क मार्ग विस्तारीकरण/मल्वा निस्तारण। | 590.00 | राज्यवित्त | 10000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |
| 10 | फल्दाकोट मल्ला में भुवनेश्वरी मन्दिर बांजखाल से मन्दिर तक सी०सी० मार्ग | 590.00 | राज्यवित्त | 8000.00 | 30 दिन | 15 दिन | डी या उच्चतर |

नोट: – निविदा की शेष शर्तो के सम्बन्ध में विकास खण्ड कार्यालय यमकेश्वर से कार्य दिवसों पर सम्पर्क करें।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**यमकेश्वर – गढ़वाल**

### लक्सर पुलिस ने केवल 24 घंटे में किया लूट का खुलासा

# तीन लुटेरे पकड़े, लूटी गई नकदी व बाइक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने केवल 24 घंटे में ही लूट का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को दबोच कर उनकी निशानदेही पर लूटी गई 185000 रुपए की नकदी व मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि 1 फरवरी 2026 को रवि राठौर पुत्र मुन्नालाल निवासी लक्सर गांव ने पुलिस में पत्र देकर बताया था कि चार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मुझे रोक कर मारपीट की और बैग जिसमें कलेक्शन के पैसे व मोबाइल फोन था को लूट कर भाग जाने के संबंध में तहरीर दी थी तहरीर के आधार पर संबंधित अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर बारीकी से जांच करते हुए 2 फरवरी 2026 को चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से तीन संदिग्ध को दबोचा पुलिस टीम ने पकड़े गए संदिग्ध के कब्जे से लूटी गई कुल 185000 हजार रुपए की नकदी वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल पीड़ित का आधार कार्ड एक बैग बरामद किया चोरों ने दोपहर के वक्त रवि को डंडों से पिटा और पीठ पर टंगा कलेक्शन से पैसे वाला बैग छीन कर फरार हो गए पूछताछ में उन्होंने अपने नाम गुलशेर पुत्र कामिल निवासी खड़ंजा कुतुबपुर फरमान पुत्र वसीम निवासी उपरोक्त साहिल पुत्र नफीस निवासी उपरोक्त बताएं।लुटेरों को दबाने वाली पुलिस टीम की एसपी देहात व एसएसपी ने पीठ थप-थपाई। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक लोकपाल परमार व सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह उप निरीक्षक रंजीत नौटियाल हेड कांस्टेबल विनोद कुमार मनोज मीनान कांस्टेबल अनूप पोखरियाल संदीप रावत किशोर नेगी अरविंद शामिल रहे। पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए तीनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**❖मंगलवार को फाइनेंसकर्मी से मारपीट कर एक लाख 85 हजार रुपये से भरा बैग बाइक सहित छीनकर हो गए थे फरार**

## पति पर लगाया दहेज उत्पीड़न व दूसरी शादी करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** कलियर क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पिरान कलियर क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब आठ साल पहले थाना भगवानपुर क्षेत्र के किशनपुर गांव में एक व्यक्ति के साथ हुई थी। शादी के समय उसके परिवार ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया इसके बावजूद पति कुछ समय बाद ही दहेज कम लाने के ताने देते हुए गाली-गलौज और मारपीट की जाने लगी। करीब चार साल पहले सोने के गहने बेचकर और नगद रुपये जुटाकर पति को किस्तों पर एक कार दिलाई थी जो पति के नाम से ही ली गई थी।करीब एक साल पहले उसे छोड़कर चला गया। कुछ महीनों बाद उसे पता चला कि उसके पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली है और उसी के साथ रह रहा है। बीते करीब एक साल से उसका पति घर नहीं आ रहा है। उसने बताया कि कार उसके पास ही थी और 30 दिसंबर को कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसे मरम्मत के लिए गैराज में खड़ा कराया गया। 3 जनवरी को जब वह कार लेने गई तो वहां पति और उसके साथ आए कुछ अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की। रुड़की सिविल कोतवाली पुलिस को शिकायत की गई। 2 फरवरी को कार को पुलिस ने सिविल लाइन रुड़की में लाकर खड़ा कर दिया गया। महिला ने कलियर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सड़क हादसे में मारे गए चार लोगो की चिताओं को मुखाग्नि देते रो पड़े लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित श्मशान घाट में एक साथ चार चिताओ को मुखाग्नि देते समय पूरा झबरेड़ा रो पड़ा ।अंत्येष्टि के समय शमशान घाट में सैकड़ो की संख्या में कस्बे व क्षेत्रवासी तथा जनप्रतिनिधियो द्वारा नम आंखों से मृतको को अंतिम विदाई दी गई। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

कस्बे के मोहल्ला बंजारान निवासी एक परिवार कुछ वर्ष पूर्व यमुनानगर में रोजी-रोटी के लिए गया था। सोमवार को 29 वर्षीय सचिन 27 वर्षीय उसकी पत्नी नेहा 4 वर्षीय बेटा नोनू दो फरवरी को बाइक से यमुनानगर से झबरेड़ा अपने अन्य परिजनों से मिलने के लिए आ रहे थे। यमुनानगर से कुछ आगे पाँसरा रेलवे फाटक के पास सचिन की बाइक के पीछे आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी ।डंपर की टक्कर लगते ही बाइक सहित तीनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए तथा बाइक सवार तीनों डंपर के पहीयों के नीचे आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। डंपर चालक को डंपर सहित संबंधित थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। मंगलवार को यमुनानगर अस्पताल से पोस्टमार्टम के बाद उक्त तीनों मृतकों को दो बजे झबरेड़ा लाया गया ।जिस समय उक्त तीनों के शव को एंबुलेंस से नीचे उतारा गया तो वहां उपस्थित सैकड़ो लोग मे शवों को देखकर कोहराम मच गया ।उक्त मृतकों की अंतिम यात्रा में कस्बे व क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल हुए। इसी मोहल्ले के निवासी साठ वर्षीय मुल्की राज सैनी जो बीमार चल रहा था उसकी भी सोमवार रात्रि मौत हो गई थी। शमशान घाट में एक ही कतार चार चिताए जलने से वहां उपस्थित सैकड़ो की संख्या में कस्बे व क्षेत्रवासी रो पड़े। मृतक सचिन की 6 वर्षीय बेटी भी है जो झबरेड़ा में ही अपनी दादी व अन्य परिजनों के साथ रहती थी ।मृतक सचिन अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। 6 वर्षीय बेटी तनु बार-बार अपनी मां पापा व भाई से मिलने की जिद कर रही थी। बेटी को यह कहकर बहलाया जा रहा था कि उसकी मां पापा तथा भाई डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए गए हुए है। बेटी को क्या पता कि अब वह दुनिया में बिना मां-बाप व भाई के रह गई है। मृतक नेहा गर्भवती भी थी।

### कलियर बेड़पुर चौक के पास बड़ा हादसा टला

## खनन से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** बेड़पुर चौक के पास सोहलपुर रोड पर बजरी खनन से लदा एक भारी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक खेत में पलट गया। हादसा उस समय हुआ जब ट्रक सोहलपुर की ओर से आ रहा था। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नही हुई।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात को एक बजरी से भरा ट्रक सोहलपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह बेड़पुर चौक के समीप पहुंचा चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क से उतरकर पास ही स्थित चारे के खेत में पलट गया। ट्रक पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। लेकिन खेत में चारे की फसल को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोहलपुर रोड पर खनन से भरे ओवरलोड भारी वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है। इन वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।



**❖ओवरलोड खनन वाहनों से लगातार हो रहे हादसों से लोगों में दहशत**

## भड़ाना ने किया मंडावली में ग्रामीणों का सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** मंगलौर विधानसभा के ग्राम मंडावली स्थित अपने कार्यलय पर पहुँचे हरियाणा पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें ग्राम मंडावली के लोग शामिल रहे।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को दिल्ली हरिद्वार रोड स्थित ग्राम मंडावली मे पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना अपने कार्यालय पर सम्मान समारोह का आयोजन किया इस दौरान उन्होंने ग्राम मंडावली के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हरिद्वार की जनता पर उनके पिछले जन्म का कोई कर्ज बकाया है जिसके चलते वह पिछले 3 सालों से जनता की सेवा में लगे हुए है और उन्हें उम्मीद है कि इस बार यहाँ की जनता का प्यार उन्हें जरूर मिलेगा करतार सिंह भडाना ने यह भी जाहिर किया कि वह मंगलौर की जनता के वोट के नही बल्कि प्यार के भूखे है और इसी के चलते वह लगातार लोगो की सेवा में लगे हुए है आज भी उन्होंने मंडावली के लोगो को सम्मानित किया और उन्हें भी इनका भरपूर साहयोग मिला। इस अवसर पर आदित्य, विनीत, विकास, विकास सोनीवाल, सागर, शुभम कश्यप, बिट्टू कश्यप, मीर आलम, निक्की राम, पंकज, नरेंद्र, सूरज, मुकेश कुमार, मनोज आदि ग्राम वासी उपस्थित रहे।



## अवैध पशु कटान में दो दबोचे एक कुंटल मांस बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने पशु क्रूरता करने वाले 02 अभियुक्तो को धर दबोच कर मौके पर 120 किलो भैंसवंशशीय मांस व पशु कटान उपकरण बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार गौकशी अवैध पशुओ के कटान पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 02.02.2026 को कोतवाली सिविल लाइन रुड़की पुलिस टीम को मुखबिर ने सूचना दी कि मच्छी मोहल्ले में सरकारी कुएं के पास जमशेद के घेर में 1. उमर गुल पुत्र फुरकान निवासी मच्छी मौहला कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 2. अफजल पुत्र सगीर निवासी रामपुर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार के द्वारा भैंस का अवैध काटन किया जा रहा है सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की कार्यवाही करते हुये अभि0गण उमर गुल व अफजल उपरोक्त को जमशेद का घर निकट सरकारी कुआं मच्छी मौहला रुड़की से गिरफ्तार किये गये अभि0गणो के कब्जे से कुल 120 किलो भैंस वंशीय मांस व पशु कटान उपकरणो की बरामदगी की गयी। जिसके सम्बन्ध में कोतवाली रुड़की पर मु0अ0स0 28/2026 धारा 3/11(ड) पशु क्रूरता निवारण अधि0 बनाम उमर गुल आदि पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार दोनो अभि0गणो को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों पकड़ने वाली पुलिस टीम-उप निरीक्षक आनंद मेहरा, कांस्टेबल सुरेश तोमर, कांस्टेबल इतेंद्र ध्यानी शामिल रहे।

## टक्कर से बाइक सवार घायल

**लक्सर।** लक्सर-पुरकाजी हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत में उसे हरिद्वार हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के महेश्वरी गांव निवासी संदीप हरिद्वार की एक कंपनी में कार्य करता है। सोमवार सुबह वह बाइक से काम पर जाने के लिए निकला था। इस दौरान जब वह लक्सर - पुरकाजी हाईवे पर दाबकी मोड़ के पास पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी हालत में सुधार है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक लोकपाल परमार ने बताया कि घटना के संबंध में सूचना नहीं मिली है।

## सुबोध राकेश ने मसाई कला में किया शोभायात्रा का शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**बुग्गावाला/ ज्वालापुर।** विधानसभा ज्वालापुर के मसाई कला गांव में संत शिरोमणि रविदास जयंती के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भंडारा एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर नाच गाना किया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश रहें। पूर्व राज्य मंत्री सुबोध राकेश ने कहा कि हमें अपने जीवन को सफल बनाने और हर कदम पर सफलता प्राप्त करने के लिए गुरु जी के बताए मार्गों पर चलना चाहिए।सत्य, अहिंसा और सच्चाई के मार्ग पर चल कर हम गुरु जी के बताए मार्गों पर ही चल पाएंगे।

## रिटायर्ड सैन्यकर्मी से आठ लाख की धोखाधड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के खेड़ाजट गांव में एक बुजुर्ग सेवानिवृत्त रक्षा कर्मी के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के खेड़ाजट निवासी मदन सिंह ने पुलिस को बताया कि वे एक वरिष्ठ नागरिक हैं और अपनी पत्नी के साथ अकेले रहते हैं। आरोप है कि गांव के ही गुलजार और सुरेंद्र ने एक सोची-समझी साजिश के तहत उन्हें अपनी दो बीघा भूमि का सौदा किया। पीड़ित के अनुसार 17 अक्तूबर 2025 को आरोपियों ने उनसे आठ लाख रुपये लेकर जमीन का बैनामा कर दिया। उन्हें पहले से ज्ञात था कि उस खाते में उतनी भूमि मौजूद ही नहीं है। तहरीर में मदन सिंह ने बताया कि इस धोखाधड़ी में सोहनवीर भी शामिल हैं। इन लोगों ने मिलकर प्रार्थी को कानूनी उलझनों में फंसाने के लिए विभिन्न न्यायालयों में वाद दायर कर दिए हैं। पीड़ित का आरोप है कि अब ये लोग एकजुट होकर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपियों का कहना है कि यदि वे न्यायालय की तारीख पर गए तो उन्हें खत्म कर दिया जाएगा। बुजुर्ग दंपती ने अपनी जानमाल का खतरा बताते हुए कहा कि दबंग किस्म के ये लोग कभी भी उनके घर पर हमला कर सकते हैं। पीड़ित मदन सिंह ने चौकी प्रभारी नारसन को प्रार्थना पत्र देकर मांग की कि वरिष्ठ नागरिक होने के नाते उन्हें और उनकी पत्नी को सुरक्षा प्रदान की जाए। साजिश रचकर आठ लाख रुपये ठगने वाले आरोपियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि रिटायर्ड फौजी की तहरीर पर सोहनवीर, ब्रजपाल, गुलजार व सुरेन्द्र निवासी खेड़ाजट थाना मंगलौर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

### डायल 112 का दुरुपयोग पड़ा भारी

## झूठी सूचना देने वाला युवक पुलिस के शिकंजे में

शाह टाइम्स संवाददाता

**खानपुर।** थाना खानपुर क्षेत्र में श्री रविदास जयंती की शोभायात्रा के दौरान डायल 112 पर झूठी सूचना देकर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 01 फरवरी 2026 को अजय नामक युवक ने डायल 112 पर सूचना दी कि कुछ लोग हथियार लेकर शोभायात्रा को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और जांच की गई, जिसमें सूचना पूरी तरह असत्य पाई गई। पुलिस के अनुसार मौके पर मौजूद अजय शराब के नशे में प्रतीत हो रहा था और सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचा रहा था। पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी मरने-मारने पर उतारू हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उसे धारा 170 बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम अजय पुत्र रकम सिंह, निवासी ग्राम महेशरा, थाना खानपुर, जनपद हरिद्वार, उम्र 22 वर्ष बताया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक तरूण कुमार,कांस्टेबल सुमित कुमार,कांस्टेबल बलवीर सिंह शामिल रहे।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या झूठी सूचना न फैलाएं, ऐसा करना कानूनन अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जन प्रतिनिधियों पर ध्वजारोहण न करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** नगला इमरती निवासी व्यक्ति का आरोप है कि गणतंत्र दिवस पर जनप्रतिनिधि सरकारी भवनों पर ध्वज रोहण करने नहीं पहुंचे। इस मामले में उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। नगला इमरती निवासी सुनील त्यागी ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गणतंत्र दिवस पर सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर ध्वजारोहण किया गया था। शिकायत कर्ता का आरोप है कि ध्वजारोहण में दो महिला जनप्रतिनिधियों ने शिरकत नहीं की। महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके परिजनों ने ध्वजारोहण किया। यह भी आरोप है कि प्रधानध्यापक और ग्राम विकास अधिकारी ने भी इस मामले में कोई ऐतराज नहीं जताया। शिकायत कर्ता ने जनप्रतिनिधियों, प्रधानाध्यापक, और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### सन्नी हत्याकांड : पुलिस पर चार युवकों को बचाने का आरोप

## परिजनों ने कोतवाली पर किया हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लकसर के ककरखाता गांव के सन्नी हत्यकाण्ड मे अब नया मोड़ आ गया है। सन्नी के परिजनो ने सैकड़ो ग्रामीणों के साथ लकसर कोतवाली पहुंचकर सन्नी हत्याकांड मे गांव के चार युवकों को बचाने के आरोप पुलिस पर लगाते हुए हंगामा किया।

कोतवाली पहुंचे एसपी देहात शेखर सुयाल ने ग्रामीणों से वार्ता की ग्रामीणों ने कहा कि सन्नी की हत्या मे रोहित के आलावा गांव के चार और युवको का हाथ है क्यूंकि रोहित सहित पांच युवक उसे बुलाकर ले गए थे पुलिस ने केवल रोहित को गिरफ्तार किया है बाकि को छोड़ दिया ऐसा लग रहा है पुलिस उन्हें बचाने की कोशिश कर रही है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल नेआस्वाशन दिया कि हत्याकांड में चारो युवकों की क्या भूमिका है इसे लेकर हर पहलू की गहराई से छानबीन की जाएगी किसी भी आरोपी को नही छोड़ा जाएगा। एसपी देहात से आश्वाशन मिलने के ग्रामीण शांत हुए भीम आर्मी प्रदेश प्रभारी दीपक सेठपुर ने कहा कि ग्रामीणों के साथ कोतवाली में आया हूं क्योंकि ग्रामीण सनी हत्याकांड में पांच के होने की बात कह रहे हैं उन्होंने कहा पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जो भी मुस्लिम होगा उसे छोड़ नहीं जाएगा।



## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 35 शिकायत आई 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ अस्वाल ने कहा कि आज तहसील दिवस में 35 शिकायत आई है और अभी भी आ रही है हमने तेरा शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया है। उन्होंने कहा ज्यादातर शिकायत पैमाइश से संबंध आई है और सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं की जो भी शिकायत तहसील दिवस में आई है उन पर तुरंत गौर करें और उनका निस्तारण करें। उन्होंने पिछली शिकायतों का भी संज्ञान लेते हुए कहा कि अगर कोई शिकायत पिछली भी बचेगी तो उस संबंधित के खिलाफ भी नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ राशन विक्रेता लोगों को राशन की पर्ची दे देते हैं और राशन नहीं देते उनके खिलाफ भी जांच कराई जा रही है जांच में जो भी तथ्य सामने होंगे उसी के अनुसार आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# डील पर राजनीति

अमेरिका के साथ आखिरकार सोमवार को ट्रेड डील हो ही गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर जानकारी देते हुए कहा कि इस समझौते में महत्वपूर्ण आयात शुल्क कटौती शामिल होगी। इसमें यह दावा भी किया गया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने भी जहां भारत अमेरिका के नए व्यापार समझौते का स्वागत किया, वहीं सोशल मीडिया के पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति की रणनीति की तारीफ करते हुए कहा कि रूसी ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर आर्थिक दबाव काम करता दिख रहा है। उन्होंने भारत के साथ हालिया व्यापार समझौते की तरफ इशारा किया, जिसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामानों पर आयात शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के बारे में आपका संदेश पुतिन के उन ग्राहकों से जो उनकी युद्ध मशीन को मदद देने का काम कर रहे थे, उन्हें सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। भारत सरकार की तरफ से मंगलवार को ट्रेड डील पर पहला बयान आया जिसमें केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है और यह ऐसी डील है जिस पर भारतीयों को गर्व होगा। पीयूष गोयल ने यह भी कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी दोनों सेक्टरों को सपोर्ट किया है। एक तरफ जहां मोदी खेमा इस डील को लेकर गदगद है, वहीं तमाम विपक्ष इस डील पर सवाल खड़े कर रहा है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी पर यह कहकर सीधा हमला ही बोल दिया और कहा कि पैसा देकर उनकी जो छवि बनाई गई थी वह टूट रही है। इसलिए श्री मोदी ने डरकर अमेरिका व्यापार समझौते तथा अन्य मामले में देश के हितों के साथ समझौता कर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने भारत के हितों से समझौता कर देश को बेच दिया है। उनका कहना था कि वे तीन बातें बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा और यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि पीएम मोदी घबराए हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका से व्यापार समझौता चार माह से रुका हुआ था, इस बारे में जो मैं जानता हूं वह पीएम मोदी भी जानते हैं। पीएम मोदी ने सोमवार की शाम भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर साइन किए, उन पर भारी दबाव था। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश की जनता को इस संबंध में सोचना चाहिए। सरकार डरी हुई है इसलिए संसद में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह पर है कि ट्रेड डील अपने अंजाम को पहुंच गई, लेकिन अभी खुलकर बातें सामने नहीं आई हैं और न ही दोनों तरफ से संयुक्त वक्तव्य सामने आया है। तमाम जानकारी अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ही सामने आ रही है।

## नागरिकों व उद्योगों को व्यापक लाभ होगा



भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को दोनों देशों के हक में है, दोनों देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गहन सहयोग करने की स्थिति में हैं, समझौते से दोनों देशों के नागरिकों और उद्योगों को व्यापक लाभ होगा, अमेरिका और भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, दोनों देश स्वाभाविक सहयोगी हैं, भारत और अमेरिका के पास शांति और विकास के लिए मिलकर काम करने की अपार क्षमता है, दोनों देश मिलकर ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित कर सकते हैं और ऐसे समाधान तैयार कर सकते हैं, जिनसे विश्व को लाभ होगा, समझौता दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

**-अश्विनी वैष्णव**
**रेल, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

# कैंसर की बढ़ती आहट और हमारी सामाजिक जिम्मेदारी

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष



कैंसर आज वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों की असमय मृत्यु का कारण बन चुका है। यही कारण है कि कैंसर जैसे जानलेवा रोग के कारणों, उसकी समय पर पहचान और रोकथाम के प्रति लोगों को सजग करने के उद्देश्य से हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में पिछले दो दशकों में कैंसर रोगियों की संख्या दोगुनी हो गई है, जो न केवल स्वास्थ्य तंत्र बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी चेतावनी है। करीब एक दशक तक चले दो वैश्विक अध्ययनों में कुछ समय पूर्व यह तथ्य भी उभरकर सामने आया कि विकसित देशों में अब कैंसर के कारण सबसे ज्यादा लोग प्राण गंवा रहे हैं। कनाडा की लावल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता गिल्स डेगनिस के मुताबिक वर्ष 2017 में दुनियाभर में करीब 26 लाख मौतें कैंसर के कारण हुई थी। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर नजर डालें तो दुनियाभर में हर छह में से एक व्यक्ति की मौत अब कैंसर के कारण होती है और वर्ष 2018 में विश्वभर में 96 लाख लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण हुई, जिनमें में से 21 लाख कैंसर रोगियों की मृत्यु फेफड़ों के कैंसर, 20 लाख की स्तन कैंसर, 18 लाख की कोलोरेक्टल कैंसर, 12 लाख की प्रोस्टेट कैंसर, 11 लाख की त्वचा कैंसर और 10 लाख कैंसर मरीजों की मृत्यु पेट के कैंसर के कारण हुई।

कैंसर से मौतों का यह आंकड़ा साल-दर-साल निरंतर बढ़ रहा है और अब यह प्रतिवर्ष एक करोड़ तक पहुंच गया है। दुनियाभर में कैंसर के जितने भी मामले सामने आते हैं, उनमें से करीब 22 फीसदी तम्बाकू के किसी भी रूप में सेवन के कारण ही होते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन ने एक व्यापक अध्ययन के बाद 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' नामक अपनी एक रिपोर्ट पेश की थी, उसके अनुसार भारत में मृत्यु के दस बड़े कारणों में से कैंसर दूसरे स्थान पर है। 'प्रॉस्पेक्टिव अर्बन रूरल एपीडेमियोलॉजिक' नामक एक अध्ययन के तहत कुछ समय पहले जब भारत सहित चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, कनाडा, ब्राजील, स्वीडन, ईरान, मलेशिया, फिलीपींस, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, दक्षिण अफीका, अर्जेन्टीना, कोलम्बिया, चिली, तंजानिया, तुर्की, पोलैंड, जिम्बाब्वे इत्यादि देशों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तो पाया गया कि कैंसर अब पूरी दुनिया में सबसे बड़ी महामारी के रूप में उभर रहा है और अगर यह इसी गति से उभरता रहा तो आगामी कुछ दशकों या वर्षों में ही यह दुनियाभर में सबसे बड़ी प्राणघातक बीमारी बन जाएगा। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं और माना जा रहा है कि कैंसर के मरीजों की संख्या एक करोड़ को पार कर चुकी है। देश में कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवम्बर 2019 में विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन संबंधी संसद की स्थाई समिति ने राज्यसभा के तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कैंसर के मामलों से निपटने और मरीजों को एक ही जगह इलाज की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देशभर में ट्रीटमेंट हब (विशिष्ट इलाज केन्द्र) बनाने की सिफारिश की थी। समिति को अक्तूबर 2019 में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई थी कि भारत में प्रतिवर्ष कैंसर के करीब सोलह लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इस बीमारी से पीड़ित मरीजों में करीब 68 फीसदी मृत्यु दर बेहद दुखद है और मौजूदा समय में कैंसर के इलाज का देश में जो नेटवर्क है, वह इस बीमारी की भयावहता को देखते हुए बहुत छोटा और अपर्याप्त है, जिसके लिए एक ऐसे मजबूत और विशाल तंत्र की जरूरत है, जो कैंसर की दवाओं के मूल्य को नियंत्रित रख सके। समिति द्वारा मुम्बई स्थित टाटा मेमोरियल कैंसर शोध एवं उपचार केन्द्र के नेटवर्क को देशव्यापी बनाने की सिफारिश भी की गई थी।

बहरहाल, केन्द्र सरकार द्वारा कैंसर के सस्ते इलाज के लिए कुछ आवश्यक कदम उठाते हुए देश-विदेश के सरकारी और गैर सरकारी करीब 170 अस्पतालों का एक समूह बनाकर 'नेशनल कैंसर ग्रिड' बनाया गया ताकि यह कैंसर मरीजों तक कैंसर विशेषज्ञों की सलाह और इलाज के तौर-तरीकों को पहुंचाने में मददगार साबित हो सके। ग्रिड में शामिल अस्पतालों के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा कैंसर मरीजों के लिए विशेष रूप से आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किए गए हैं। मरीज को एक बार डॉक्टर के पास जाकर अपनी जांच करा लेने के बाद फिर बार-बार डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती। दरअसल मरीज का सारा डाटा एक एप में डालकर कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श हासिल किया जा सकता है। फिलहाल ए सेवाएं गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के लिए मुफ्त हैं। शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिए अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के कुछ प्रमुख लक्षणों की बात करें तो हालांकि कई बार शुरूआती दौर में इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते लेकिन फिर भी इसके अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, तेज बुखार आना और बुखार ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, भूलना, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव, सांस लेने में दिक्कत होना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले अथवा शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं। अगर शरीर में ऐसे कोई भी बदलाव या लक्षण नजर आएं तो तुरंत योग्य चिकित्सक से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा लेनी चाहिएं। आज कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, टारगेट थैरेपी, इम्यूनोथैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, सर्जरी, रोबोटिक सर्जरी तथा स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के द्वारा कैंसर के बहुत से मरीजों का सफल इलाज किया भी जा रहा है और कैंसर का इलाज पहले के मुकाबले ज्यादा सुविधाजनक, सफल तथा कम साइड इफैक्ट्स के साथ संभव हुआ है लेकिन अगर इसके बावजूद कैंसर से हो रही मौतों का आंकड़ा वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है तो यह बेहद चिंताजनक है। कैंसर के इलाज में बड़ी समस्या यही है कि या तो मरीज का कैंसर ठीक ही नहीं होता या फिर इलाज के बाद इसके दोबारा वापस लौटने की संभावना बरकरार रहती है। हालांकि आज कैंसर पूरी तरह लाइलाज नहीं रहा, चिकित्सा विज्ञान द्वारा कैंसर के इलाज के लिए कई कारगर दवाएं और थैरेपी खोजी जा चुकी हैं।

**...साभार**

# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा



मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।

## केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अत्यधिक वसा और मीठे से ऐसे प्रभावित होता है मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो



बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्तेजित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।



नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र में भाग लेने के लिए जाते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

## दावाः ईरान में प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ

**तेहरान।** ईरानी-जर्मन पत्रकार मिशेल अब्दोल्लाही ने ईरानी सरकार पर चौंकाने वाले आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सुरक्षा बलों ने विरोध करने वाली महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और म्यूटिलेशन (विकलांग करना) को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया ताकि वह लोगों में ज्यादा से ज्यादा डर पैदा कर सके और संघर्ष रुक जाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, अब्दोल्लाही ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर दावा किया कि उन्हें प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी मिली है। उनके अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है, उनके गर्भाशय निकाल दिए जाते हैं, सिर की खाल उनके बालों सहित उतार दी जाती है।

## यूएई ने अजरबैजान से सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी के लिए समझौता किया

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) की सहायक कंपनी एक्सआरजी ने सदर्न गैस कॉरिडोर में हिस्सेदारी हासिल करने के लिए अजरबैजान अर्थव्यवस्था मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अमीरात मीडिया ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार अबू धाबी में यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने सोमवार को बताया कि यह समझौता कई शर्तों पर निर्भर है, जिसमें नियमित नियामक और विश्वास विरोधी मंजूरी हासिल करना शामिल है।

# रूस को ट्रम्प के दावे पर यकीन नहीं

## कहाः भारत ने तेल खरीद रोकने पर कुछ नहीं बोला, हम ट्रम्प के बयान का मतलब समझ रहे

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, जिसमें यह कहा गया हो कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद करने जा रहा है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक क्रेमलिन के प्रवक्ता रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस, भारत को लेकर ट्रम्प की टिप्पणियों का विश्लेषण कर रहा है। जब उनसे सीधे पूछा गया कि क्या भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने का फैसला कर लिया है, तो उन्होंने कहा कि अब तक दिल्ली की तरफ से इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं आया है।

पेस्कोव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीदना रोकने पर सहमति जताई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की थी कि अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौता हुआ है। इसके तहत अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला



■ अमेरिका ने भारतीय सामान पर लगने वाला टैरिफ 50 से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है

टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति दी है। इसके बदले में ट्रम्प का दावा है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और व्यापार से जुड़ी रुकावटें भी कम करेगा। भारत ने उनकी इस घोषणा पर न तो स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर सैन्य हमला किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच युद्ध शुरू हो गया, जो अब तक जारी है। इस युद्ध के कारण रूस पर अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए, खासकर उसके तेल और गैस सेक्टर पर। इन प्रतिबंधों की वजह से रूस को अपना कच्चा तेल सस्ते दामों पर बेचने के लिए नए खरीदार ढूंढने पड़े। इसी दौरान भारत ने रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदना शुरू किया। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और रूस का द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 68.7 अरब डालर तक पहुंच गया। लेकिन इसमें बड़ा हिस्सा कच्चे तेल का था। भारत ने अकेले 52.73 अरब डालर का कच्चा तेल रूस से खरीदा था। अब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल आयात रोकने पर सहमत हो गया है। अगर भारत वाकई रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद कर देता है, तो भारत-रूस का कुल द्विपक्षीय व्यापार घटकर 20 अरब डालर से भी नीचे आ सकता है। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पिछले महीने कहा था कि रूस से कच्चे तेल के आयात में आगे भी गिरावट आने की संभावना है।

# अमेरिका-चीन के बीच घिर रहा भारत

## अब कम ताकतवर देशों से नई दिल्ली बढ़ा रहा दोस्ती, ट्रम्प के टैरिफ से बदली भारत की विदेश और व्यापार नीति

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के मंच से कहा था कि दुनिया की पुरानी व्यवस्था 'टूट' रही है। अब मध्यम ताकत वाले देशों को साथ लाकर काम करना होगा। दावोस में अपने भाषण में कार्नी ने न तो ट्रम्प प्रशासन का नाम लिया और न ही उन अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया, जिनकी वजह से पुराना ग्लोबल सिस्टम हिल गया। अपने भाषण में उन्होंने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था। भारत इस वक्त दो बड़े दबावों के बीच खड़ा है।

एक तरफ अमेरिका की बदलती नीतियां हैं तो दूसरी ओर चीन की बढ़ती आक्रामकता। ऐसे हालात में भारत अब पारंपरिक साझेदारों से आगे बढ़कर दुनिया के दूसरे हिस्सों में नए दोस्त तलाश रहा है। इस घटना के ठीक एक हफ्ते बाद, भारतीय पीएम मोदी नई दिल्ली में यूरोपियन (ईयू) की प्रमुख उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ खड़े थे। दोनों ने करीब 18 साल से अटके पड़े एक बड़े व्यापार समझौते की घोषणा की, जिसे उन्होंने 'मदर आफ आल डील्स' कहा। इस डील से करीब 2 अरब लोगों का बाजार तैयार होगा। यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि उस नए अंतर्राष्ट्रीय सिस्टम का हिस्सा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका कमजोर होने के बाद बाकी देश मिलकर नया ढांचा खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। आज भारत उन देशों में शामिल है जिनकी राय और फैसले वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने लगे हैं। 140 करोड़ की आबादी के साथ यह दुनिया की सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। भारत की इकोनामी भी जापान और जर्मनी के साथ दुनिया की टाप-5 में शामिल हो चुकी है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय अब भी इन देशों से बहुत कम है। प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत वाली सोच अब थोड़ी नरम पड़ती दिख रही है। भारत में यह धारणा लंबे समय से रही है कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए दूसरे देशों से ज्यादा आर्थिक जुड़ाव नहीं होना चाहिए, लेकिन यूरोप, कनाडा और दूसरे देश यह तर्क देते रहे हैं कि मिलकर व्यापार करने से ही देश मजबूत बनते हैं। भारत और दूसरे अहम देशों के बीच रिश्तों में तेजी पिछले साल ब्रिटेन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से दिखनी शुरू हुई। यह समझौता लंबे समय से अटका हुआ था। इसके बाद दिसम्बर में ओमान और न्यूजीलैंड के साथ भी ऐसे ही अहम समझौते किए गए। ये द्विपक्षीय समझौते दिखाते हैं कि भारत की नीति में बदलाव आ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में जर्मनी, जापान, यूएई और सऊदी अरब के बड़े नेता नई दिल्ली आए। हर मुलाकात में भारत के साथ रिश्ते आगे बढ़ाने की बात हुई और नए समझौते किए गए। फरवरी में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा भी भारत आने वाले हैं। इसके बाद मार्क कार्नी भी भारत आएंगे। उम्मीद है कि वे मार्च में कनाडा के एक डेलिगेशन के साथ नई दिल्ली आएंगे और एक और व्यापार समझौते को आगे बढ़ाएंगे। पिछले साल डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से आने वाले ज्यादातर सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। इसमें आधा जवाबी टैरिफ था और आधा रूस से तेल खरीदने की सजा के तौर पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैक्स। यहीं से भारत-अमेरिका के रिश्तों में बदलाव शुरू हुआ था। इससे पहले 25 सालों तक अमेरिका और भारत के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश होती रही थी, खासकर चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए। हालांकि, सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि भारत पर सिर्फ टैरिफ 18 प्रतिशत ही लगेगा। अमेरिका रूसी तेल खरीदने के कारण लगा 25 प्रतिशत टैरिफ हटा देगा।



■ अपने भाषण में दावोस ने सीधेतौर पर भले ही भारत का नाम न लिया हो, लेकिन इशारा साफतौर पर भारत की तरफ था

## रूस से तेल खरीद रोकने, अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि के लिए तैयार हुआ भारतः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साथ टेलीफोन वार्ता के बाद कहा कि भारत अमेरिका से आयात में भारी वृद्धि करने, अमेरिकी सामानों पर आयात शुल्क 'शून्य' करने तथा रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने पर सहमत हो गया है, और बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 'तत्काल प्रभाव से' आयात शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए मोदी को अपना 'सबसे अच्छा मित्र' बताते हुए लिखा कि वह रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने और अमेरिका, तथा संभवतः वेनेजुएला, से खरीद बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं जिससे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका तत्काल प्रभाव से भारतीय उत्पादों पर प्रतिवर्ती आयात शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत अमेरिकी उत्पादों पर आयात शुल्क और आयात बाधाओं को घटाकर शून्य कर देगा।

## अमेरिका-भारत साझेदारी मंच ने किया ट्रम्प की व्यापार संबंधी घोषणा का स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच हुई बातचीत के बाद की गई व्यापार संबंधी घोषणा का मंगलवार को स्वागत किया। दोनों नेताओं ने सोमवार देर रात भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

घोषणा के तहत भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक आयात शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का प्रावधान है, जिसे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहला कदम माना जा रहा है। समझौते का विस्तृत स्वरूप अभी सामने नहीं आया है, यूएसआईएसपीएफ ने कहा कि यह कदम दोनों पक्षों की ओर से एक व्यापक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है। प्रस्तावित बीटीए में शुल्क, बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य व्यापारिक मुद्दे शामिल होंगे। मंच के अनुसार, पूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौते से दोनों देशों के व्यवसायों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं को लाभ मिल सकता है, साथ ही आपूर्ति शृंखलाओं और आर्थिक मजबूती को भी बल मिलेगा। यूएसआईएसपीएफ ने बताया कि दोनों देशों की सरकारों ने संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में वार्ता के अतिरिक्त चरण और बातचीत होने की संभावना है। मंच ने इस घोषणा से उत्पन्न सकारात्मक गति पर आशा व्यक्त करते हुए दोनों सरकारों के साथ मिलकर द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने की साझा प्रतिबद्धता दोहराई। यूएसआईएसपीएफ ने यह भी कहा कि मजबूत भारत-अमेरिका व्यापार और निवेश संबंध न केवल आर्थिक विकास के लिए, बल्कि स्थिर, मजबूत और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कल भारत के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की थी, जिसके तहत भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की गई है। यह समझौता भारत द्वारा रूसी तेल आयात में कटौती के निर्णय की पृष्ठभूमि में सामने आया है, जिस पर ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी के बीच चर्चा हुई थी।

## मेलबर्न में महात्मा गांधी की प्रतिमा चोरी, भारत ने की ऑस्ट्रेलिया से तुरंत कार्रवाई की मांग

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर के रोवविले स्थित आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी कर ली गई है। इस घटना ने भारतीय-आस्ट्रेलियाई समुदाय में गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया है। भारत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है और तुरंत कार्रवाई कर प्रतिमा की वापसी और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की मांग की है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी और आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 3 फरवरी 2026 को मीडिया से बातचीत में कहा हम गांधी प्रतिमा के विनाश और चोरी की कड़ी निंदा करते हैं। यह प्रतिमा रोवविले, मेलबर्न के आस्ट्रेलियाई भारतीय कम्युनिटी सेंटर में स्थापित थी। हमने आस्ट्रेलियाई अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस चोरी की तत्काल जांच हो, प्रतिमा को वापस लाया जाए और दोषियों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े। प्रतिमा की चोरी की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस वारदात के पीछे कौन है और प्रतिमा कहां है।

## कनाडा में गोलीबारी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा के सरे शहर में एक घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया।

सरे पुलिस सेवा ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि हरजोत सिंह (21), तरणवीर सिंह (19) और दयाजीत सिंह बिलिंग (21) पर एक-एक मामले में हथियार से गोलीबारी करने का आरोप लगाया गया है। तीनों को हिरासत में भेज दिया गया है और वे 5 फरवरी 2026 तक रिमांड पर रहेंगे। पुलिस के अनुसार, 1 फरवरी 2026 की सुबह सरे के क्रेसेंट बीच इलाके में क्रेसेंट रोड और 132 स्ट्रीट के पास एक घर के बाहर गोली चलने और छोटी आग लगने की सूचना मिली थी।

■ कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया

इसके कुछ ही समय बाद गश्ती दल ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच अब सरे पुलिस की मुख्य अपराध शाखा कर रही है। तीनों आरोपियों पर कनाडा के आपराधिक संहिता की धारा 244.2(1) के तहत किसी स्थान पर गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और आगे और आरोप भी लगाए जा सकते हैं। सरे पुलिस ने पुष्टि की है कि तीनों आरोपी विदेशी नागरिक हैं और इस मामले में कनाडा बार्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) को भी शामिल किया गया है।

# नार्वे की राजकुमारी का एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार नाम

## यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन भेजता था फ्लर्टी मैसेज, लिखा थाः मैं पत्नी की तलाश में हूं

**ओस्लो।** नार्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंध सामने आने से विवाद छिड़ गया हैं। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट की ओर से 30 जनवरी को जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में प्रिंसेस नाम का 1 हजार से ज्यादा बार आया है।

नार्वे के अखबार वीजी की रिपोर्ट के मुताबिक, इन फाइलों में मेटे-मारिट और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच 2011 से 2014 के दौरान हुए कई ईमेल शामिल हैं। दोनों के बीच लंबे समय तक संपर्क रहा। एक मेल में एपस्टीन ने मेटे-मारिट को बताया कि वो शादी करना चाहता है और पत्नी की तलाश में पेरिस आया है। उसने फ्लर्टी मैसेज करते हुए कहा था कि पेरिस अफेयर और अवैध संबंध बनाने के लिए अच्छा है, लेकिन पत्नी ढूंढनी हो तो स्कैंडिनेवियाई (नार्वे, स्वीडन और डेनमार्क) महिलाएं ज्यादा अच्छी और वफादार पत्नी होती हैं। इस पर मेटे-मारिट ने जवाब दिया कि मुझे अभी भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि आप सच में पत्नी की तलाश कर रहे हैं। मेटे-मारिट का जन्म नार्वे में हुआ था। यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं। एक ईमेल में मेटे ने एपस्टीन से पूछा था कि क्या अपने 15 साल के बेटे के वालपेपर के लिए दो न्यूड लड़कियों की फोटो (सर्फबोर्ड के साथ) लगाना ठीक रहेगा? एक अन्य ईमेल में उन्होंने एपस्टीन को आकर्षक बताया था। नार्वे के मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, निजी ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन से कहा था तुम्हारी बातें मुझे गुदगुदाती हैं। कुछ ईमेल में उन्होंने उन्हें 'साफ्ट हार्टेड' और 'स्वीटहार्ट' भी लिखा। दोनों की दोस्ती सामने आने के बाद शनिवार को मेटे-मारिट ने एपस्टीन से अपने संबंधों को लेकर माफी मांगी। फाइलों में कई ईमेल दिखाते हैं कि दोनों काफी करीबी थे। एक ईमेल के जरिए पता चला कि जब मेटे-मारिट बीमार थीं, तब एपस्टीन ने उनके लिए फूल भेजे थे। मेटे-मारिट ने फूलों के लिए शुक्रिया अदा किया और 'लव, डड (मेटे-मारिट)' के नाम से साइन किया। ईमेल में कई जगह मिलने की योजना का जिक्र था। दस्तावेजों से पता चलता है कि मेट-मारिट ने 2011 से 2013 के बीच ओस्लो, न्यूयार्क और कैरिबियन में एपस्टीन से तीन बार मुलाकात की और 2013 में फ्लोरिडा में उनके घर पर चार दिन रुकीं थीं। हालांकि, तब एपस्टीन वहां नहीं था। ये बातें एपस्टीन के 2008 में नाबालिग से वेश्यावृत्ति के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद की हैं। 2011 के एक ईमेल में मेटे-मारिट ने एपस्टीन को बताया कि उन्होंने एपस्टीन पर चल रहे मुकदमे को गूगल किया और कहा कि यह अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन उन्होंने संपर्क जारी रखा।



■ मेटे-मारिट का जन्म नार्वे में हुआ था, यानी वे खुद स्कैंडिनेवियाई महिला हैं

## इटली के पूर्व पीएम बोलेः ग्लोबल ऑर्डर मर चुका

**ब्रसेल्स।** इटली के पूर्व पीएम मारियो द्रागी ने दावा किया है कि ग्लोबल आर्डर मर चुका है। उन्होंने यह बयान बेल्जियम की ल्यूवेन यूनिवर्सिटी में सोमवार को आयोजित एक समारोह में दिया। द्रागी ने कहा कि जो लोग ये चेतावनी दे रहे हैं कि मौजूदा ग्लोबल इकोनामिक आर्डर टूट रहा है, वे सही हैं।

द्रागी यह भी कहा कि असली खतरा इसके टूटने से नहीं है, बल्कि इस बात से है कि इसकी जगह क्या लेगा। उन्होंने कहा कि यूरोप को एक ऐसे अमेरिका का सामना करना पड़ रहा है जो ये कहता है कि उसने बहुत ज्यादा कीमत चुकाई है, लेकिन ये नहीं देखता कि उसे कितने फायदे मिले हैं। वहीं चीन पर आरोप लगाया कि वो ग्लोबल सप्लाई चेन के अहम हिस्सों को अपने कंट्रोल में रखता है। इस ताकत का इस्तेमाल बाजारों में सस्ता माल डंप करने, जरूरी चीजों की सप्लाई रोकने और अपनी आर्थिक गड़बड़ियों का बोझ दूसरों पर डालने के लिए करता है। मारियो द्रागी ने कहा कि दुनिया में अपनी ताकत बढ़ानी है, तो यूरोपीय यूनियन के देशों को एकजुट होने से डरना नहीं चाहिए। द्रागी ने चेतावनी दी कि ऐसे हालात में यूरोप को खतरा है कि वह कमजोर पड़ सकता है, अंदर से बंट सकता है और उसकी इंडस्ट्री सिस्टम भी कमजोर हो सकती है।

■ अमेरिका फायदे नजरअंदाज कर अपने खर्च गिनाता है और चीन सस्ता माल डंप करता है

# रूस ने यूक्रेन पर 70 मिसाइलों, 450 ड्रोन से बरपाया कहर

## हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं।

अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है। इस हमले में दस लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। उन्होंने अपने सहयोगियों से और ज्यादा सुरक्षा उपकरण भेजने और रूस पर दबाव बनाने की अपील की है, ताकि इस युद्ध को खत्म किया जा सके। अबू धाबी में बुधवार और गुरुवार को बातचीत होनी है। हालांकि ट्रम्प प्रशासन जमीन के कब्जे जैसे बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल कोई बड़ा समझौता मुश्किल लग रहा है। यूक्रेन की सबसे बड़ी बिजली कंपनी डीटीईके ने बताया कि हमले में उनके पावर प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने कहा कि राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई थी। रूस ने खारकीव और ओडिसा जैसे इलाकों को भी निशाना बनाया है, जहां लोगों के घायल होने की खबर है। यूक्रेन की संस्कृति मंत्री टेटियाना बेरेजना ने बताया कि कीव में एक ऐतिहासिक संग्रहालय को भी नुकसान पहुंचा है।



■ अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है

## वन्यजीव संरक्षण के लिए चीन ने तैयार की नई आद्रभूमि संरक्षण व्यवस्था

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग ने अपने तालाब और दलदल स्थलों की सुरक्षा के लिए एक बहु-स्तरित संरक्षण व्यवस्था तैयार की है, जिससे उसकी वन्यजीव आबादी को प्रमुख आवास मिलेगा। बीजिंग नगर पालिका वानिकी और उद्यान ब्यूरो ने सोमवार को बताया कि यह नई व्यवस्था उसके 83.15 प्रतिशत तालाबों और दलदलों को संरक्षित करती है। ब्यूरो के अनुसार, यह नई व्यवस्था वन्यजीव विविधता संरक्षण और दूसरे इकोलॉजिकल प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए बीजिंग के प्राकृतिक रिजर्व, आद्रभूमि पार्क और दूसरे छोटे संरक्षित आद्रभूमि इलाकों का इस्तेमाल करता है। पिछले पांच वर्षों में बीजिंग ने आद्रभूमि संरक्षण को बेहतर बनाने का काम जारी रखा गया है।

